धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
13.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 240



12 बिहार विस चुनाव को लेकर भाजपा एक्शन में

रोजा का समय
सेहरी (14.03.2025): 04.37 बजे
इफ्तार (13.03.2025): 05.58 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## न्यूज डायरी

### उप राष्ट्रपति धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गयी है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है।

### कल और 15 मार्च को बंद रहेगा रिम्स का ओपीडी

**रांची।** रिम्स का ओपीडी 14 और 15 को बंद रहेगा। रिम्स प्रशासन ने एक सूचना जारी कर यह जानकारी दी है। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी सेवा, फोरेंसिक मेडिसिन, रेडियोलॉजी विभाग वऔर पाकशाला अन्य दिनों की तरह की खुले रहेंगे। होली को लेकर 14 मार्च को छुट्टी घोषित है, इसलिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी जबकि 15 मार्च को भी ओपीडी सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया है। दोनों दिन ओपीडी के अलावा रिम्स प्रशासनिक कार्यालय, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, जीव रासायन विभाग, एमआरडी और सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग भी बंद रहेगा।

### फरवरी में खुदरा महंगाई में आयी नरमी

**नयी दिल्ली।** खाने पीने की वस्तुओं विशेषकर सब्जियों, दलहन और उसके उत्पादों, अंडों, मांस एवं मछली और मसालों की कीमतों में आयी नरमी के बल पर इस वर्ष फरवरी में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 3.71 प्रतिशत पर आ गयी जो भारतीय रिजर्व बैंक के महंगाई को चार प्रतिशत के लक्षित दायरे में रखने के भीतर है। इस वर्ष जनवरी में खुदरा महंगाई 4.26 प्रतिशत और फरवरी 2024 में 5.09 प्रतिशत रही थी। मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2024 की तुलना में फरवरी, 2025 के महीने के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर 3.61 प्रतिशत रही है। अदरक, जीरा, टमाटर, फूलगोभी, और लहसुन की कीमतों में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। इससे आम लोगों को राहत मिली है। जानकारी के अनुसार महंगाई दर आने वाले महीनों में और घट सकती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने 166 नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार नियुक्तियां जल्द : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



■ 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 38 चिकित्सा पदाधिकारी, 11 दंत चिकित्सक और 57 ओटी टेक्निशियन की नियुक्ति हुई।

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच 'स्वस्थ झारखंड सुखी झारखंड' को पूरा करने का प्रयास स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। बहुत जल्द राज्य के अलग-अलग जगहों में 5 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना होगी। झारखंड में डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। वे बुधवार को नामकुम स्थित आइपीएच सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकत्सक और ओटी टेक्निशियन के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार से अधिक बहाली की जायेगी। रिटायर्ड डॉक्टर्स से भी सेवायें ली जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त चिकत्सकों को बधाई दी साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है।

**मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी होगी शुरू :** मंत्री ने बताया कि बहुत जल्द मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी शुरू होगी। रिटायर्ड डॉक्टरों की भी सेवाएं ली जायेंगी। कॉलेज में पढ़ने के बाद तीन साल काम करना अनिवार्य होगा। कई मेडिकल कॉलेज और डॉक्टर की सीटें बढ़ायी जायेंगी। 108 एंबुलेंस की संख्या में वृद्धि की जायेगी और बाइक एंबुलेंस की व्यवस्था भी की जायेगी। हर जिले में हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की सेवा शुरू की जायेगी।

**समाज को दिशा देने में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण :** डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। अब आप जानता के बीच जाकर अपनी सेवाएं देंगे। अपनी क्षमता से समाज को एक खूबसूरत दिशा देने का प्रयास करेंगे। आपकी पोस्टिंग विभिन्न अस्पतालों में होगी। आपका प्रयास होना चाहिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले। चिकित्सक मरीजों की जान बचाने का काम करते हैं, इसलिए हमें उनका मनोबल भी बढ़ाने का काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं आपके साथ हूं। हमलोग कदम से कदम मिला कर चलेंगे और झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत आगे तक लेकर जायेंगे।

## हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल ने 31 प्रस्तावों पर दी स्वीकृति

# खनिजों पर सेस बढ़ा, आंधी तूफान और लू आपदा घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने बुधवार को 31 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की। राज्य सरकार ने खनिजों पर सेस बढ़ाने का फैसला लिया। पावर सेक्टर को भेजे जाने वाले कोयले पर रॉयल्टी के नियम में सुधार किया गया है। इसके तहत कोयला खनिज के विक्रय मूल्य का 14 प्रतिशत रॉयल्टी मद में राज्य सरकार को मिलेगा। कोयला खनिज पर रॉयल्टी की वसूली खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा की जायेगी। वहीं सिकनी कोलियरी में 137 एकड़ खनिज पट्टा को विस्तार दिया गया। इसमें जेएसएमडीसी के 410.75 एकड़ में 133.47 एकड़ में खनिज खनन पट्टा को अवधि विस्तार मिला है।

वहीं झारखंड सरकार ने आंधी तूफान और लू को राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा घोषित किया है। इस निर्णय के अनुसार इन आपदाओं के कारण जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मापदंड के अनुसार सहायता राशि प्रदान की जायेगी। इसके अलावा दुधारू पशुओं, गैर दुधारू पशुओं और ढुलाई के लिए उपयोग किये जाने वाले पशुओं की भरपाई के लिए भी सहायता राशि दी जायेगी।

### सिपाही बहाली में अब 10 किमी दौड़ नहीं

सिपाही, उत्पाद सिपाही, कक्षपाल और होमगार्ड की नियुक्ति नियमावली में संशोधन करते हुए शारीरिक मापदंड में भी बदलाव किया गया है। इसके तहत पुरुष अभ्यर्थियों के लिए छह मिनट में 1600 मीटर और महिलाओं के लिए 10 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ तय की गयी है। पहले पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ तय थी, जो अभ्यर्थियों के बीमार पड़ने के कारण काफी विवादों में रही थी।

बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में तांबे की बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित होगी। इस पर 25 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।

एकीकृत बिहार के पंचायत निगम लिमिटेड के 26 कर्मियों का भुगतान 2006 से 15 नवंबर 2011 तक का किया जायेगा। इस पर 38 लाख रुपये का व्यय होगा।

पीजीटी और एससी एसटी के आश्रम विद्यालय, पीवीजीटी के प्राथमिक विद्यालय सहित 13 आवासीय विद्यालय एनजीओ से संचालित करने के लिए अवधि घटाने की स्वीकृति दी गयी।

जनवितरण प्रणाली की दुकानों में फोर जी ई-पॉश मशीन के लिए मेसर्स लिंकवेयर और इंट्रिग्रा को अगामी आठ महीने तक सर्पोट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।

मेडिकल कॉलेज में पीजी पाठ्यक्रम पूर्ण होने के बाद 3 वर्ष की सेवा देने के नियम में बदलाव किया गया। यदि कोई मेडिकल छात्र तीन वर्ष की सेवा नहीं देना चाहता है, तो उन्हें 30 लाख रुपये और छात्रवृत्ति एवं अन्य भत्ते के रूप में प्राप्त सभी राशि एकमुश्त वापस करनी होगी।

पीजी उत्तीर्ण होने के बाद राज्य सरकार में एक वर्ष की सेवा देने के बाद यदि कोई छात्र-छात्रा राज्य सरकार को सेवा नहीं देना चाहते हैं, तो उन्हें तीन वर्षों में सेवा योग्य बचे महीने की संख्या के अनुसार 1,25,000 रुपये का भुगतान करना होगा। इसमें छात्रवृत्ति के रूप में की गयी भुगतान राशि भी शामिल है।

## झारखंड में कानूनी-संतुलन को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

# पुलिस सुनिश्चित करे, त्योहारों में विधि-व्यवस्था न बिगड़े : सीएम

*राज्यवासियों को होली, सरहुल, ईद और रामनवमी की बधाई। उत्साह और सावधानी के साथ त्योहार मनायें : मुख्यमंत्री*

■ सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति के साथ नियमित बैठक कर समन्वय बनाने का प्रयास करने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती का निर्देश।



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में विधि-व्यवस्था को लेकर उठे सवालों के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में बुधवार को राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने आगामी त्योहारों में पूरे राज्य में विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अधिकारियों को ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। होली, ईद, सरहुल और रामनवमी को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था न बिगड़े। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे, जबकि सभी जिलों के डीसी-एसपी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े रहे।

बैठक के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडियाकर्मियों से कहा कि इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि पूरे राज्य में किसी भी परिस्थिति में कानून व्यवस्था न बिगड़े।

### मुख्यमंत्री के निर्देश

- त्योहार के दौरान शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।
- दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए।
- जुलूस के मार्गों पर पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ ड्रोन और हवाई निगरानी की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस के दौरान क्यूआरटीएस आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें और संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना बनाकर सतर्कता बरती जाए।

# झारखंड में 14 से 'लू' की चेतावनी, बरतें सावधानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में मार्च महीने से ही 'लू' चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अलर्ट जारी किया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 14 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा 15 और 16 मार्च को दक्षिण-पूर्वी भागों तथा उत्तर-पश्चिम के पलामू तथा गढ़वा में लू चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हान प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका है।

मौसम वैज्ञानिक ने लू को लेकर विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि उपर्युक्त जिलों में लोग दोपहर में निकलने से बचें।

### क्या है लू की वजह



लू जैसी स्थिति देश के पश्चिमी भाग से आने वाली गर्म हवाओं के साथ एंटी साइक्लोन के प्रभावी होने की वजह से पैदा हुई है। विभाग का कहना है कि उपर्युक्त जिलों में तापमान बढ़कर 40 डिग्री हो सकता है। वहीं राज्य के अन्य जिलों में आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। रांची और आसपास में तापमान बढ़कर 37-38 डिग्री होने की आशंका है, जिसमें कोल्हान के जिले शामिल हैं।

### आइआइटी-आइएसएम धनबाद क्यूएस रैंकिंग में भारत में नंबर-वन



**धनबाद।** झारखंड के एकमात्र आइआईटी कॉलेज (भारतीय खनन विद्यालय आईएसएम) ने क्यूएस रैंकिंग में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है, जबकि विश्व में 20वां स्थान मिला है। इस कॉलेज को विषयवार रैंकिंग और व्यापक संकाय क्षेत्रों में विश्व स्तर पर 20वां स्थान मिला है। बुधवार को घोषित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 15वें संस्करण के अनुसार, भारत ने विषयवार रैंकिंग और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में 12 स्थान हासिल किये हैं। आइएसएम धनबाद, आइआइटी खड़गपुर और आइआइटी मुंबई खनिज और खनन इंजीनियरिंग विषय के लिए दुनिया के शीर्ष 50 संस्थानों में शामिल हैं।

# कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर के बाद गिरोह के तीन शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद अब उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में रांची पुलिस ने अमन साहू गैंग के तीन प्रमुख शूटरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय सिंह, समीर बागची उर्फ कल्लू बंगाली और वसीम अंसारी शामिल है। गिरफ्तार तीनों आरोपी एनकाउंटर में मारे गए अमन साहू के काफी करीबी हैं और राजधानी रांची सहित कोयला क्षेत्र पर मृतक गैंगस्टर अमन साहू के इशारे पर आतंक मचाया करते थे। वहीं रांची पुलिस कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा पर हुई फायरिंग में इन लोगों के शामिल होने की भी जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि रांची के सीनियर एसपी सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर अमन गैंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अजय सिंह, समीर और वसीम को गिरफ्तार किया गया है।

**वांटेड थे तीनों आरोपी :** रांची पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अजय सिंह पर रांची के विभिन्न जगहों पर 14 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। अजय रांची के सिकिदरी इलाके का रहने वाला है, जबकि समीर कुमार बख्शी उर्फ कल्लू बंगाली पर रांची के विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। समीर रांची के रातू इलाके का रहने वाला है और आखिरी आरोपी वसीम अंसारी के खिलाफ रांची के विभिन्न थानों में 4 कांड दर्ज हैं। वसीम रांची के मांडर इलाके का रहने वाला है।

इधर रांची पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अमन गैंग के तीनों अपराधी 7 मार्च को रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की वारदात में शामिल थे या नहीं, इसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस एनकाउंटर में ढेर अमन साहू की जेब से बरामद मोबाइल नंबर किसका? जांच शुरू...

रांची/पलामू। एटीएस के साथ हुए एनकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमन साहू की पॉकेट से एक मोबाइल नंबर बरामद हुआ है। अमन साहू ने कागज में एक नाम और उसके बाद दलाल लिख कर मोबाइल नंबर को अपने पॉकेट में रखा हुआ था, जबकि उसकी जेब में हजारों रुपए कैश मिले हैं। पुलिस बरामद मोबाइल नंबर का सत्यापन कर रही है कि अमन साहू ने किसका मोबाइल नंबर लिखकर अपनी जेब में रखा था।

दरअसल, अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर सेंट्रल जेल से एटीएस की टीम झारखंड के होटवार जेल पूछताछ के लिए लेकर आ रही थी। इसी क्रम में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढा में एटीएस की टीम पर हमला हुआ था। इस हमले में अमन साहू एक जवान के राइफल को छीनकर भाग रहा था। इसी दौरान एनकाउंटर में वह मारा गया।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 102000 रु./प्रति किलो |





## पलाश, लाह और महुआ की अदभुत् धरा है पलामू, महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

# पलाश से बने हर्बल गुलाल की दुनिया भर में पहचान

**सत्येंद्र मिश्रा**



**मेदिनीनगर।** पलामू मतलब पलाश लाह और महुआ की अद्भुत धरा। पिछले कई वर्षों से पलामू के पलाश से बना हर्बल गुलाल की पलामू व झारखंड ही नहीं बल्कि देश के कई हिस्सों और विदेशों में भी मांग है। जिले के तत्कालीन उपायुक्त अमित कुमार ने पलामू के पलाश से हर्बल-गुलाल बनाने को लेकर विशेष अभियान चलाया था।

**पलामू के कई इलाकों में बन रहे हर्बल गुलाल :** महिला स्वयं सहायता समूह से लेकर जेएसएलपीएस के माध्यम से जिले के लेस्लीगंज स्थित कुंदरी लाह बगान चैनपुर समेत कई प्रखंड में बड़े पैमाने पर हर्बल गुलाल तैयार किया गया। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया। नतीजा देखते-देखते बाजार में हर्बल गुलाल ने धूम मचा दी। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने भी हर्बल गुलाल की अधिकतम उपलब्धता को लेकर सार्थक पहल की।

**आय का स्रोत और पर्यावरण के अनुकूल भी :** हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल है। इस पहल को राज्य सरकार का समर्थन हासिल है, जिसका उद्देश्य वनस्पति वृक्षों का संरक्षण करना और स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से पलाश के फूल एकत्र करती हैं, जिन्हें बाद में हर्बल गुलाल में प्रोसेस किया जाता है। इससे न केवल क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता का संरक्षण होता है, बल्कि स्थानीय आबादी की आय का स्रोत भी है। हर्बल गुलाल प्राकृतिक सामग्री जैसे पलाश के फूल, कॉर्न स्टार्च पाउडर और आवश्यक तेलों से बनाया जाता है। यह हानिकारक रसायनों से मुक्त है। इस पहल ने स्थायी प्रथाओं और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बल दिया है। पलामू में हर्बल गुलाल की कहानी स्थायी आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और समुदाय सशक्तिकरण के लिए नवीन पहलों की संभावनाओं को उजागर करती है।


### सरकार ने दिया प्लेटफार्म

झारखंड सरकार ने हर्बल गुलाल की बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म दिया है। पलाश ब्रांड के तहत महिलाएं हर्बल गुलाल बना रहीं हैं। राजधानी रांची समेत कई जिलों में भी पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल का शुभारंभ किया गया है।

### शुद्ध, प्राकृतिक व सुरक्षित

हर्बल गुलाल प्राकृतिक और पूरी तरह सुरक्षित है। पलामू मे सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रहीं है, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता। इसमें रसायन का इस्तेमाल नहीं होता।

### मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान



मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया। पीएम मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को किया जा रहा है मजबूत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य को बहुत जल्द कई मेडिकल कॉलेज भी देने जा रहे हैं। साथ ही साथ मेडिकल सीटें भी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। हर पंचायत में हेल्थ कॉटेज बनाने की व्यवस्था करने जा रहे हैं। एआई टेक्नोलॉजी के तहत इलाज की व्यवस्था की जायेगी। जल्द ही रोबोटिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से इलाज की व्यवस्था की जाएगी। 108 एम्बुलेंस का विस्तार करने जा रहे हैं। साथ ही रिमोट एरिया में बाइक एम्बुलेंस की व्यवस्था करने जा रहे हैं।

**एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हजारों लोगों की बचाई गई जान :** डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के प्रयास से झारखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य में आम लोगों के लिए एयर एम्बुलेंस की सेवा शुरू की गई थी। इस सुविधा के माध्यम से हजारों लोगों की जान बचाने का काम किया गया। इसी के तर्ज पर प्रत्येक जिले में हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस सेवा देने पर विचार किया जा रहा है।

**सरकार के साथ अन्य सेक्टर भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में करें काम :** राज्य में स्थापित बड़ी कंपनियों को सीएसआर फण्ड के माध्यम से भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स को मरीजों की मौत पर उनके बकाए बिल को माफ करने का भी निर्देश दिया गया है ताकि मरीज के परिजनों को उनके दुख की घड़ी में परेशान ना होना पड़े। इसका सख्त पालन करने का निर्देश उन्होंने दिया है।

**मरीजों का बेहतर तरीके से करें इलाज :** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने नवनियुक्त चिकित्सकों को बधाई दी। कहा कि अब आप लोग जीवन के दूसरे पड़व में कदम रख रहे हैं। पढ़ाई खत्म कर अब प्रोफेशनल बनने जा रहे हैं। चिकित्सक होने के नाते आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। अब लोग आपकी तरफ आशा भरी नजरों से देखेंगे। अब आपके पास जो भी मरीज इलाज कराने आयें आप उसका बेहतर तरीके से इलाज करेंगे ताकि उन्हें संतुष्टि मिले। इस अवसर पर अभियान निदेशक अबु इमरान सहित स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

## होली पर 14 और 15 मार्च को कोरियर सेवाएं बंद रहेंगी

**रांची।** झारखंड कोरियर एसोशिएसन के पदाधिकारियों की एक बैठक एसोशिएसन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से होली के अवसर पर अवकाश की चर्चा की गई। बैठक का संचालन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार होली के अवसर पर सभी कोरियर कंपनियां 14 मार्च (शुक्रवार) और 15 मार्च (शनिवार) को बंद रहेंगी। इसके अगले दिन 16 मार्च को रविवार की साप्ताहिक बंदी है। इसके पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन के दिन कोरियर के कार्यालय समय से पूर्व जल्दी ही बंद हो जाएंगे और काम प्रभावित रहेगा। इस प्रकार होली पर कोरियर सेवाएं लगातार चार दिनों तक प्रभावित होंगी। बैठक में अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने कहा कि सभी झारखंड वासियों और रांची वासियों को होली की शुभकामनाएं दी तथा सौहार्दपूर्वक सभी मिलजुल कर होली का पर्व मनाएं और खुशियां मनाएं। बैठक में प्रेम मित्तल, प्रदीप राजगढ़िया, दीपक कुमार पंकज, सुरेश शर्मा, बसंत मुरारका, गंगेश ठाकुर, राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

# मतदाता पहचान पत्र से जुड़े लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निपटारा : के रवि कुमार

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों और निर्वाचन कार्यालय के डाटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में के. रवि कुमार ने मतदाता पहचान पत्र से जुड़े लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। ताकि किसी भी मतदाता को पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) में कोई समस्या न हो। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल थे।

**मतदाता सूची में सुधार और जीरो एरर का लक्ष्य**

के. रवि कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया में 'शून्य त्रुटि' का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले चुनावों में मतदाता सूची बनाने और पंजीकरण करने की प्रक्रिया बेहतर रही है, जिसे आगे भी उसी सक्रियता से जारी रखा जाना चाहिये।

**एनजीएसपी पोर्टल पर शिकायतें न रहें लंबित**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एनजीएसपी पोर्टल पर कोई भी शिकायत लंबित न रहे। सभी शिकायतों का समयबद्ध निपटारा किया जाये और संबंधित मतदाताओं को इसकी सूचना दी जाये।

# सीपीएम की 24वीं पार्टी कांग्रेस 2 से 6 अप्रैल तक मदुरै में

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रीय सेमिनार में होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की अखिल भारतीय 24वीं पार्टी कांग्रेस का आयोजन 2 से 6 अप्रैल तक तमिलनाडु के मदुरै शहर में किया जाएगा। इस महासभा में देशभर से सीपीएम के 10 लाख से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे, जिन्होंने पिछले छह महीनों में प्राथमिक, लोकल, जिला और राज्य स्तर पर सम्मेलनों के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया है। झारखंड से भी 10 प्रतिनिधियों का चयन किया गया है, जो इस पार्टी कांग्रेस में हिस्सा लेंगे।

**राष्ट्रीय सेमिनार में विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल :** इस अवसर पर केंद्र-राज्य संबंधों और देश के संघीय ढांचे पर भाजपा सरकार के हमलों के खिलाफ 3 अप्रैल को एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सहित कई गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने स्वयं हेमंत सोरेन को फोन कर इस राष्ट्रीय सेमिनार में शामिल होने का अनुरोध किया है। इसके अलावा सीपीएम नेता प्रकाश करात ने भी हेमंत सोरेन को औपचारिक आमंत्रण पत्र भेजा है।

**राजनीतिक प्रस्तावों पर देशभर में हो रहा मंथन :** पार्टी कांग्रेस के लिए सीपीएम की केंद्रीय कमेटी ने राजनीतिक प्रस्ताव का मसौदा पारित किया है, जिस पर पूरे देश में वामपंथी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच विचार-विमर्श चल रहा है। पार्टी की सभी इकाइयों में राजनीतिक प्रस्ताव और समीक्षा रिपोर्ट पर गहन चर्चा की जा रही है। इसकी जानकारी पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने दी है।

# नई दिल्ली में आयोजित साहित्योत्सव में लहराया नागपुरी का परचम

**डॉ बीरेंद्र महतो ने कहा : नागपुरी स्वतंत्र व समृद्ध भाषा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नागपुरी भाषा झारखंड की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा है। इस भाषा की मधुरता व सरलता के चलते भाषाविदों ने इसे बांसुरी की भाषा, गीतों की रानी व मांदर की भाषा कह कर सुशोभित किया है। ये बातें जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय रांची विवि में नागपुरी विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने नई दिल्ली रवींद्र भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम साहित्योत्सव 2025 में कही। साहित्य अकादमी की ओर से 7 मार्च से 12 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में डॉ बीरेंद्र झारखंड से नागपुरी भाषा का झारखंड राज्य से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# धरना पर बैठे दिव्यांगों ने धरना स्थल पर ही मनाया होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के दिव्यांग सदस्यों ने अनिश्चित कालीन धरने के क्रम में राज भवन जाकिर हुसैन पार्क के बगल में होली मिलन समारोह मनाकर सभी को संदेश दिया। दिव्यांगजनों ने कहा दिव्यांगजन जागरूक भी हैं, अपने अधिकारों के लिए लड़ना भी जानते हैं, अधिकारों के लिए हर सम्भव प्रयास करना भी जानते हैं, आज मंईयां को सम्मान मिल रहा है, वहीं दूसरे तरफ कुछ दिव्यांग अपने अधिकारों के लिए 220 दिनों से धरना पर हैं, सभी त्यौहार पर धरना पर बैठे हैं।

एक तरफ सम्मान दूसरे तरफ दिव्यांग का अपमान, मंईयां के खाते में 7500 रुपए आए पर लाचार मजबूर असहाय गरीब, दिव्यांग वृद्धा विधवा की सुध लेने वाला कोई नहीं जिनका पेंशन 5 महीने से नहीं आया, सभी दिव्यांगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगा कर धरना पर ही दिव्यांग होली मिलन समारोह मनाया और होली भी धरना स्थल रांची राज भवन के समक्ष ही मनाएंगे।

इस कार्यक्रम में सम्मिलित सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान, कोषाध्यक्ष जिन्हां महतो, संजय कुशवाहा, रीना कुमारी महतो, साजिदा खातून, मुकेश कंचन, शमशेर आलम राही, जाहिद, भगन ठाकुर, एहतेशाम परवीन, सरदार मियां, राजू कुमार, विद्यानंद चौहान, गुरफान खान, अन्य शामिल थे।

# आश्रम में साधु समेत दो की हत्या के मुख्य आरोपी ने पुलिस से पिस्टल छीनने का किया प्रयास, लगी गोली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** चान्हो में हुए डबल मर्डर का एक आरोपी प्रिंस थानेदार का पिस्टल छीन कर फरार होने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान उसे रांची पुलिस की गोली लगी है।

### क्या है पूरा मामला

रांची के चान्हो थाना क्षेत्र में स्थित एक आश्रम में हुई गोलीबारी में दोहरे हत्या मामले में फरार चल रहे अपराधी प्रिंस की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल प्रिंस चान्हो इलाके में ही पनाह लिए हुए है। मिली सूचना के आधार पर जब पुलिस की टीम प्रिंस को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची तब उसने चान्हो थाना प्रभारी का पिस्तौल छीन कर फरार होने की कोशिश की। इसी दौरान पिस्तौल से चली एक गोली उसके पैर में जा लगी। गोली लगने के बाद प्रिंस को पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अपराधी प्रिंस ने पुलिस का पिस्तौल छीन कर पुलिस पर ही फायरिंग करने की कोशिश की थी, लेकिन उसका यह प्रयास सफल नहीं रहा। इसके तुरंत बाद प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### साधु सहित दो की हुई थी हत्या

गौरतलब है कि रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंदशीला आश्रम में हुए डबल मर्डर केस में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया था। आनंदशीला आश्रम में बुधवार की देर रात आश्रम एक साधु सहित दो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंदशीला आश्रम के साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव की गोली मार हत्या कर दी गई थी। कांड में शामिल चार अपराधी जितेंद्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि प्रिंस फरार था।

### अस्पताल में भर्ती कराया गया

रांची पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार फरार चल रहे प्रिंस को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है उसका इलाज चल रहा है। मामले में फरार चल रहे हैं छठे अपराधी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# त्रिकुट रोपवे दुर्घटना के मामले में हाईकोर्ट ने याचिका निष्पादित कर दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देवघर के त्रिकुट रोपवे दुर्घटना में तीन लोगों की मौत को लेकर जनहित याचिका को बुधवार को हाईकोर्ट ने निष्पादित कर दी। सरकार का पक्ष सुनने के बाद चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने याचिका निष्पादित की। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया था।

एसआईटी ने विशेषज्ञों की टीम से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के आलोक में रोपवे संचालित करने वाले कंपनी को काली सूची में डाल दिया गया। मृतकों के परिजन को मुआवजा दे दिया गया है। इसके बाद अदालत ने याचिका निष्पादित कर दी।

पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे हादसा की जांच चल रही है, जिसमें रोपवे संचालित करने वाली कंपनी को दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जिम्मेदारी तय की जा रही है। इस हादसे को लेकर एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। त्रिकुट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाले दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। उनसे पूछा गया था कि क्यों नहीं उनको काली सूची में डाल दिया जाए। बता दें कि त्रिकुट पर्वत पर रोपवे में अप्रैल 2022 में दुर्घटना हुई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गयी थी। इस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## अप्रैल से नहीं होगी मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई , हाईकोर्ट ने जारी की सूचना

**रांची।** इस वर्ष जिला अदालतों में सुनवाई का समय नहीं बदलेगा। दरअसल हर वर्ष रांची सिविल कोर्ट समेत झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई होती थी, लेकिन अब झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में ही सुनवाई जारी रखने की सूचना जारी कर दी है। डे-कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चलती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

## मनी लाॉउड्रिंग के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) घोटाले की राशि से बना कोयला कारोबारी धनबाद निवासी प्रमोद सिंह को वर्तमान में जेल में रहना पड़ेगा। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी है। अदालत ने 11 मार्च को याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने उसको उक्त आरोप में 19 फरवरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह जेल में ही है। 13 साल पुराने घोटाले में प्रमोद सिंह की पत्नी प्रिया सिंह भी आरोपी है। उसने 28 फरवरी को जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। प्रमोद सिंह एनआरएचएम में अनुबंध पर लेखा प्रबंधक था। 7 करोड़ रुपये के घोटाले में प्रमोद सिंह की ही मुख्य भूमिका थी।

## समरीलाल की अवमानना याचिका निष्पादित

**रांची।** कांके के पूर्व विधायक समरी लाल की अवमानना याचिका बुधवार को हाईकोर्ट ने निष्पादित कर दी। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद अवमानना का मामला रद्द कर दिया। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि समरी लाल के मामले में हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश की अवहेलना नहीं की गई है। समरी लाल के खिलाफ हाईकोर्ट में चली चुनाव याचिका खारिज हो चुकी है, जिसमें उनकी जाति से संबंधित मामला था। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष देखते हुए अवमानना याचिका को निष्पादित कर दिया।

## दो आरोपियों की एबीपी खारिज

**रांची।** जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के आरोपी डॉ स्मरिता कुमारी एवं बिजय प्रसाद सिंह की अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 3 मार्च को सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। दोनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 27 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 31 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

## गैंगस्टर अमन साहू के भाई की जमानत पर एनआईए कोर्ट में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव के भाई आकाश साहू की अपने भाई के क्रियाकर्म में शामिल होने वाली औपबंधिक जमानत याचिका पर बुधवार को एनआईए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसएसपी के द्वारा रिपोर्ट दायर नहीं किए जाने के कारण आगे की सुनवाई 17 मार्च तक के लिए टल गई। भाई के क्रियाकर्म में शामिल होने के लिये उसने 13 दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की है। मंगलवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने एनकाउंटर पर एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। आकाश साहू वर्तमान में एनआईए कांड संख्या 1/2021 से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। एनआईए ने उसे अमन साहू मामले में संलिप्त होने के आधार पर 6 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था। साथ ही, एनआईए उसको पुलिस रिमांड पर लेकर दो बार पूछताछ कर चुकी है। उस पर टेरर फंडिंग के पैसे से फॉर्च्यूनर कार खरीदने का आरोप है। मालूम हो कि कोर्ट के आदेश पर पेशी के लिये रायपुर से रांची लाया जा रहा अमन साव को पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र में एनकाउंटर कर ढेर कर दिया गया।

### अमन साहू एनकाउंटर की पूरी कहानी, क्या है पुलिस की एफआईआर में

# गैंगस्टर को मारने में 38 गोलियां हो गई खत्म



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पलामू।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर मामले में पलामू के चैनपुर थाना में 21 अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी है। मंगलवार को एटीएस की टीम छत्तीसगढ़ के रायपुर से गैंगस्टर अमन साहू को लेकर रांची के होटवार जेल जा रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के अपराधियों ने हमला किया और अमन साहू को छुड़ाने की कोशिश की, उसी दौरान अमन साहू मारा गया था। पूरे मामले में एटीएस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर पलामू के चैनपुर थाना में कांड संख्या 40/25 दर्ज किया गया है।

अमन साहू एनकाउंटर मामले में एटीएस को 38 राउंड गोली खर्च करनी पड़ीं, जबकि उनका एक जवान भी जख्मी हुआ है। जख्मी जवान की हालत खतरे से बाहर है और उसका इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। जख्मी जवान को देखने के लिए पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन और एटीएस एसपी ऋषभ झा एमएमसीएच पहुंचे थे। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि की है।

### एनकाउंटर की क्या है कहानी !

एटीएस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने चैनपुर थाना में एक आवेदन दिया है और बताया है कि अभियुक्त अमन साहू को होटवार जेल शिफ्ट करने का आदेश मिला था। इसी क्रम में 9 मार्च को सुबह 11:00 बजे रांची धुर्वा कैंप से रायपुर के लिए निकले थे। 10 मार्च को रात 8:30 बजे रायपुर सेंट्रल जेल के द्वारा अमन साहू को हस्तगत किया गया था।

अमन साहू को स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाया गया था और दो गाड़ी आगे पीछे स्कॉट कर रही थी। पूरी टीम ने उस रात रायपुर, अंबिकापुर, रामानुजगंज, रमकंडा के रास्ते होते हुए रांची के लिए प्रस्थान किया था। 11 मार्च को पूरी टीम पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के पास पहुंचे ही थे कि पूरब दिशा से 6-7 की संख्या में अज्ञात अपराधियों के द्वारा भारी बमबारी एवं ताबड़तोड़ फायरिंग होने लगी थी। हमलावर हथियार छीनना और सभी की जान मारने की नियत रखते थे।

### एटीएस के जवानों ने अमन साहू के बचाव के साथ की थी फायरिंग

पूरब दिशा से फायरिंग होने के बाद जवानों ने अमन साहू को बचाते हुए गाड़ी को पश्चिम दिशा में उतारा और जवाबी फायरिंग भी करने लगे। इस दौरान एटीएस के जवान चिल्ला कर अपना परिचय भी दे रहे थे, लेकिन हमला जारी था। इसी बीच परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए अमन साहू एटीएस के जवान विजय कुमार का इंसास राइफल लूटकर हमलावर साथियों की तरफ भाग निकला। पुलिस टीम द्वारा चेतावनी दिए जाने के बावजूद वह भागता रहा और मुड़कर फायरिंग करने लगा। इन सबके बीच अमन साहू के साथी फायरिंग एवं बमबारी करते रहे।

एटीएस इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने एफआईआर में लिखा है कि विपरीत परिस्थितियों में गाड़ी के नीचे से पोजीशन लेते हुए जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। एटीएस इंस्पेक्टर गाड़ी से 20 से 25 मीटर आगे स्कॉर्पियो में थे और चिल्ला कर जवानों का हौसला बढ़ा रहे थे। जवानों को विपरीत परिस्थितियों में देखते हुए उन्होंने साहस के साथ मिलकर मुंह तोड़ जवाबी कार्रवाई शुरू की।

## चचेरे भाई और जीजा ने रिसीव किया गैंगस्टर अमन साहू का शव



**रांची/पलामू।** एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का शव लेने परिजन बुधवार की देर शाम पलामू पहुंचे। जहां पलामू के चैनपुर थाना की पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। देर शाम अमन साहू के जीजा संतोष कुमार और चचेरा भाई कृष्णा साहू और अन्य ग्रामीण शव लेने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल पहुंचे। उसके जीजा संतोष कुमार और चचेरे भाई कृष्णा साहू ने बताया कि खबर के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली थी, जिसके बाद वे शव लेने पलामू पहुंचे हैं। पुलिस ने भी उन्हें सूचना दी थी कि अमन साहू एनकाउंटर में मारा गया है। अमन साहू रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला था।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ....



गणिनाथ सेवा संतन, जमशेदपुर एक प्रसिद्ध धार्मिक संस्था है जो विशेष रूप से समाज के कल्याण और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहती है। यह संस्था जमशेदपुर शहर में स्थित है और यहां पर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, सत्संग, तथा विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं। गणिनाथ सेवा संस्थान जमशेदपुर की स्थापना 24 अक्टूबर 1998 को हुई थी। गणिनाथ सेवा संतन की स्थापना समाज के धार्मिक और सामाजिक कल्याण के लिए की गयी थी। इसका उद्देश्य लोगों को धर्म, शांति और एकता की ओर प्रेरित करना है।

# नवरात्रि और रामनवमी के दौरान मानगो फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य स्थगित रखे प्रशासन : अखाड़ा समिति

- केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन
- विभिन्न अखाड़ा समिति के समस्याओं पर समाधान की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



डीसी मांग पत्र को पढ़ते हुए।

**जमशेदपुर।** रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को डीसी अनन्य मित्तल से मुलाकात की। इस दौरान समिति ने विभिन्न अखाड़ा समितियों से प्राप्त विभिन्न समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखते हुए समाधान की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने मांग किया कि मानगो क्षेत्र में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य नवरात्रि और रामनवमी के दौरान अस्थायी रूप से रोका जाए, ताकि हिंदू नववर्ष यात्रा, कलश यात्रा, छठ महापर्व, नवमी जुलूस और रामनवमी शोभायात्रा सुचारू रूप से निकल सके। समिति ने बताया कि इन आयोजनों के दौरान भारी ट्रैफिक की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

इसके अलावा, फ्लाईओवर निर्माण के कारण कुछ अखाड़ा समितियों के अखाड़ा स्थल प्रभावित हुए हैं। समिति ने प्रशासन से मांग किया कि ऐसे अखाड़ों के लिए नए स्थान पर उपयुक्त व्यवस्था की जाए और उन्हें अखाड़ा निकालने की अनुमति प्रदान की जाए। साथ ही, डिमना चौक से मानगो चौक तक रामनवमी शोभायात्रा के दौरान स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

डीसी अनन्य मित्तल ने समिति की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि रामनवमी से पहले सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि महोत्सव का आयोजन भव्य और निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके।इस दौरान रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, अशोक सिन्हा, संयोजक प्रमोद तिवारी, कोषाध्यक्ष शंभू मुखी, सचिव अर्जुन शर्मा, सहसचिव राघवेंद्र मिश्रा, संतोष कालिंदी व अन्य मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### होलिका दहन आज होली 15 को : आचार्य

**जमशेदपुर।** आचार्य अखिलेश चौबे ने कहा है कि वाराणसी पंचांग के अनुसार होलिका दहन इसबार 13-3-2025 को रात्रि 10 बजकर 37 मिनट पर भद्रा समाप्त होने के बाद किया जायेगा। वहीं रंगों की होली 15-3-2025 शनिवार को मनायी जायेगी क्योंकि 14-3-2025 शुक्रवार को दिन में 11 बजकर 12 मिनट तक पूर्णिमा तिथि ही रहेगी। फलस्वरूप होलिका दहन 13-3-2025 गुरुवार को किया जायेगा एवं होली 15 मार्च को मनायी जायेगी।

### रवींद्र भवन में हास्य कवि सम्मेलन आज

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 13 मार्च गुरूवार की संध्या 05 बजे से साकची रविन्द्र भवन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगें। देश के प्रसिद्ध पांच कवि और कवियात्री अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए आ रहे हैं।

### प्रतिनिधियों ने पेयजल के लिए की बैठक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देश पर उनके मानगो और उलीडीह क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पिंटु सिंह और संतोष भगत ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मानगो क्षेत्र में उत्पन्न हुई पेयजल की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया और इससे नागरिकों को हो रही परेशानियों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैठक के पश्चात विभाग के अधिकारियों के साथ उन क्षेत्रों का भ्रमण किया जहाँ वर्षों से पेयजल नहीं पहुँच पा रहा है। मानगो के रामनगर, श्याम नगर, शांति नगर, कृष्णा नगर, लक्ष्मण नगर, सुभाष कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी रोड नंबर 2, रोड नंबर 4, रोड नंबर 6, रोड नंबर 3,सी, एकता नगर रोड नंबर 2, अखाड़ा गली आदि क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति विगत कई वर्षों से नहीं पहुँच पा रहा जिसके कारण यहाँ के निवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। भ्रमण में यह बात सामने आई कि इन क्षेत्रों में पाइपलाइन त्रुटिपूर्ण तरीके से बिछा दी गयी। मेन लाइन का पाइपलाइन नीचे है जबकि सर्विस लाइन का पाइप ऊपर है जिसके कारण पानी का प्रेसर धीमा हो जा रहा है और उक्त क्षेत्रों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त कई स्थलों पर पाइप लाइन भी नहीं बिछायी गयी है। इसकी सूचना विधायक सरयू राय को दी गयी जिसके पश्चात उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द इसका स्थायी समाधान किया जाय। अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन में सुधार के लिए और इंटरकनेक्शन पाइपलाइन का लागत का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्राक्कलन तैयार कर विभाग को सौंपा जाएगा। विधायक के निर्देश पर पेयजल स्वच्छता विभाग के द्वारा तत्काल राहत के लिए एक 45 एचपी का पम्प जोन 3, आस्था स्पेस टाउन में लगाकर शुरू कर दिया गया है, जिससे आज क्षेत्र में जलापूर्ति हुई है। विभाग के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि होली के बाद पेयजल से संबंधित सभी समस्याओं का स्थायी समाधान कर दिया जायेगा।

# मानगो : डिमना रोड के ब्लू वेल स्कूल से दरभंगा डेयरी तक वन वे होगा यातायात

- डीसी की अध्यक्षता में हुई मानगो फ्लाई ओवर निर्माण कार्य की समीक्षात्मक बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बैठक में उपस्थित डीसी, एसएसपी और सिटी एसपी।

**जमशेदपुर।** मानगो फ्लाईओवर निर्माण कार्य तथा सुगम ट्रैफिक व्यवस्था हेतु जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में फ्लाईओवर निर्माण कार्य निर्बाध रूप से हो तथा मानगो से डिमना की ओर आने जाने वाले वाहनों का सुचारू परिचालन के संदर्भ में चर्चा की गई। मानगो डिमना रोड में ब्लू वेल स्कूल से दरभंगा डेयरी तक एक लेन से जमशेदपुर शहर आने जाने वाले वाहनों का परिचालन किया जाएगा। इस लेन पर व्यवधान रहित आवागमन हेतु ट्रैफिक पुलिस को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने, जगह-जगह पर साइन साइनेज लगाने, सड़कों को दुरुस्त करने, अनाधिकृत पार्किंग तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने सहित सड़क किनारे वाले सब्जी दुकानों को अन्य जगह लगाने की व्यवस्था करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया गया। इस मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश को पूर्णतः रोककर वैकल्पिक मार्ग से आवागमन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाली यात्री बसों को हाईवे में चिन्हित बस अड्डा पर वाहनों को रोकने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य को तेजी लाने तथा निर्धारित समय अवधि में फ्लाईओवर निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश संबंधित संवेदक को दिया गया। डीसी के द्वारा कहा गया कि आमजनों के आवागमन सुचारू रूप से हो सके, लोगों को परेशानी न हो इस बात का ख्याल रखा जाए।

बैठक में उपायुक्त के अलावा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कौशल किशोर, नगर पुलिस अधीक्षक श्री कुमार शिवाशीष, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, ज़िला परिवहन पदाधिकारी, उप नगर आयुक्त मानगो समेत अन्य सम्बन्धित मौजूद थे।

## जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद का होली मिलन संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद द्वारा स्थानीय तुलसी भवन में सह होली मिलन / वासंती काव्य संध्या का आयोजन गत 11 मार्च को परिषद अध्यक्ष डॉ प्रसेनजित तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अरका जैन विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. अंगद तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि द्वय तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रजवलन एवं श्रीमती माधवी उपाध्याय के सस्वर सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद परिषद के प्रधान सचिव डॉ अजय कुमार ओझा ने अपने स्वागत वक्तव्य के दौरान उपस्थित लोगो को होली की अग्रीम बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए परिषद के क्रियाकलापों की चर्चा की। तत्पश्चात उपस्थित रचनाकारों ने आपस में एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। तदनुपरान्त वासंती काव्य पाठ के दौर शुरू हुआ।

## टाटा मोटर्स : 75 बार रक्तदान करने पर यूनियन उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सम्मानित

- प्लांट हेड सुनील तिवारी ने किया प्रवीण को सम्मानित
- रक्तदान सबसे बड़ा व्यक्तिगत सीएसआर : प्लांट हेड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स ब्लड डोनेशन सेंटर में 75 बार रक्तदान करने वाले टाटा मोटर्स कर्मी सह टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी व यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, ईआर हेड सौमिक रॉय, बीआईडब्ल्यू हेड मुनीष राणा, डीजीएम (ईआर) वरशील सहाय, शुबेंदु पटेल समेत यूनियन के सभी पदाधिकारी, कमेटी मेंबर एवं ब्लड कोआर्डिनेटर शामिल थे।

प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने 75 बार रक्तदान करने वाले प्रवीण कुमार को शुभकामनाएं देते हुए रक्तदान के लिए औरों को मोटिवेट किये। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा सीएसआर है। यह आपका व्यक्तिगत सीएसआर है। इसके लिए दिल से आवाज निकलता है। उन्होंने पिछले दिनों 3 मार्च को यूनियन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर की सफलता के लिए यूनियन समेत सबों को बधाई दिये। गौरतलब हो कि विगत दिन संस्थापक दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 2906 यूनियन रक्त संग्रहित हुआ था।

## टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा में जीते कई पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





उद्घाटन करते टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदर रामम व अन्य अतिथि।

**झरिया/जमशेदपुर।** खनन सुरक्षा महानिदेशालय (सेंट्रल जोन) के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक खदान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 का समापन समारोह आज झारखंड के झरिया स्थित डिगवाडीह फुटबॉल ग्राउंड में हुआ। इस कार्यक्रम में खनन सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक उज्जवल ताह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

13 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक, सभी प्रतिभागी खदानों में व्यापक निरीक्षण किया गया, जिसमें ट्रेड टेस्ट सहित विभिन्न सुरक्षा पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस निरीक्षण में टाटा स्टील, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) और वेस्ट बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (डब्ल्यूबीपीपीडीसीएल) सहित कई प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया।

## गणिनाथ सेवा संस्थान में हलवाई समाज का होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को गणिनाथ सेवा संस्थान(हलवाई समाज) गोलमुरी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया सबसे पहले बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज को भोग लगा कर अबीर गुलाल चढ़ाया गया। समारोह में सैकड़ो की संख्या में संस्था के सम्माननीय संरक्षक, आजीवन सदस्य, महिला शक्ति एवं युवा मंच के युवा साथीयों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया सभी ने एक दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिये। संस्था द्वारा बुलाये गये राकेश कुमार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के होली के पारंपरिक गीतों पर समाज के युवाओं,महिलाओं के साथ साथ बुजुर्गों ने भी जम कर झूमे-नाचे और बच्चों ने भी खूब मस्ती की।

## देशप्रेम और शहीदों के सम्मान का प्रतीक है अखंड तिरंगा यात्रा : काले

- 23 मार्च को निकलेगी दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



तैयारी बैठक में उपस्थित काले व सहयोगी।

**जमशेदपुर।** आगामी 23 मार्च को आयोजित होने वाली दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए नमन परिवार द्वारा न्यू बारीडीह, बारीडीह पार्क में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीनियर सिटीजन ग्रुप, परसुडीह, सोपोडेरा एवं अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नमन परिवार के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने सभी से इस ऐतिहासिक यात्रा को भव्य और सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि यह यात्रा मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि और देश के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, अखंड तिरंगा यात्रा हमारे भीतर राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और तिरंगे के सम्मान की भावना को और अधिक प्रबल बनाती है। यह हम सभी का दायित्व है कि इस ऐतिहासिक अवसर पर एकजुट होकर न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें, बल्कि हर नागरिक के हृदय में राष्ट्रप्रेम और तिरंगे के प्रति गौरव को और अधिक सशक्त बनाएं।

उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा का संदेश स्पष्ट है , हम अपने वीर सपूतों की शहादत को कभी नहीं भूलेंगे और अपने देश की गरिमा को सदैव ऊंचा रखने का संकल्प लेंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान रघुवंश सिंह, एस.डी. पांडे, एस. आनंद राव, बी.के. सिंह, सत्येंद्र पांडे, कंचन देवी, रितिका श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, संगीता देवी, मोना देवी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर इस यात्रा की सफलता का संकल्प लिया और इसमें पूरी निष्ठा से भाग लेने का वचन दिया। अंत में अमरप्रीत सिंह काले ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के प्रति हमारी गहरी निष्ठा और बलिदानियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। आइए, हम सब मिलकर इसे ऐतिहासिक बनाएं।

## एक नजर में

### होली पर छेड़छाड़ की तो धून देगीं शक्ति कमांडो





**जमशेदपुर।** होली पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु साकची स्थित कंपोजिट कंट्रोल रूम में वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा पीसीआर, क्यूआरटी, शक्ति कमांडो एवं टैंगो (बाइक दस्ता) में प्रतिनियुक्त जवानों तथा पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### होलिका दहन आज, डांडा रोपण के साथ पूजा शुरू



**जमशेदपुर।** पूरे देश में गुरुवार को होलिका दहन है। इस की तैयारी मुकम्मल की जा रही है। डांडा रोपण के साथ पूजा-अर्चना भी की जा रही है। मारवाड़ी सम्मेलन साकची शाखा के द्वारा साकची के आमबगान में होलिका दहन का कार्यक्रम रखा गया है, आज डंडा रोपण के साथ पूजन कार्यक्रम की शुरूआत हुई, मुख्य यजमान के रूप में श्री शंकर सिंघल उपस्थित थे। पूजन कार्य पंडित बसंत जोशी, पुरषोत्तम जोशी, दीपक जोशी, रवि जोशी के देखरेख में हुआ। एक ओर जहां हर गली मोहल्ले के साथ गांव-गांव में होलिका दहन में लकड़ी जलाई जाती है, वहीं दूसरी ओर मारवाड़ी समाज इस अपनी अलग परंपरा का पालन पीढ़ियों से करता आ रहा है। यह समाज लकड़ी नहीं गोबर के कंडों से होलिका दहन को आज भी कायम रखे हुए है। बुधवार को शहर समेत पूरे जिले में होलिका की पूजा हुई। सभी ने मंगलकामना की। शहर के आमबगान मैदान में मारवाड़ी समाज सौ साल से भी अधिक समय से यह परंपरा निभाई जा रही है। होलिका दहन के लिए मारवाड़ी समाज के लोग पूरे परिवार के साथ होलिका स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना करता है। आज यह रस्म निभाई जाएगी । यहां शहरी क्षेत्र में रहने वाले मारवाड़ी परिवार के लोग एकत्र होकर पूजा अर्चना करेंगे। हिंदू धर्म को मानने वालों में मारवाड़ी समाज होली त्योहार को अलग अंदाज में मनाने तैयार है। पूजन विधि में महिलाएं जुटी रहीं। मुख्य रूप से अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, महासचिव बबलु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सन्नी संघी, संतोष अग्रवाल, ओमप्रकाश रिंगासिया,कमल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, लखन मुनका, पवन सिंघानिया, अमित अग्रवाल, विमल रिंगासिया, बजरंग अग्रवाल, रमेश मुनका, पवन धानुका, मुरारी लाल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोलडी, पंकज संघी, सुभाष शाह, रमेश मुनका, अमर अग्रवाल, मनोज मुनका, हर्ष मुनका, निर्मल पटवारी, नरेश सिंघानिया, गिरधारी खेमका, कमल चौधरी, भोला चौधरी, सुनील देबुका, श्याम सुंदर रिंगासिया, उमेश शाह, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राहुल चौधरी, कृष्ना अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जमशेदपुर महिला विवि में होली मिलन समारोह



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, बिष्टुपुर परिसर में दिनांक 12 मार्च 2025 को हर्ष एवं उमंग से होली समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ। अंजिला गुप्ता ने की एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा ने सभा को संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं। खेल एवं सांस्कृतिक विभाग के अध्यक्ष एवं संगीत विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ। सनातन दीप के मार्गदर्शन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने रासलीला पर आधारित अत्यंत मनमोहक नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति की । इसी क्रम में छात्राओं ने सामूहिक गीत भी प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कुलपति महोदया ने रंगों के त्यौहार को प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक बताते हुए जीवन की सभी नकारात्मकताओं को समाप्त कर नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। रंग के माध्यम से रंग और गुलाल की आनंदमय अनुभूति करते हुए, विश्वविद्यालय की छात्राओं ने होली समारोह में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस उल्लासमय अवसर पर कुलसचिव डॉ राजेंद्र जायसवाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रमण्यम, वित्त पदाधिकारी डॉ. जावेद अहमद, प्रवक्ता डॉ. सुधीर साहू, सी वी सी डॉ. अनुपूर्णा झा, निर्देशक (आई क्यू ए सी) डॉ. रतना मित्रा, समन्वयक डॉ कामिनी कुमारी, डी.ओ सलोमी कुजूर सहित सभी विभाग के शिक्षक, शिक्षिकाएं सह विश्वविद्यालय की छात्राओं ने हर्ष और उल्लास के साथ सामाजिक समरसता एवं सद्भाव का संदेश देते हुए इस समारोह का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि सभी की एकता, प्रेम और सौहार्द का अनुभव भी कराया।

### स्लम बच्चों संग वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी ने बिखेरे खुशियों के रंग



**जमशेदपुर।** शहर की युवाओं की सामाजिक संस्था वॉईस ऑफ ह्यूमैनिटी ने होली की खुशियां जुगसलाई स्थित बलदेव बस्ती में रहने वाले सैकड़ो स्लम बच्चों के बीच अनोखे अंदाज में मनाया। टीम ने बस्ती के बच्चों के बीच रंग, अबीर, पिचकारी व मिठाईया बांट रंगों के त्योहार को खुशियों के रंग में समेटने का काम किया । जिसे देख बस्ती वासियों के बीच खुशियो का माहौल था। कार्यक्रम में देखते ही देखते बच्चो के साथ साथ बस्ती के बूढ़े बुजुर्ग भी शामिल होकर जमकर होली मनायी। कार्यक्रम में संस्था के बीना जंघेल, रानी सिंह राजपूत, हरि सिंह राजपूत, चंदन सिंह, गगनदीप आदि थे।

## स्पीड न्यूज

### अवैध शराब भट्ठी नष्ट,एक गिरफ्तार



**मनातू पलामू।** उपायुक्त, अधीक्षक उत्पाद, पलामू के निर्देश पर होली में अवैध शराब की बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई कर मनातू थाना अंतर्गत डुमरी पंचायत के सिकदा गांव में अवैध चुलाई शराब के विरुद्ध छापामारी की। इस दौरान सिकदा नाला के बगल में निर्मित मिट्टी घर में अवैध भट्ठी, शराब बनाने के उपकरण, जावा महुआ और शराब को बरामद किया। तलाशी लेने पर मोहन यादव तथा स्वतंत्र गवाह के समक्ष 7 ड्रम से करीब 700 अवैध जावा महुआ तथा करीब 110 लीटर शराब बरामद किया।

### परिवार नियोजन की जानकारी दी गयी



**विश्रामपुर (पलामू)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण दिवस मना। मौके पर सीएचसी सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला की गयी। जिसकी अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन एमपीडब्लू मिथलेश दुबे ने किया। कार्यशाला में लोगों को परियार नियोजन का फायदा बताया गया। परिवार नियोजन की विधि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार का मूल मंत्र है। मौके पर बीपीएम पंकज पांडेय, बैम मृगेंद्र सिंह, बीडीएम रविरंजन कुमार, एमटीएस पंकज कुमार व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### पर्व में सोशल मीडिया व उपद्रवियों पर पुलिस की रहेगी नजर : एसडीपीओ



**नावा बाजार पलामू।** होली शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर मंगलवार को नावा बाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ रेणु बाला ने की। बैठक में विश्रामपुर एसडीपीओ अनुप कुमार ने सभी लोगों से आपकी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील कर कहा कि पर्व के दौरान ऐसी कोई गलती न करें जिससे पुलिस को आपके विरूद्ध कार्रवाई करनी पड़े। सोशल मीडिया एवं उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। थाना प्रभारी चिंटु कुमार ने कहा कि उपद्रवियों का कोई जात धर्म नहीं होता। वे सिर्फ समाज में विद्वेष फैलाना चाहते हैं। मौके पर पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, मुखिया चंदन कुमार, सफीर आलम,कुश दुबे, दामोदर चौधरी, सजीवन भुइयां थे।

### आपत्तिजनक पोस्ट किये, तो कार्रवाई



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता पाटन इंस्पेक्टर अनील सिंह ने की। बैठक में नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय, एसआई एसडी राम, नावा खास मुखिया मनोज कुमार, पूर्व पंसस राम प्रवेश सिंह, मुखिया भरत मांझी, मनोज यादव, विमलेश पांडेय, विनोद पाण्डेय, कमलकांत उपाध्याय, विनोद पांडेय, बदरुद्दीन अहमद, मोहफीज अंसारी सहित दोनों समुदायों के लोग उपस्थित थे। थाना प्रभारी ने होली शांति एवं आपसी भाईचारा से मनाने की अपील की। कहा कि पर्व में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। मौके पर मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारा का पर्व है इसे हमलोगों को मिलजुलकर मनाया जाना चाहिए।

### सदर थाना परिसर में शांति से मनेगी होली



- होली आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें : सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा
- सदर प्रखंड में पुलिस की चाक चौबंद रहेगी व्यवस्था : थाना प्रभारी उत्तम राय

**मेदिनीनगर।** रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एएसआई आनंद सिंह, एएसआई अजीत दूबे, नबी रसूल अंसारी, भरत भूषण सामड़, अरबिंद गुप्ता, सुलेमान अंसारी, अजय तिवारी, उपाध्या सिंह, मुकेश तिवारी, डा सुरेंद्र तिवारी, राजमणि देवी समेत कई लोग शामिल थे। संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर प्रखंड प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। सीओ ने कहा कि रंगों का त्योहारहोली को आपसी सौहार्द के साथ मनायें ताकि होली का रंग बिरंगा न हो। थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले व समाज में विध्न डालने वालों के विरूद्ध पुलिस सख्ती के साथ कानूनी कार्रवाई करने को तैयार है।

### हुसैनाबाद : सभी अस्पताल में ओपीडी ठप



**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों अनुमंडलीय अस्पताल में थाना क्षेत्र की महिला (21) की मौत हो गयी थी। परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हुई नोक झोंक का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। परिजन बिना पोस्टमार्टम शव ले गये। कोई शिकायत नहीं की। मौत के रिएक्शन में हुई नोक झोंक को अस्पतालकर्मी अपने ऊपर हमला मान मंगलवार सुबह से ही अस्पताल समेत हैदरनगर व मोहम्मद गंज समेत सभी अस्पताल में ओपीडी ठप करा कर धरना पर बैठ गये।

### अपराध की कोई जगह नहीं : दीपक



**मेदिनीनगर।** युवा झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि गैंगस्टर अमन साव का एनकाउंटर से पलामू प्रमंडल सहित राज्य में शांति व्यवस्था कायम होगी। लोगों का भय खत्म होगा। प्रशासन के लिए चुनौती बना अमन साव के एनकाउंटर से प्रशासन को भी अपराधमुक्त झारखंड निर्माण में सुविधा हुई है। राज्य में शांति कायम होगी। अमन साव एनकाउंटर इस बात का प्रमाण है कि झारखंड में अपराध और अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कानून को चुनौती देने वालों को उसका अंजाम भुगतना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि झारखंड में माफिया राज खत्म होगा।

# आरओबी निर्माण से जनता को मिलेगी कठिनाइयों से निजात: सांसद बीडी राम

- आरओबी निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का काम शुरू
- सांसद ने 28 नवंबर 2024 को रेलवे चेयरमैन से एलएचएस निर्माण कराने का किया था आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने 28 नवम्बर 2024 को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को पत्र लिखकर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एलएचएस/आरयूबी का निर्माण कराने का अनुरोध किया था। विदित है कि विभिन्न स्थानों पर अनमैनेड रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर दिये जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो गये हैं। वहां के निवासियों को आवागमन में अनेंको प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त स्थानों पर लो हाईट सबवे बनाने से जनता को कठिनाइयों से निजात मिल सकेगी। उक्त पत्र के आलोक में चेयरमैन रेलवे बोर्ड के कार्यालय से 27 फरवरी को पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें कई स्थानों की जांच कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया है।



जिनमें गढ़वा रोड़-गढ़वा खंड पर सोनपुरवा गांव में किमी 09/15-19 पर आरयूबी का निर्माण, नगर उटारी विढ़मगंज खंड पर अहिरपुरवा में किमी 47/5-7 पर आरयूबी का निर्माण, बुढ़वापीपर चियांकी-डालटनगंज खंड पर किमी 281/1-3 पर आरयूबी का निर्माण, केचकी-चियांकी खंड पर बखारी में कि0मी0 276/21-23 पर आरयूबी का निर्माण, गढ़वा-मेराल खंड पर कुंभी में कि0मी0 18/19-20 पर आरयूबी का निर्माण शामिल है। सांसद ने कहा कि उपरोक्त स्थानों पर सड़क परियोजना के हिस्से के रूप में सड़क स्वामित्व प्राधिकरण/ राज्य सरकार/एनएचएआई द्वारा गैर-एलसी स्थान पर अतिरिक्त सड़क क्रॉसिंग कार्य किए जा सकते हैं। हालांकि, अपवाद स्वरूप मामलों में, रेलवे ट्रैक क्रॉसिंग कार्य (सबवे/एफओबी) का प्रावधान रेलवे द्वारा किया जा सकता है, यदि स्थान ट्रेन संचालन में सुरक्षा, ट्रेनों की गतिशीलता और अतिक्रमण के कारण बुनियादी ढांचे की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, तो इसकी प्राथमिकता, व्यवहार्यता और धन की उपलब्धता के आधार पर फेज वाईज। एलएचएस/ आरयूबी के निर्माण के लिए तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (टीएफआर/डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरू किया जायेगा।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली को लेकर सनातनियों में उत्साह : विधायक

- मौर्या फार्म हाउस के होली मिलन समारोह में विधायक ने अबीर गुलाल लगाकर लोगों को दी शुभकामनाएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखण्ड स्थित मौर्या फार्म हाउस में पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर अबीर गुलाल उड़ा। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने समारोह में आए सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। समारोह में विधायक सहित अन्य लोगों ने होली गीतों पर खूब झूमे।




**खास बातें :** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की गाढ़ी कमाई को लूटने के साथ साथ गरीब गुरबों को अपमानित करने वाले तत्वों को भी पाकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने नाश करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वें गरीबों को मान सम्मान व सत्ता में उचित भागीदारी दिलाने का जो संकल्प लिया है उसके लिए वह निरंतर संघर्ष किया है और करते रहेंगे। समारोह में कलकत्ता से रत्नेश तिवारी द्वारा लाया गया 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे समाज में आपसी एकता व भाईचारगी का वातावरण कायम होगा। मौके पर भाजपा नेता अविनाश वर्मा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, रत्नेश तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, वीरेंद्र वर्मा, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, पांकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव भी मौजूद थे।

# किसानों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें प्रगति : डीसी

- पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने पर जोर
- उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योजनाओं की समीक्षा करते पलामू डीसी और डीडीसी।

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग एवं अन्य संबद्ध विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत हुए और संबंधित पदाधिकारियों को किसान एवं पशुपालकों से संबंधित योजनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए योग्य लाभुकों को योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में गति लाने , कृषि ऋण माफी योजना से किसानों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा फसलों के अच्छादन की जानकारी ली। वहीं समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्माणाधीन कृषि फॉर्म का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

मत्स्य विभाग की समीक्षा में उपायुक्त ने मत्स्य पालन की दिशा में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने आदिम जनजाति परिवारों को मत्स्य पालन के लिए जागरूक करते हुए मत्स्य पालन की दिशा में प्रोत्साहित करने का निदेश दिया। साथ ही बायोफ्लॉक तकनीक के माध्यम से मछली पालन की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि पलामू में मछली उत्पादन एवं मछली के बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके और पलामू को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने पलामू में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए नर्सरी को विकसित करने का निर्देश दिया।

भाजपा के आवासीय कार्यालय में होली मिलन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

# एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर दी बधाई, होली के गीतों पर झूमे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय परिसर में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, रामप्रवेश सिंह, विनोद पांडेय, अजय प्रसाद गुप्ता सहित नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। लोक कलाकारों ने होली पर एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सभी को फगुआ के रस में विभोर कर दिया।



होली मिलन कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**खास बातें :** भाजपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता को मजबूत करने का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह होली के रंग एक दूसरे से मिलकर खूबसूरती बिखेरते हैं, उसी तरह समाज के भिन्न भिन्न संस्कृति के लोग जब आपस में मिलकर एक दूसरे के पर्व त्योहारों में शामिल होते है तो एक सुंदर भारत की तस्वीर उजागर होती है। उन्होंने कहा कि होली सनातन समाज की संस्कृति से जुड़ा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं नेताओं को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली के साथ साथ रमजान का पवित्र महीना भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि हमें एक दूसरे के पर्व त्योहारों का आदर करना चाहिए। इसका ख्याल भी रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह निजी कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके हैं। उन्होंने कहा है कि वह हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता के साथ हैं। उन्होंने क्षेत्र वासियों को होली व पवित्र रमजान की शुभकामना संदेश दिया है।

## केमिकलयुक्त रंग-अबीर से बचें जिले के लोग: सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार

**गजेंद्र कुमार**

- जिला में हर्बल अबीर गुलाल का निर्माण कई स्वयंसहायता समूह की बहनें कर रही है
- पलामू में पलाश के फूल व अन्य फूलों से बन रहे अबीर गुलाल
- हर्बल अबीर गुलाल से त्वचा को नुकसान न के बराबर : ज्योति देवी

**मेदिनीनगर।** रंगों का त्योहार होली जैसे जैसे नजदीक आता है वैसे वैसे लोगों में रंग बिरंगे उमंग उमड़ना शुरू हो जाता है। वहीं दूसरी ओर होली में लाल, पीला, गुलाबी, हरा कलरयुक्त रंग, अबीर गुलाल के निर्माण करने में स्वयं सहायता समूह के बहनें एक माह पूर्व से ही लग जाते हैं ताकि होली पर्व के एक सप्ताह पूर्व से ही पलामू जिला के बाजारों एवं प्रखंड स्तर पर बेचा जाता है। पलामू जिला में पलाश का फूल काफी चर्चित है। इसके फूल से अबीर गुलाल एवं रंग तैयार किये जाते हैं। जिसकी मांग बाजारों में अत्यधिक देखने को मिलता है। वहीं स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा गेंदा फूल, पालक, चुकंदर (बीट) समेत विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक फुलों से अबीर गुलाल व रंग का निर्माण कराया जाता है।



## सूखी होली खेल प्रकृति व शरीर दोनों को नुकसान से बचायें : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव समारोह का आयोजन
- होली हिन्दुओं के प्राचीन त्योहारों में से एक है

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव (होली-मिलन) समारोह मनाया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने समारोह में उपस्थित शिक्षकवृन्द को गुलाल-तिलक से होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि हमें अबीर गुलाल की अपेक्षा पुष्प से सूखी होली खेलकर प्रकृति व शरीर दोनों को नुकसान से बचाना चाहिए। त्वचा संबंधी रासायनिक दुष्प्रभाव को इससे रोका जा सकता है। होली हिंदुओं के प्राचीन त्योहारों में से एक है। प्राचीन भारत के मंदिरों की दीवारों पर होली से संबंधित चित्र अंकित हैं। विष्णु पुराण की कथा अनुसार हिरण्यकश्यप के पुत्र भक्त प्रहलाद को उनकी बुआ ने अपनी गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश किया। प्रहलाद की बुआ को वरदान था कि अग्नि उसे जला नहीं सकती किंतु प्रहलाद के तप से ये संभव हो सका।



### बीआरसी किशुनपुर में होली मिलन समारोह



**पाटन पलामू।** बीआरसी किशनपुर में होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें बीपीएम जरीना परवीन, हरेंद्र सिंह, लेखपाल रंजन र सिंह, सोनू तिवारी, कात्यायन उपाध्याय, संतोष कुमार, विकास पांडे, अंजनी नंदन मिश्रा, प्रवेश कुमार, रामजी यादव, रविंद्र पासवान, अभय गिरी, सुशील सिंह, आनंद कुमार, राजीव कुमार समेत बीआरसी के सभी स्टाफ एवं शिक्षक मौजूद थे।

### पंजाब एंड सिंध बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के शाहपुर में पंजाब एंड सिंध बैंक, भारत सरकार का उपक्रम का ग्राहक सेवा केंद्र विवेकानंद चौक के निकट ग्रामीण बैंक के सामने शाखा प्रबंधक शिव दयाल केशरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बीसीए राजीव रंजन जायसवाल ने बताया कि यहां पर खाता के साथ आधार कार्ड पैसे की निकासी, जमा लोन, आर डी, एफ डी किया जायेगा। मौके पर साकेत जायसवाल, सुनील गुप्ता, कौशल कुमार, अरुण जायसवाल, मनोज जायसवाल, मुकेश जायसवाल, छोटू जायसवाल, वार्ड पार्षद अनिशा बीबी व अन्य उपस्थित थे।

### चोरों ने घर के पास खड़ा पिकअप चुराया

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ब्रह्म देवता के समीप से मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने घर के पास खड़ा मालवाहक पिकअप चोरी कर ली है। जिसकी लिखित सूचना गाड़ी मालिक ने सतबरवा थाना को दिया है। बताया जाता है कि सोनू बैठा जो कुडू के धोबी टोला का रहने वाला है। अपने पिकअप (जेएच 05 डीएल 4544) से लोहरदगा जिले के कुडू से शादी का सामान लेकर डाल्टनगंज आया था। लौटने में रात हो जाने पर सोनू पिकअप लेकर अपनी चचेरी बहन के ससुराल ब्रह्मदेवता के समीप संतोष बैठा के घर चला गया, जहां चोरी हुई।

### अबुआ आवास : जनता के आरोपों को मुखिया ने नकारा



**हुसैनाबाद पलामू।** पथरा मुखिया नरेश पासवान पर बीते दिनों हुसैनाबाद अनुमंडल में आयोजित उपायुक्त कैंप एवं फिर विधायक संजय कुमार सिंह यादव के आवास पर ग्राम पंचायत की जनता ने अबुआ आवास में धांधली व सक्षम लोगों को आवास देने के आरोप को नकार दिया है। उन्होंने इसे छवि धूमिल करने व विपक्षी का षडयंत्र करार दिया। मंगलवार को मुखिया संघ ने एसडीएम और बीडीओ को एक लिखित शिकायत देते हुए जांच की मांग की है तथा अपने ऊपर लगाए गए आरोप को छबि धूमिल करने व मान प्रतिष्ठा को हनन बताया है।

## निजी विद्यालय का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति है : संग्राम सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पाटन पलामू में किडस ए प्ले स्कूल का शुभारंभ
- बच्चों को सहज ढंग से पढ़ाया जायेगा : प्राचार्य

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में किडस ए प्ले स्कूल का शुभारंभ मैनेज्ड बाय अंबिका एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किया गया। मौके पर स्कूल के संस्थापक दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रतिभा वर्मा, सहयोगी शिक्षक दुर्गेश पाठक, कृष्ण नवीन, अखिलेश पासवान एवं किड्स स्कूल के सभी सदस्य उपस्थित थे। इस ट्रस्ट के माध्यम से और भी कई ब्रांच पूरे झारखंड में संचालित है। स्कूल का उद्घाटन करते हुए जिप सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि पाटन में पहली बार प्ले स्कुल खुला है अब छोटे बच्चे खेल खेल में पढ़ाई कर सकेंगे। श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राइवेट स्कूलों का खुलना शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति व विकास का प्रतीक है। यह विद्यालय गरीब बच्चों के लिए काफी लाभप्रद होगा।



नगरपालिका चुनाव

### 22 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**मेदिनीनगर।** जिले में नगरपालिका चुनाव की तैयारी तेज कर दी गयी है। मतदाता सूची को वार्डवार विखंडित कर मतदान केंद्रवार तैयार कर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। इसी क्रम में 10 मार्च को मेदिनीनगर नगर निगम, विश्रामपुर नगर परिषद (वर्ग-ख), छत्तरपुर नगर पंचायत, हुसैनाबाद नगर पंचायत एवं हरिहरगंज नगर पंचायत निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी विनिर्दिष्ट स्थलों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है।

## दो दिलों को जोड़ने व एक दूसरे को मदद करने का त्योहार है होली : डॉ कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पर्यावरणविद ने होली मिलन समारोह का शुभारंभ पौधा दान कर किया
- विक्रम नव वर्ष के आगमन व बीते वर्ष को जाने पर मनाते हैं होली का जश्न

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत चिरू के सुंगरी मोड पर नई बाजार के वार्षिक उत्सव पर आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने फीता जोड़करऔर होली मिलन समारोह में बिहार से आये लोक कलाकारों को पौधा दान कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के अनुसार कोई भी शुभ कार्य में पौधा दान करने व फीता काटकर नहीं उसे जोड़कर शुभारंभ करने का विधान है।



# किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए पलामू पुलिस पूरी तरह मुस्तैद: एसपी रीष्मा रमेसन

- होली व अन्य पर्व में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने पुलिस स्टेडियम में किया मॉक ड्रिल का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





मॉक ड्रिल करते पुलिसकर्मी व एसपी रीष्मा रमेशन।

**मेदिनीनगर।** होली, रामनवमी एवं अन्य पर्व त्योहारों में विधि व्यवस्था संद्धारण के लिए पलामू पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर पुलिस स्टेडियम में बुधवार को प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन व राजेश यादव के नेतृत्व में मॉक ड्रील का आयोजन किया गया। इस दौरान नजायज मजमा लगाकर आमलोगों द्वारा पुलिस के विरूद्ध जुलूस निकाली गई। जिसमें सुरक्षा बलों के द्वारा लोगों को माइक से शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए घोषणा की गयी। साथ ही लोगों को भीड़ न लगाने की अपील की। इसके बावजूद लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे तो पुलिस ने दंगारोधी उपकरणों का उपयोग करते हुए नाजायज मजमा लगानेवालों के विरूद्ध वाटर कैनन से पानी का छिड़काव किया गया। साथ ही आंसु गैस के गोले छोड़े गये। इस दौरान नाजायज मजमा में शामिल जख्मी लोगों को पुलिस एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी श्रीमती रमेसन ने जिलेवासियों से अपील किया कि रंगों का त्योहार होली आपसी सौहार्द के साथ मनायें।

**क्या बोलीं एसपी**

एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि आनेवाले होली, रामनवमी व अन्य पर्व त्योहारों में छोटी-छोटी बातों को लेकर लोग आक्रोशित हो जाते हैं। जिस कारण समाज में अशांति फैलने की संभावना बन जाती है। ऐसे नाजायज मजमा लगानेवालों से निपटने के लिए पलामू पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी पर्व त्योहार में शांति बनाये रखें। किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कहीं किसी को भ्रामक व अफवाह खबरें मिलता है तो उसका सत्यापन संबंधित थाना या पुलिस अधिकारी से करें। साथ ही समाज में अशांति फैलानेवाले लोगों को चिंहित कर इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी।

# परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र और उनके माता-पिता पुरस्कृत

- ज्ञान निकेतन स्कूल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई और वार्षिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित किया गया। इस अवसर पर अपने अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों तथा उनके माता पिता को सम्मानित किया गया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने कहा कि इस परीक्षा में प्रत्येक वर्ष की भांति स्कूली बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पूरे विद्यालय में नर्सरी विंग में कोमल कुमारी (100%) जूनियर विंग में ऋतु कुमारी (99.9%) सीनियर विंग में आर्यन पाण्डेय (98.1%) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रत्येक वर्ग में भी कई बच्चे 99 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, शैक्षणिक निदेशक शंकर दयाल तथा विद्यालय प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने सभी बच्चों तथा उनके माता पिता को बच्चों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।प्राचार्य ने बताया कि नए सत्र 2025-26 का प्रारंभ 20 मार्च से होगा तथा इसी दिन से सभी वर्गों की पढ़ाई प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि वर्ग नर्सरी से नवम तक में नया नामांकन जारी है। विद्यालय में नामांकन कार्य पुनः 17 मार्च से प्रारंभ होगा।



प्रतिभावान विद्यार्थी को सम्मानित करते अतिथि व उपस्थित शिक्षक।

## स्पीड न्यूज

### जायंट्स ग्रुप ने किया जरुरतमंदों के बीच होली सामग्री का वितरण



**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में खजूरी बिन टोला में कैलाश पर्वत पर जरुरतमंद बच्चों के बीच होली सामग्री अबीर, गुलाल मिठाई, चॉकलेट, बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष राकेश केषरी ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। होली में लोग सारे गिले, शिकवे, आपसी दुश्मनी को भूलाकर एक हो जाते हैं और होली मनाते हैं। होली में रसायन वाले रंग, कीचड़, मोबिल आदि के उपयोग से बचना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के साथ जबरदस्ती नहीं करना चाहिए। होलिका दहन में सारे बुराइयों को जला कर भरपूर आनंद और पूरे उत्साहपूर्ण वातावरण में होली मनाना चाहिए। मौके पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मनोज केशरी, नंद कुमार गुप्ता, अवधेश कुशवाहा, चंद्र भूषण सिन्हा, विनोद गुप्ता अरविन्द तूफानी, संजय ठाकुर, जितेंद्र कमलापुरी, विजय केशरी आदि उपस्थित थे।

### पटाखा दुकान में हुई मौत पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जताया शोक



**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना गांव में सोमवार को पटाखा दुकान में हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पीड़ित परिवारों के प्रति ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुर्घटना को बेहद दुखद और हृदयविदारक बताया और पीड़ितों के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री ठाकुर ने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और सरकारी मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने के लिए वह व्यक्तिगत रूप से प्रयासरत रहेंगे। पूर्व मंत्री ने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आम जनता और प्रशासन दोनों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पटाखों जैसी ज्वलनशील सामग्रियों की खरीद-बिक्री के दौरान पूरी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में पटाखा दुकानों को अनुमति न दी जाए। पटाखा बेचने वालों के लिए कड़े नियम बनाए जाएं और केवल मानक पूरा करने वालों को ही लाइसेंस मिले।

### गायत्री परिवार के सदस्यों ने किया द्वीप ज्योति रथ का स्वागत



**भवनाथपुर।** हरिद्वार शक्ति कुंज से चल कर भवनाथपुर पहुंचे द्वीप ज्योति रथ को मुखिया बेबी देवी के अगुआई में गायत्री परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। गायत्री परिवार ने सद्स्यों ने शिवपूजन फूल्स पेट्रोल पंप के पास से ही अगुआई कर बाहर स्थिति सूर्य मंदिर के पास लाया गया। जहां शाम को छह बजे दीप यज्ञ का आयोजन सूर्यमंदिर भवनाथपुर में किया गया। उसके उपरांत टाउन शिप में इंदु देवी, नीतू सिंह, मनीषा तिवारी के द्वारा कार्यक्रम किया हुआ। मौके पर गायत्री परिवार के सभी सदस्यों ने बड़ चढ़ कर भाग लिया। मौके पर बजरंगी गुप्ता, मिथलेश कुमार, आरएल गुप्ता, उपेंद्र गुप्ता, शंकर गुप्ता, अजय कमलापुरी सहित अन्य गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।

### बेरोजगार मजदूरों के लिए वरदान है कालीन दरी बुनकर लघु उद्योग



**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी गांव में कालीन दरी लघु उद्योग लगाकर रक्सी गांव निवासी अनिल प्रजापति 28 मजदूरों को रोजगार दे रहे हैं। अनिल ने बताया कि मैं अपने जमीन में कालीन उद्योग लगाकर 28 बेरोजगार मजदूर को रोजगार दे रहे हैं। श्री प्रजापति ने बताया कि 2024 में यह कालीन बुनकर कार्य उद्योग शुरू किया। जो तैयार कर मिजार्पुर उत्तर प्रदेश तथा अन्य जगहों पर भेज कर विक्रय करता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि यह उद्योग लगाकर तथा गांव में रहकर बेरोजगार मजदूर खुशहाल हैं वह बाहर जाने से बचते हैं। जो कालीन बुनकर कारीगर हैं वह बाहर जाकर कालीन बुनकर का काम करते हैं उन्हें समय पर पैसे नहीं मिलते। लेकिन मैं गांव में ही कालीन बुनकर उद्योग लगाकर गांव में कारीगर को रोजगार देते हैं। कालीन बुनकर उद्योग के प्रोपराइटर अनिल प्रजापति ने यह भी बताया कि व्यक्ति किसी भी कार्य को कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन सकता है बशर्ते उसके अंदर जिज्ञासा और जज्बा होनी चाहिए।

### तेनुघाट पहाड़ी शिव मंदिर में मनाई गयी होली

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** मंगलवार की रात पहाड़ी शिव मंदिर तेनुघाट में होली महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं फगुआ के गीत में लोग झूमते गाते हुए दिखाई दिए। लोग ढोलक, हारमोनियम, झाल बजाते हुए नजर आए। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी राजीव कुमार पांडेय ने सभी को होली मर्यादित तरीके से मनाने एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मंदिर में सैकड़ों लोग होली मिलन समारोह में मौजुद रहे।

# होली सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का पर्व : मदन प्रसाद केशरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में होली त्यौहार के मद्देनजर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहारों में होली का विशेष स्थान है। इसे भारत में रंगों का त्यौहार या उल्लास का त्योहार कहा जाता है।

यह हमारे सनातन परंपराओं का सूचक है। यह न केवल रंगों और उल्लास का पर्व है बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे, और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। होली का यह पर्व न सिर्फ पूरे भारत में बल्कि विश्व के कई अन्य देशों में भी धूमधाम से मनाया जाने वाला त्यौहार है।

होली केवल रंगों का खेल नहीं बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं। उन्होंने बच्चों को पटाखों से परहेज रखने या सावधानीपूर्वक बड़ो के देख रेख में जलाने की बात कही। मौके पर प्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक संतोष प्रसाद, खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## एसडीओ ने मंडल कारा में की छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर एसडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात मंडल कारा गढ़वा में औचक छापामारी और तलाशी की गई। तलाशी अभियान में कई दंडाधिकारी एवं पुलिस के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही। ज्ञात हो कि विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मंडल कारा के सभी वार्डों में समय-समय पर औचक जांच तथा निरुद्ध कैदियों की विधिवत तलाशी की कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में मंगलवार मध्य रात्रि को मंडल कारा गढ़वा के सभी वार्डों की सघन तलाशी अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल के द्वारा की गई। छापामारी के लिए गठित अलग-अलग टीमों द्वारा महिला वार्ड सहित सभी वार्डों में गहन तलाशी ली गई। उक्त तलाशी का कार्य रात्रि लगभग 10:30 बजे से आरंभ हुआ जो लगभग मध्यरात्रि तक चला। एसडीओ ने बताया कि उक्त छापामारी के दौरान कोई भी ऐसी संवेदनशील या आपत्तिजनक सामग्री जेल के अंदर या कारा वार्डों में नहीं मिली जो कि जेल मैनुअल के नियमों के प्रतिकूल हो। उन्होंने कहा कि यह रूटीन छापेमारी थी, इस प्रकार की औचक छापेमारी समय-समय पर आगे भी जारी रहेगी। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, बीडीओ गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ मेराल यशवंत नायक, प्रशिक्षु उपसमाहर्ता रविकांत शर्मा, थाना प्रभारी गढ़वा बृज कुमार, थाना प्रभारी मेराल विष्णुकांत, महिला थाना प्रभारी सहित थाना प्रभारी स्तर के कई पदाधिकारियों सहित लगभग 200 से अधिक पुलिस बल की मौजूदगी थी।

## शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है रमजान : मोबिन

**धुरकी।** रमजान का मुकद्दस महीना बरकतों, रहमतों और मगिफ्रत का महीना है। यह महीना हमें संयम, आत्मसंयम और अल्लाह की इबादत का सीख देता है। इस महीने में रोजा रखकर हम सिर्फ भूख और प्यास ही नहीं सहते, बल्कि अपने नफ्स को काबू में रखना, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना और अपनी जिन्दगी को अल्लाह के बताए हुए रास्ते पर चलाने की कोशिश करते हैं। उक्त बातें झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि मोबिन अंसारी ने कही। रमजान हम सबको इंसानियत, भाईचारे और आपसी मोहब्बत का पैगाम देता है। यह महीना हमें अपने समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। रोजे का मकसद सिर्फ भूखे-प्यासे रहना नहीं, बल्किसंयम और नेकी को बढ़ाना है।

## बसपा नेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के दुबेतहले गांव के हरिजन टोला निवासी स्व. चुटुर राम के पुत्र सह बसपा नेता बिगू राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि एक पुराने मामले में बिगू राम के खिलाफ गिरफ्तारी वारण्ट निर्गत था, जिसके आलोक में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि शाम को गस्ती के दौरान एएसआई आलोक कुमार ने गिरफ्तार किया गया था।

## विद्यालय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण रोकने की मांग

**भवनाथपुर।** परियोजना बालिका हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यप्रकाश यादव ने सीओ को आवेदन सौंपकर विद्यालय भूमि का सीमांकन कर अतिक्रमण रोकने की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने सीओ लिखे आवेदन में उल्लेख किया है कि खाता-99, प्लॉट-255 रकबा 1.50 एकड़ स्व. विश्वनाथ सिंह पिता बाबु जटाधारी सिंह के द्वारा 17 अगस्त 1984 की बिहार सरकार को विश्वनाथ सिंह गर्ल्स हाई स्कूल भवनाथपुर को हेतु दान में दिया गया है। कुल भूमि के आधे भाग में विद्यालय संचालन होता है। शेष भूमि का सीमांकन के अभाव में इस पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। वर्तमान में विद्यालय की भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है।


कार्यालय, जिलापरिषद्, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)
Phone Number:- 06526-222064 email-id:zplohardaga@gmail.com

ई-निविदा
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा संख्या -08/2024-25 दिनांक 12.03.2025

| क्र0/ ग्रुपसंख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलितराशि | परिमाणविपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्यसमाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कैरो | झारखण्ड आवासीय विद्यालय में एक डीप बोरिंग एवं एक सोलरपैनलअधिष्ठापनकार्य | 1092700.00 | 2500.00 | 21900.00 | 02(दो) माह |
| 2 | पेशरार | ग्राम पंचायतत_ईम_में ssa/npa दुडूर विद्यालय में डीप बोरिंग निर्माण | 383500.00 | 750.00 | 7700.00 | 02(दो) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 19.03.2025 / 10:00 बजे पर्वाह्न से |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :- | 24.03.2025 / 10:00 बजे पर्वाह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :- | 25.03.2025 / 10:00 बजे पर्वाह्न |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :- | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :- | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट - 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट-बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईटhttps://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।
जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा
PR 348556 (Lohardaga)24-25*D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

आम नीलामी सूचना।

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल के अंतर्गत राजसात वाहन (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक-08.04.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, लातेहार में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि निलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को निलामी की तिथि तय मानी जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम निलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक 07.04.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राजसात वाहनों पर कोई दावा लातेहार वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नही किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम निलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नही है। नीलामी हेतु राजसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नांकित है :-

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0/ चेचीस सं0/ इंजन सं0 | वाहन जहाँ स्थित है |
|---|---|---|---|
| 01 | जेसीबी | Chassis No.-15J3311, Eng. No.- PUNRG5EA1014 | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 02 | आयशर ट्रैक्टर, ट्रेलर | Chassis No.-922913151783, Eng. No.- G22573 | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 03 | महिन्द्रा ट्रैक्टर, ट्रेलर | Model No. 265DI, SR No.- NGN3213CB | बालूमाथ प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 04 | पियागो टेम्पू | Reg. No.- JH-03AL-1744, Eng. No.- S3C9241794, Chassis No.- MBX0008WB2C276606 | लातेहार प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 05 | टाटा मिनी ट्रक | Reg. No.- JH-01CW-0160 | चंदवा प्रक्षेत्र कार्यालय |
| 06 | ट्रैक्टर ट्रेलर | Reg. No.- JH-08G-2665 | मनिका प्रक्षेत्र कार्यालय |

नोट :-
1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम निलामी की शर्तें, वाहनों की सूची https://latehar.nic.in/ एवं https://forest.jharkhand.gov.in/ के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमंडल के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।
PR.NO.348452 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सूचना सं0- DWSD/LTR/ST-SC -WSS-18/2024-25 दिनांक 12.03.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :- | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :- | 17.03.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :- | 19.03.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :- | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :- | 19.03.2025 अपराहन 04.00 बजे। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :- | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :- | 9199154542 - 6201242103 |

Detail of work:-

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. Of water Supply Arrangement in PVTG Residential Boys Primary School Balumath. | 01 | 469607.00 | 10000 | 750 | 07 Days |
| 2 | Const. Of water Supply Arrangement in ST Residential Boys Primary School Hargarwa. | 01 | 469607.00 | 10000 | 750 | 07 Days |
| 3 | Const. Of water Supply Arrangement in ST Residential Boys Middle School Banio Balumath. | 01 | 469607.00 | 10000 | 750 | 07 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक- 906 दि0- 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार।
PR.NO.348524 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

शुद्धि पत्र

भवन प्रमंडल सिमडेगा के अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - 64/2024-25 के PR. No. 347943 Simdega(24-25):D में प्रकाशित निविदा में निविदा खोलने की तिथि एवं समय में संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत् है :-

| | तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | 15-03-2025 के अप0 12:00 बजे तक। | 17-03-2025 के अप0 12:00 बजे तक। |
| निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 17-03-2025 के अप0 02:30 बजे तक। | 18-03-2025 के अप0 02:30 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-03-2025 के अप0 03:00 बजे से। | 18-03-2025 के अप0 03:00 बजे से। |

शेष सभी शर्ते यथावत् रहेंगे।
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा
PR 348455 Simdega(24-25).D



न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

दाखिल-खारिज पुनरीक्षण वाद संख्या-13/2025

नोटिस

बनाम्
माल्कोम जेम्स होरिगन पिता-जेम्स माल्कोम होरिगन,
स्थायी पता सा0-कोनका, थाना-मैकलुस्कीगंज, जिला-रांची,
वर्तमान पता सा0-माल्हन, थाना-चन्दवा, जिला-लातेहार :- प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में दायर दाखिल-खारिज पुनरीक्षण वाद में बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि 21.03.2025 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा वादको एकपक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिलाविधि शाखा, लातेहार
PR 348489 District (24-25)_D



JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH
RAMGARH, PIN - 829122

E-Very Short Tender Notice

E-tenders are invited from reputed tenderers having good experience in following similar type of Civil works and having sound certified financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of work | Estimated cost (InRs.) | Earnest money to Be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ(GST18% Included) Non-refundable(In Rs.) | Time of Completion (In Day) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 359 /PR/ JBVNL / 2024-25 | R&M of approach path inside campus of E/S/S/D Bhurkunda Ramgarh. | 3,78,200.00/- | 7600.00/- | 886.00/- | 60 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | 12/03/2025 From 02.00 PM |
| Last date and time for uploading of e-Tender | 19/03/2025 up to 03:00 PM |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money | 20/03/2025 up to 03:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 21/03/2025 At 02:00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II (Price Part) | To be communicated further |
| Tendering officer and address for communication | Dy. G.M (Tech.), Electric Supply Circle, Ramgarh |

1. E-tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. **06034-222109**, for any clarification regarding NIT contact no. **065553-231987**
2. Demand Draft from any nationalized bank/Schedule bank in India towards cost of BOQ and Earnest Money will be prepared within the tender period in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Ramgarhpayable at Ramgarh.**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. GM (Tech)
Electric Supply Circle, Ramgarh
PR.NO.348492 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला पंचायत राजा शाखा)
-: नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के लिए हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र हेतु प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना :-

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-144 दिनांक 11.02.2025 की कंडिका-05 में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगरपालिका आम निर्वाचन, 2025 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 01.10.2024 को अर्हता तिथि मानकर दिनांक 25.10.2025 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का वार्डवार विखण्डीकरण कार्य पूर्ण करते हुए मतदाता सूची का प्रारूप तैयार किया गया है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा 555 एवं झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली-2012 के नियम 11 से 17 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप हजारीबाग नगर निगम के महापौर पद एवं वार्ड पार्षद पद के आम निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रवार फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 10.03.2025 (सोमवार) से 10 दिनों तक सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा हजारीबाग नगर निगम कार्यालय/सभी वार्ड कार्यालय नगर निगम क्षेत्र में किया जाता है। इसकी प्रति हजारीबाग जिले के अधिकारिक वेबसाईट, www.hazaribag.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उक्त प्रारूप मतदाता सूची से संबंधित दावा/आपत्ति दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक जिला पंचायत राज कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त किया जाएगा, जिसका निराकरण दिनांक 22.03.2025 तक किया जाएगा।

दावा/आपत्तियों के निष्पादन हेतु श्री सुधीर कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी, हजारीबाग को प्राधिकृत किया जाता है। प्रारूप मतदाता सूची के अवलोकन के उपरान्त कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति देना चाहते हैं, तो वे उक्त अवधि में अपना दावा/आपत्ति (साक्ष्य सहित) प्राधिकृत पदाधिकारी (जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका), हजारीबाग/उनके प्रतिनिधि) को निम्न प्रपत्रों में दे सकते हैं:-

प्रपत्र-क (परिशिष्ट-1) - प्रारूप मतदाता सूची में प्रविष्ट विशिष्टियों की शुद्धि के लिए,

प्रपत्र-ख (परिशिष्ट-2) - प्रारूप मतदाता सूची के किसी ब्यौरे पर दावा/आपत्ति जिसके अंतर्गत मतदाता का नाम उसके निवास स्थल वाले वार्ड से भिन्न वार्ड में प्रदर्शित हो रहा है, के शुद्धि के लिए।

दोनों प्रपत्र सभी विनिर्दिष्ट स्थलों एवं जिले के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त उल्लेखित अशुद्धियों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के दावा/आपत्ति तथा निर्धारित अवधि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
(नगरपालिका)
-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।
PR 348518 Panchayati Raj(24-25)D

# मोबाइल और बच्चे

एक बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। मोबाइल का उपयोग और बच्चों द्वारा इसका दरुपयोग निश्चित तौर पर एक बड़ी समस्या बन चुकी है।विशेषकर बच्चों पर इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह


स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कोई बताये कि 'एक देश एक चुनाव' में क्या कमी है?





- आरके सिन्हा

> 'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है।

एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की बंटी हुई राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है, संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश-एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेन्द्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। साथ ही बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है।

'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ विपक्षियों की तरफ से कुछ कमजोर तर्क दिए जा रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनाव के साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं।

बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आजादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आजादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस समय टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनाव में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी।

यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर और ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एजेंडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**देश** की पहली महिला शिक्षिका और सामाजिक कुरूतियों से लड़कर आधी आबादी के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

सावित्रीबाई फुले जी के सम्मान में राज्य सरकार द्वारा हमारी लाखों बेटियों को शिक्षा और उनके सपने पूरा करने के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है।

**- हेमंत सोरेन सीएम**

**हमारी** माताओं-बहनों-बेटियों को सशक्त बनाने में अक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लिखा है। नए-नए अवसरों के सृजन में भी मददगार है।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# महिलाओं और बच्चों का कल्याण भारत की प्रगति का मूलमंत्र

सामयिक

## न्यूयॉर्क में यूएनसीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में बोलीं अन्नपूर्णा देवी

**केंद्रीय महिला** एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में भारत सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने महिलाओं की स्थिति पर आयोग के 69वें सत्र में भाग लिया। इस सत्र का शुभारंभ 10 मार्च 2025 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुआ। अन्नपूर्णा देवी ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में मंत्रिस्तरीय फोरम में भारत की ओर से अपना राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों का कल्याण हमारे देश की प्रगति का मूल है। लैंगिक समानता पर भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए परिवर्तनकारी 'संपूर्ण-सरकार' और 'संपूर्ण-समाज दृष्टिकोण' के साथ उनसे जुड़ी चिंता के 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित किया है। उन्होंने प्रमुख योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभावों का भी उल्लेख किया, जिन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा आर्थिक अवसरों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने भारत सरकार की निरंतर रूप से जारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में लैंगिक समानता और महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता वाले विषय-सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में योगदान देने के उद्देश्य से बीजिंग प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन के




कार्यान्वयन के लिए पुनः प्रतिबद्धता, संसाधन उपलब्ध कराना और इसमें तेजी लाने पर चर्चा की गयी। मजबूत कार्यान्वयन और पहुंच की आवश्यकता पर बल देते हुए मंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के संकल्प को दोहराया कि प्रत्येक महिला और लड़की को उनके अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित हो।

मंत्री महोदया ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का कल्याण हमारे देश की प्रगति का मूल है। बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से, हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं जहां हर महिला सशक्त हो और हर बच्चे का पालन-पोषण सुरक्षित और सहायक वातावरण में हो। इस सत्र में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों, अंतर-सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, हितधारकों, शिक्षाविदों, नागरिक समाज, महिला समूहों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी रही। सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र में उन्होंने लैंगिक समानता और सामाजिक कल्याण पर सहयोग को मजबूत करने के लिए सुश्री मेलरोज कामिंर्टी (सिएरा लियोन), श्री सोडिक एस सफोएव (उजबेकिस्तान), डॉ. विंध्या पर्साड (गुयाना) और सुश्री एंटोनिया ओरेलाना ग्वारेलो (चिली) सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लिया।

सीएसडब्ल्यू एक प्रमुख वैश्विक अंतर-सरकारी निकाय है और यह लैंगिक समानता, अधिकारों और महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से समर्पित है। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के कार्यात्मक आयोग के एक सत्र का आयोजन 10 से 21 मार्च, 2025 तक किया जा रहा है।

# बंगलुरू अब स्टार्टअप शहर भी सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया

**नयनतारा**

**देश** के सभी महानगर अपनी किसी न किसी खूबी के लिए विश्व विख्यात हैं। इनकी ये खूबियां, इनकी बुनियादी पहचान या लैंडमार्क हैं। इस क्रम में सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया कहे जाने वाले बंगलुरू शहर भी आता है। कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू भारत का तीसरा सबसे बड़ा महानगर है व आबादी करीब 1 करोड़ 20 लाख है। भारत का यह नगर भले एक जमाने में अपने सुहाने मौसम के लिए देश-विदेश में जाना जाता रहा हो, लेकिन आज इसकी पहचान ह्यसिलिकॉन वैली ऑफ इंडियाह्न के रूप में है। इसे सिटी ऑफ गार्डन के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन आज इसकी इन सब पहचानों पर भारी इसकी सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया की पहचान है। इसके अलावा आज बंगलुरू को किसी और दूसरी पहचान के नाम से तेजी से जाना जाना शुरू हुआ है, वह है ह्यस्टार्टअप कैपिटल ऑफ इंडियाह्न।


### सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री का बड़ा आधार

बंगलुरू को सिलिकॉन वैली ऑफ इंडिया, इसके सॉफ्टवेयर उद्योग की वजह से कहा जाता है। कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली की तरह बंगलुरू भी तकनीकी नवाचार का गढ़ है। कैलिफोर्निया के बाद सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तकनीकी केंद्र है, विशेषकर आउटसोर्सिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के मामले में। बंगलुरू आईटी उद्योग का कितना बड़ा गढ़ है, इसको इसी बात से जाना जा सकता है कि मार्च 2024 तक बंगलुरू के आईटी सॉफ्टवेयर उद्योग का कुल टर्नओवर लगभग 120 बिलियन अमेरिकी डॉलर था यानी 10 लाख करोड़ रुपये। भारत का वार्षिक बजट जहां 30 से 32 लाख करोड़ रुपये का होता है, उस नजर से देखें तो बंगलुरू का सॉफ्टवेयर उद्योग भारत के सालाना बजट के करीब एक तिहाई है। भारत जितना आईटी प्रोडक्ट निर्यात करता है, उसमें 40 प्रतिशत निर्यात अकेले बंगलुरू से होता है। यहां के स्टार्टअप्स और यूनिकॉर्न कंपनियां सिर्फ भारतीय अर्थव्यवस्था में ही अपना प्रभाव नहीं डाल रहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं।

### संभावनाशील रोबोटिक इंडस्ट्री

भारत के सभी महानगरों में सबसे ऊंचाई पर यही उद्यान नगर बसा है। जिस तरह से बंगलुरू आधुनिक आईटी इंडस्ट्री का वैश्विक केंद्र बनकर उभरा है, उसके चलते अगर बहुत ही जल्द बंगलुरू कमाई के लिहाज से भी देश का सबसे ऊंचे पायदान वाला महानगर बन जाए तो इसमें किसी को आश्चर्य नहीं होगा। क्योंकि सॉफ्टवेयर उद्योग के बाद दुनिया की चौथी औद्योगिक क्रांति के रूप में जिस रोबोटिक इंडस्ट्री का उभार हो रहा है, आने वाले सालों में बंगलुरू उस इंडस्ट्री का भी चैंपियन बनेगा। इस शहर का आईटी हब के रूप में उभरना, इसके कद को भारत की सीमाओं से परे जाकर विश्व परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण बन जाना है।

चर्चा में



### इसरो से भी पहचान

कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली के बाद दुनिया के कई सबसे बड़े आईटी हब में बंगलुरू भी शामिल है। यहां भारत की प्रमुख आईटी कंपनियां जैसे इंफोसिस, विप्रो और टीसीएस के मुख्यालय और बड़े संचालन केंद्र स्थित हैं। बंगलुरू ही भारत का वह शहर है जहां बड़े पैमाने पर स्टार्टअप्स जन्मे हैं। सिर्फ स्टार्टअप और आईटी हब के लिए ही नहीं, यह शहर अपनी मजबूत शैक्षणिक परंपरा और अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है। भारतीय विज्ञान संस्थान, इसरो और इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट यहीं स्थित हैं। साथ ही यह नगर एयरो स्पेस और रक्षा अनुसंधान केंद्र के रूप में भी मशहूर है।

### इनोवेशन- नये आइडियाज का नगर

वैसे इसकी एक पारंपरिक छवि गार्डन सिटी के रूप में भी है। लालबाग, बॉटनिकल गार्डन और कुब्बन पार्क पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण रहते हैं। बंगलुरू की नाइट लाइफ और सांस्कृतिक वातावरण युवाओं के बेहद अनुकूल है। शायद इसीलिए यह आविष्कारों और नये आइडियाज का शहर है। वास्तुकला की नजर से बंगलुरू का सबसे चर्चित लैंडमार्क यहां की विधानसभा सौंध है। लेकिन बार बार घूमकर बंगलुरू की खासियत इसके आईटी हब की ओर ही लौट आती है। सिलिकॉन वैली की उपाधि भी इसे इसी वजह से मिली है।

### स्टार्टअप्स के अनुकूल माहौल

बंगलुरू में आज से नहीं पिछली सदी के 90 के दशक से ही दुनिया की सारी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों ने अपने ऑफिस खोलने शुरू कर दिए थे। आज यहां आईटी क्षेत्र के कुशल तकनीकी श्रमिकों की बहुलता है। इस कारण यहां का समूचा वातावरण स्टार्टअप्स और आईटी पार्कों के अनुकूल है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण बंगलुरू आईटी तकनीकी और अनुसंधान का वैश्विक केंद्र बन गया है। तकनीकी विशेषज्ञता, सांस्कृतिक विविधता और कुदरत से मिले मोहक वातावरण के कारण बंगलुरू भारत ही नहीं विश्व के महानगरों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

## स्पीड न्यूज

### पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बीती रात उपकारा रामगढ़ का किया गया औचक निरीक्षण

**रामगढ़।** उपकारा रामगढ़ में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किए जाने संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत मंगलवार कि रात्रि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के नेतृत्व में उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकारा रामगढ़ से तंबाकू, तास के पत्ते, तास के डब्बे में 8900 रुपये, कुछ कागजात टेलीफोन नम्बर बरामद किए गए, उक्त सारा सामान किचन रसोई घर से किया गया बरामद। जिसके उपरांत मामले में नियम अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश हुए रवाना

**रामगढ़।** 11 मार्च को राधा गोविंद विश्विद्यालय भूगोल विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम सत्र के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार इस वर्ष नौ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश को रवाना हुए। इस क्रम में छात्र-छात्राएं हिमाचल प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिमला, कुल्लू, मनाली, कसोल, सोलंग घाटी, मनिकर्ण और साथ ही दिल्ली का भ्रमण करेंगे।

संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है होली : जगेश्वर प्रजापति

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**कुजू।** होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिस हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति बुधवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आयोजित होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि फाउंडेशन के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।

### राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की परियोजना कार्यालय प्रबंधन के साथ हुई वार्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** परियोजना कार्यालय भुरकुंडा में बुधवार को राष्ट्रीय कोयला मजदुर यूनियन की प्रबंधन के साथ बैठक हुई। जिसमें पद्दोन्ति, सामाजिक कल्याण, श्रमिक की समस्याओं आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही यूनियन के 15 सूत्री मांगों पर एक-एक करके विस्तारिक रूप से वार्ता की गई।

### बैठक में समाजहित में कार्य करने का लिया गया निर्णय

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गरीब समाजसेवी संघ भुरकुंडा द्वारा बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम एवं संचालन उदय स्वर्णकार ने किया। सर्वप्रथम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि संघ द्वारा प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने वालों के बीच चाय-नाश्ता का प्रबंधन किया जाता है, तो निरंतर जारी रहेगा।

### आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देते हैं हमारे पर्व-त्योहार: रोशन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ क्षेत्रीय कमेटी द्वारा बुधवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और विषिष्ट अतिथि यूनियन के महामंत्री सतीश सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने आने वाले रंगों का त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए यूनियन के लोगों से जमकर होली खेली।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के वर्किंग हॉल में सीख सृजन समृद्धि योजना के तहत पीरामल फाउंडेशन द्वारा सेविकाओं को दिये जा रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हुआ। समापन शिविर के मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि साक्षरता दर बढ़ाने में मजबूत बुनियादी साक्षरता अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने पीरामल फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रशिक्षण शिविर काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

### पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी का आयोजन किया

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय .स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडा (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एन०डी०पी०एस०, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई।

### पीपिंग समारोह में नव प्रोन्नत पदाधिकारियों को दी गई प्रोन्नति

**रामगढ़।** पुलिस मुख्यालय झारखण्ड रांची के कार्यालय आदेश ज्ञापांक-294/पी०, दिनांक 06.03.2025 के माध्यम से झारखण्ड पुलिस के विभिन्न जिलों के कुल 52 आशु सहायक अवर निरीक्षक को आशु पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के कुल 02 आशु सहायक अवर निरीक्षक को आशु पुलिस अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति प्रदान किया गया है।

### चोरी से बिजली का उपभोग करने के आरोप में 6 लोगों पर मामला दर्ज

**बरही।** चोरी से बिजली का उपभोग करने के आरोप में कनीय अभियंता ने 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।टोका लगाकर बिजली चोरी करने वालों और मीटर बाइपास कर बिजली जलाने वालों पर क्षतिपूर्ति राशि का जुमार्ना लगाया गया है। बिजली विभाग की टीम ने बरही के कोनरा सादी मोहल्ला, गया रोड बरही, और बरही चौक पर बिजली चोरी रोकने का अभियान चलाया। छापामारी दल में सहायक विद्युत अभियंता सत्यनारायण भोक्ता, कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद और ओंकार जायसवाल समेत बिजलीकर्मी शामिल थे।

# कटकमसांडी में रिश्वतखोरी का जंगल राज!

## ग्रामीण का आरोप, वनपाल ने 25,000 लेकर छोड़ा, न देने पर केस की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमसांडी।** वन विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। बहीमर बिट ऑफिस में प्रभारी वनपाल श्रवण कुमार मेहता और वनरक्षी वाल्टर बारला पर एक ग्रामीण से 25,000 रुपये लेकर उसे छोड़ने का गंभीर आरोप लगा है।

जानकारी के मुताबिक, 10 मार्च को ग्रामीण दुखन साव जंगल से लकड़ी के कुछ टुकड़े लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहे थे, जब वन विभाग की टीम ने उन्हें रोक लिया।



दुखन साव

पहले 10,000 रुपये लेकर छोड़ दिया गया, लेकिन बाद में 15,000 रुपये और मांगे गए। जब दुखन साव ने असमर्थता जताई, तो उन्हें केस करने की धमकी दी गई।सूत्रों के अनुसार, इस मामले में ट्रैकर प्रबिल यादव ने भी हस्तक्षेप किया और कहा कि दुखन साव गांव का ही रहने वाला है, इसलिए उसे छोड़ दिया जाए। दिलचस्प बात यह है कि प्रबिल यादव का नाम पहले भी अवैध बालू निकासी में आ चुका है। बताया जा रहा है कि जब वन विभाग बालू माफियाओं के ट्रैक्टर पकड़ता है, तो ट्रैक्टर मालिक कहते हैं कि वे प्रति ट्रिप 200 रुपये की रिश्वत पहले ही दे रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है जब प्रभारी वनपाल श्रवण कुमार मेहता और वाल्टर बारला पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इससे पहले भी उन पर जेसीबी मशीन छोड़ने के बदले 40,000 रुपये लेने का आरोप लग चुका है। यही नही श्रवण कुमार और वाल्टर बारला एक बार गहरी नींद में सोए रह गए थे, इसी बीच 200 मीटर की दूरी पर खड़े हरे-भरे बेशकीमती पेड़ काट डाले गए थे। इसपर भी काफी बवाल हुआ था। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी खुलेआम रिश्वतखोरी कर रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। लोग मांग कर रहे हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि वन संपदा की रक्षा हो सके और भ्रष्टाचार पर लगाम लगे।

**क्या कहते है समाजसेवी किशोरी राणा :** समाजसेवी व नव झारखण्ड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने बताया कि इन दोनों वन रक्षी की शिकायते आए दिन आते रहती है। जब बार बार शिकायते आती है तो विभाग को इसपर कार्रवाई करनी चाहिए। दुखन साव अपने प्लॉट से पेड़ का टहनी उठा कर ले जा रहा था। और फिर उसे पकड़ कर ले जाना यह निंदनीय है। उन्होंने यह भी बताया कि जंगल बचाने में गांव के लोग भरपूर सहयोग करते हैं, और रक्षक ही भक्षक बन जाए तो लोग किस पर विश्वास करेंगे।

**क्या कहना है श्रवण कुमार का :** इस संबंध में श्रवण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मुझपर लगा आरोप निराधार है। हम पहले बहिमर में वनरक्षी थे। कुछ महीना पहले मुझे सालपर्णी भेज दिया गया है। मेरा बहिमर मामले से क्या लेना देना। अगर कोई आरोप लगा रहा है तो वह प्रमाणित करें, नहीं तो आरोप लगाने वाले पर केस करेंगे।

**क्या कहते है डीएफओ :** इस संबंध में डीएफओ सूरज कुमार ने बताया कि यह मामला संज्ञान में आया है। बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति निजी प्लॉट से टहनी ले जा रहा था। मामले की जांच की जा रही है।

# होली आपसी समरसता और भाईचारे का पर्व: श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव





मंत्री संजय प्रसाद यादव का स्वागत करते कार्यकर्ता, फीता काटकर समारोह का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य

**सांडी में कार्यकर्ता सह होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन**

**सूबे के मंत्री संजय प्रसाद यादव मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** होली आपसी समरसता और भाईचारे का पर्व है। होली पर्व शान्ति और सद्भाव का संदेश देता है। हम सभी सद्भाव के साथ होली मनाएं। उक्त बातें सूबे के उधोग, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव ने कही। श्री यादव बुधवार को युवा राष्ट्रीय जनता दल रामगढ़ के द्वारा सांडी स्थित कुमार मैरेज हॉल में कार्यकर्ता सह होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संदेश देते हुए कहा की हम सभी लोग एक देश में रहते है, इस लिए होली ओर ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए। इससे पूर्व उनका स्वागत युवा राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव के नेतृत्व में 51 किलो का माला पहनाकर व बुके देकर किया गया। वही समारोह का शुभारंभ अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। बाद में मंत्री ने सभी कार्यकताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिये। मौके पर युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, युवा राजद प्रदेश सचिव ललन यादव, रामगढ़ जिलाध्यक्ष मो गुलजार अंसारी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, राजेश यादव, शाहिद सिद्दिकी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### बंद कबाड़ी दुकान में लगी आग



आग को बुझाते दमकल कर्मी

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के तोपा दुर्गा मंडप के समीप बुधवार की सुबह रूपेंद्र महतो, पंकज महतो के बंद पड़े कबाड़ी दुकान में अचानक आग लग गयी। दुकान में आग लगने से थोड़ी देर के लिए आस-पास लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बाद में घटना की जानकारी कुजू पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा तत्काल अग्निशमन को दिया. इसके बाद दमकल वाहन पहुंचकर लगे आग को बुझाया गया। अगर सही समय पर आग पर काबू नही पाया जाता तो पास ओर दुकान व क्वार्टर में आग लग जाती।

### प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है होली: प्रवीण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन का हुआ। शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों की टोली ने होली के पारंपरिक गीतों की प्रस्तुति कर माहौल को खुशी से भर दिया। सभी ने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

### चित्रगुप्त मंदिर रामगढ़ में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



समारोह में शामिल

**रामगढ़।** 12 मार्च 2025 को चित्रगुप्त मंदिर रामगढ़ में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता दीपक सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक राजेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में रोहित वर्मा, अशुतोष सिन्हा, सूर्यवंश श्रीवास्तव, नितेश रंजन, विकास कुमार, राजा श्रीवास्तव, अमित रंजन, रितेश रंजन, सुजीत रंजन, नरेश कण,विजय सिन्हा, अजीत सिन्हा, मिथलेश सिन्हा, अंशु, पंडित सनुज पांडे, मृत्युंजय पाठक सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस आयोजन को यादगार बनाया। उपस्थित लोगों ने समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया और आगामी समय में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# होली के रंग में सराबोर हुआ मां सती आरोग्य हॉस्पिटल

## स्नेह और सौहार्द्र का अनूठा उत्सव

संदीप पांडेय

**टाटीझरिया।** रंगों का त्योहार होली, जो प्रेम, भाईचारे और उल्लास का प्रतीक है, इसे और भी यादगार बनाने के लिए मां सती आरोग्य हॉस्पिटल, टाटीझरिया ने भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अस्पताल के संचालकों-प्रभात चौधरी, गौरव चौधरी और मनीष कुमार चौधरी-द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों ने मिलकर रंग-गुलाल उड़ाए और पारंपरिक स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। 12 मार्च, बुधवार को अस्पताल परिसर में आयोजित इस आयोजन में झरपो, भाराजो, खैरा, बैडमक्का, टाटीझरिया, बेडम, डहरभंगा, डूमर, धरमपुर सहित आठों पंचायतों के लोगों ने भाग लिया। अस्पताल प्रबंधन ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और यह भरोसा दिलाया कि मां सती आरोग्य हॉस्पिटल में हर छोटी-बड़ी बीमारी का इलाज अनुभवी डॉक्टरों द्वारा न्यूनतम शुल्क पर किया जाता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि मार्च माह में मरीजों के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे लोगों को बाहर जाने की परेशानी नहीं होगी। इस शानदार समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, लाल मोहन महतो, रजनीकांत चौधरी, परमेश्वर प्रसाद, योधी महतो, सुरेंद्र प्रसाद, सुरेश प्रसाद, निशि कुमारी, स्नेह और सेवा के भाव को और भी मजबूत करने का संदेश दे गया।



मौके पर उपस्थित लोग

## 13 मार्च की रात्रि 10:44 बाद होलिका दहन

# 15 मार्च को सर्वत्र होली मनाया जाएगा : सनुज पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** चित्रगुप्त सह महादेवी दुर्गा मंदिर के पुजारी सनुज कुमार पांडे ने बुधवार को बताया कि होली को लेकर लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार होली का त्योहार पूर्णिमा के अगले दिन यानि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि को मनाते हैं, जबकि होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा को भद्रा रहित मुहूर्त में रात के समय करते हैं।

**होलिका दहन मुहूर्त :** बताया कि 13 मार्च दिन गुरुवार को दिन 10:02 से पूर्णिमा तिथि भोग कर रहा है और भद्रा रात्रि 10:44 में खत्म होगा । इसलिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त रात्रि 10:44 के बाद होलिका दहन किया जाए तो बेहतर रहेगा।

**होली पर्व:** 14 मार्च को दिन 11:12 से प्रतिपदा तिथि आरम्भ हो रहा है जो 15 मार्च को दिन 12:39 तक रहेगा ।



सनुज कुमार पांडे

इसलिए शास्त्र विदित है कि चैत्र प्रतिपदा में जब सूर्योदय हो तब ही रंगों का त्योहार होली पर्व मनाया जाएगा। इसलिए सर्वत्र हाली 15 मार्च को मनाना श्रेष्ठ होगा।

**होलिका दहन की पौराणिक कथा:** पुजारी ने बताया कि पुराणों के अनुसार दानवराज हिरण्यकश्यप ने जब देखा कि उसका पुत्र प्रह्लाद सिवाय विष्णु भगवान के किसी अन्य को नहीं भजता तो वह क्रुद्ध हो उठा और अंततः उसने अपनी बहन होलिका को आदेश दिया की वह प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाए, क्योंकि होलिका को वरदान प्राप्त था कि उसे अग्नि नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

किन्तु हुआ इसके ठीक विपरीत, होलिका जलकर भस्म हो गई और भक्त प्रह्लाद को कुछ भी नहीं हुआ। इसी घटना की याद में इस दिन होलिका दहन करने का विधान है। होली का पर्व संदेश देता है कि इसी प्रकार ईश्वर अपने अनन्य भक्तों की रक्षा के लिए सदा उपस्थित रहते हैं।

बताया कि होली का त्योहार, वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है। यह एक नई शुरूआत का प्रतीक भी है. होली को मनाने के पीछे कई मान्यताएं और कथाएं हैं।

### परवरिश स्कूल में मना होली मिलन समारोह

**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के पैरों पर अबीर देकर आशीर्वाद लिया। साथ ही, आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के गानों पर नृत्य की और पूरा परिसर होली के गानों और होली के रंगों में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की होली रंगों का त्यौहार के साथ साथ प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। बच्चों ने होली समारोह के दौरान होली की गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति कर रौनक बढ़ाने का कार्य किया। वही, बच्चों में उमंगता और उत्साह देखने को मिला। समारोह का संचालन शिक्षिका रजनी कुमारी ने की।

## एक नजर में

### होली का धमाल मचाएँगे पद्मश्री मुकुंद नायक व मृदंग वादक पद्मश्री महावीर नायक की टीम

**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में पद्म श्री लोकगायक मुकुंद नायक और मृदंगवादक पद्मश्री महावीर नायक होली का धमाल मचाएँगे। उक्त आशय की जानकारी लघु उद्योग भारती के प्रांतीय महामंत्री विजय मेवाड़, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा, जिला इकाई के अध्यक्ष अनिल गोयल व सचिव अखिलेश सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया यह भव्य होटल शिवम् इन्न के सभागार में दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम 4.30 तक कलाकारों की टीम कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी । लउभा के पदाधिकारियों ने बताया इस होली मिलन समारोह में सदस्यों के परिवार, द टेम्पल ऑफ वारियर के कराटे खिलाड़ी , रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के डॉक्टर सुनील कश्यप सहित शहर के अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति रहेगी ।

### श्री साईं सेनेटरी एंड एजेंसी ने प्लंबर मिस्त्रियों संग मनाया होली मिलन समारोह

**कटकमदाग।** रंगों का त्योहार होली केवल रंगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, सम्मान और सौहार्द्र का प्रतीक भी है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए महुदर स्थित श्री साईं सेनेटरी एंड एजेंसी ने बुधवार को क्षेत्र के प्लंबर मिस्त्रियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अनूठे आयोजन में 30 से 40 प्लंबर मिस्त्री शामिल हुए और उत्सव को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्लंबर मिस्त्रियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और मिठाइयों के साथ इस उल्लासमय पर्व का आनंद लिया। यह आयोजन केवल रंगों की मस्ती तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सामाजिक एकता और श्रमिक वर्ग के सम्मान का भी संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्लंबर मिस्त्री विकाश कुमार, पिंटू भैया, सतीश कुमार, छोटू, राजेश राम, जीतू वर्मा, राजेश राणा, रितेश कुमार, छोटू प्रसाद, रंजन जी, अनिल जी, ऋषिकांत जी, विकाश जी, आनंद जी, राजू जी, श्याम जी समेत कई अन्य मिस्त्री उपस्थित रहे। श्री साईं सेनेटरी एंड एजेंसी द्वारा आयोजित यह समारोह प्लंबर मिस्त्रियों के प्रति आभार और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस पहल से समाज में सामूहिक सौहार्द्र और श्रमिक सम्मान को नई ऊर्जा मिली।

### पत्रकारों ने होली मिलन समारोह में बिखेरे रंग, स्वच्छ पत्रकारिता का लिया संकल्प

**दारू।** दारू प्रखंड के पत्रकारों ने होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पत्रकारों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और स्वच्छ एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की शपथ ली। समारोह में पत्रकार बसंत नारायण, महेश कुमार, राजन सिन्हा, पप्पू ठाकुर, सुनील यादव, रंजीत कुमार, रोशन सिन्हा, अनिल कुमार, भैया अखिलेश, राहुल सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को गले लगाया और समाज में सत्य और निष्पक्ष पत्रकारिता के महत्व पर चर्चा की। इस आयोजन में पत्रकारों ने एक सुर में कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण होती है और इसे निष्पक्षता और ईमानदारी से निभाना ही हमारा धर्म है। यह मिलन समारोह सिर्फ रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि पत्रकारों के आपसी एकता और सहयोग को भी मजबूत करने वाला रहा। होली के रंगों के बीच स्वतंत्र और सच्ची पत्रकारिता का यह संकल्प पत्रकारों के उज्जवल भविष्य का प्रतीक बना।

### बी.एम. मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह, भाईचारे का दिया संदेश

**बड़कागांव।** बी.एम. मेमोरियल स्कूल में निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सद्भावना व भाईचारे का संदेश दिया। निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि होली सभी भेदभाव मिटाकर समाज को जोड़ने का पर्व है। उन्होंने छात्रों को हर्बल रंगों के प्रयोग और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर और प्राचार्य कैलाश कुमार ने भी जल बचाने का संदेश दिया और होली को पर्यावरण के अनुकूल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, आनंद कुमार पासवान, मुकेश कुमार, सोनू कुमार समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने संगीत और नृत्य के साथ उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य किया, जिससे छात्रों को संस्कार, प्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश मिला।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द्र का त्योहार है। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने भारतीय संस्कृति की विशेषता बताते हुए कहा कि होली विविधता में एकता का परिचायक है। इस अवसर पर आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापकगण एवं बी.एड व डी.एल.एड के प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से होली की उमंग दिखाई दी। छात्रों ने परंपरागत गीतों पर नृत्य किया और आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा दिया। समारोह के अंत में सभी ने रंग-अबीर लगाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और होली के महत्व पर चर्चा की।

### सद्भावना विकास मंच व पुलिस मित्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**बरही।** सद्भावना विकास मंच सह पुलिस मित्र के तत्वावधान में गया रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बरही विधायक मनोज यादव, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पंसस विकास सिंह और आकाश जायसवाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने की, जबकि मंच के सचिव कुंदन कुमार ने संचालन की जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में कोरोना महामारी के दौरान किए गए सेवा कार्यों की डॉक्यूमेंट्री शामिल थी, जिसे एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया। इसमें मंच द्वारा जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री, दवा और अन्य सहायता प्रदान करने की झलकियां दिखाई गईं। इस पहल की उपस्थित जनसमूह ने सराहना की। विधायक मनोज यादव ने कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द्र का पर्व है और ऐसे आयोजनों से समाज में प्रेम और एकता का संदेश जाता है। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने पुलिस व समाज के सामूहिक प्रयासों को सराहा और इंस्पेक्टर आभास कुमार ने त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं और सदस्यों ने भाग लिया और रंगों के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

## उपायुक्त कार्यालय के सहायक गौतम कुमार सिन्हा का झारखंड राज्य टीम में हुआ चयन

- ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखाएंगे अपना जौहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा 17 मार्च से 24 मार्च तक दिल्ली में होने वाले ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट में उपायुक्त कार्यालय के सहायक व डोमचांच निवासी गौतम कुमार सिन्हा का चयन बतौर खिलाड़ी हुआ है। झारखंड सरकार खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा झारखंड राज्य की टीम में उनका चयन किया गया है, इस टीम में श्री सिन्हा समेत राज्य के विभिन्न जिलों के 16 पदाधिकारियों, सहायकों का चयन किया गया है। श्री सिन्हा का चयन बतौर सलामी बल्लेबाज के रूप में किया गया है। बचपन से क्रिकेट के शौकीन रहे गौतम कुमार सिन्हा को सरकारी सेवा में आने के बाद पहली बार झारखंड टीम में शामिल होने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बचपन से ही क्रिकेट खेलने का जुनून रहा है, जो सेवा में आने के पहले तक बरकरार रहा है। नौकरी में आने के बाद क्रिकेट खेल से तो पहले जैसा रिश्ता नहीं रहा परन्तु दिल में बड़े स्तर पर क्रिकेट खेलने का सपना था, जो आज पूरा होने जा रहा है। पहली बार स्टेट की ओर से ओपनर बैट्समैन के रूप में क्रिकेट खेलने का अवसर मिलने पर काफी खुश और गर्वान्वित हूं। राज्य सरकार ने जिस उम्मीद से मेरा चयन किया है, उस पर खरा उतरने व झारखंड राज्य की विजेता टीम बनाने का हरसम्भव प्रयास करूंगा। श्री सिन्हा ने बताया कि उक्त क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए विभाग द्वारा राज्य कर्मियों व पदाधिकारियों का चयन ट्रायल 8 मार्च को किया गया था। वहीं उन्होंने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली के अलग अलग क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश के लगभग सभी राज्यों से बनी टीमें शामिल होंगी।

### एसपी ने की क्राइम मीटिंग, अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

# होली के दौरान शरारती तत्वों पर रखी जायेगी कड़ी नजर : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विगत दो माह में थाना प्रभारियों के द्वारा विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कुर्की जप्ती समेत किये गए अन्य कार्यों की समीक्षा कर एसपी ने कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे थानावार विभिन्न प्रकार के लम्बित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, अवैध रूप से पत्थर, कोयला, बालू के खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, थाना क्षेत्र के उपद्रवियों, शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने, सभी थाना क्षेत्रों में विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने, होली के दौरान नियमित रूप से गश्ती करने, हुड़दंगियों, मनचलों और शराब पीकर हंगामा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, सभी थाना के थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

## त्यौहार के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**कोडरमा।** होली व ईद समेत आगामी अन्य त्यौहार को देखते हुए एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर कोडरमा पुलिस ने स्थानीय बागीटांड़ स्टेडियम में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस के जवानों ने उपद्रव, भीड़ नियंत्रण समेत अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए कौशल का प्रदर्शन किया।

### खबर एक नजर में

## 15वें वित्त आयोग 2025-26 की योजनाओं के चयन को लेकर पंचायत समिति की बैठक आयोजित



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने की, जबकि संचालन बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप ने किया। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत 2025–26 की योजनाओं के चयन को लेकर गहन चर्चा की गई। पंचायत समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं पर विचार–विमर्श किया। इस दौरान बीडीओ और प्रमुख ने उपस्थित सदस्यों को योजनाओं के चयन से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव, शालिग्राम यादव, वकील खान, लखन दास, सतेंद्र भारती, वीरेंद्र भारती, मोहन दास, सतेंद्र दास समेत प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन सख्त, चला बुलडोजर



**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को पत्थलगड़ा में अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। इस दौरान अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े कदम उठाए गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक कार्रवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी समेत पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद कार्रवाई की गई। इस दौरान कई अवैध निर्माणों को हटाया गया और स्थानीय लोगों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन का कहना है कि अवैध कब्जाधारियों को पहले ही नोटिस दिया गया था, लेकिन कार्रवाई के बावजूद अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया, तो कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बीडीओ राहुल देव ने किया। इस अवसर पर सीईओ अनंत संयम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, प्रमुख अनीता यादव, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान बीडीओ राहुल देव ने सभी से शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पर्व है, जिसे मिल–जुलकर मनाना चाहिए। इस मौके पर मुखिया निर्मला देवी, जगदीश यादव, भाजपा नेता सत्येंद्र कुशवाहा, महावीर डांगी, मनोज कुमार कुशवाहा, महादेव डांगी, सियाई प्रमोद सिंह, पप्पू कुमार, रामाशीष यादव समेत कई गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में होली मिलन समारोह का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों, और विद्यार्थियों ने एक दूसरे को होली की खुशी में अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। रंगोत्सव के इस पवित्र अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यालय के विद्यार्थियों को असत्य पर सत्य की विजय, अन्याय पर न्याय की विजय और अहंकार को चूर करने वाले त्योहार के साथ साथ चैत्र मास की पहली दिन के आगमन की खुशी में रंगों के त्योहार होली की बधाई दी। वहीं उन्होंने सभी को शांति और सौहाद्र पूर्वक होली की त्योहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम को विद्यालय के उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, महेन्द्र कुमार पांडेय ने भी संबोधित किया। मौके पर अर्जुन चन्द्र यादव, दीपक कुमार, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, पप्पु कुमार, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, बिट्टू कुमार, सनोज कुमार, सुनील कुमार यादव, शरीफ अंसारी, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, पम्मी राय, पंकज कुमार साव, केदार यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय, रंजीत, इस्तियाक अंसारी, रवि रंजन, सतीश कुमार समेत सभी शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन द्वारा पहली बार उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामु, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिमरिया, उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बछेडीह से 366 छात्रों ने 10वीं बोर्ड एवं 358 छात्रों ने 9वीं बोर्ड में भाग लिया। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलाड़ीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गैरागी, उतक्रमित मध्य विद्यालय सोनेडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनराडीह, उत्क्रमित्त मध्य विद्यालय बांसडीह एवं सीपीएस गैरागी से 178 छात्र–छात्राओं ने 8वीं बोर्ड में सम्मिलित हुए। वहीं केंद्राधीक्षक पंकज कुमार मालाकार ने उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने में बीडीओ, थाना प्रभारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट निखिल कुमार, मो. इसराफिल एवं समस्त सुरक्षाकर्मी, राजकुमार साव, गगन कुमार दास, संतोष कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार यादव समेत कई वीक्षक लगे हुए थे।

## नगर प्रशासक ने पटाखों की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर प्रशासक अंकित गुप्ता बुधवार को शहर के विभिन्न जगहों पर अवस्थित पटाखों के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों के लाइसेंस जांच करते हुए कहा कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखे बेचते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं उन्होंने दुकानदारों से बालू भरी बाल्टियों के साथ–साथ अग्निशमन यंत्र आदि रखने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार, रणधीर वर्मा, महादेव यादव, विमल कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

## सीएचसी कैंपस में कैंटीन का उद्घाटन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को कैंटीन की शुरुवात की गयी। कैंटीन का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ हुलास महतो, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, समाजसेवी रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उक्त कैंटीन का संचालन महिला समूह के लक्ष महिला मंडल की सदस्य सावित्री देवी द्वारा संचालित किया जाएगा। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्रतिदिन मरीजों का आना–जाना लगा रहता है और अस्पताल में डिलीवरी तथा अन्य बीमारियों से ग्रसित लोग आकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती भी होते हैं। जिनके लिए यह कैंटीन बहुत लाभ पहुंचाएगा। अब अस्पताल के ही अंदर मरीजों को खाने पीने के सभी चीजें मौजूद रहेंगी। मौके पर डॉ.आकांक्षा, डॉ.श्रीकांत, निखिल कुमार, सतीश सिंह, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज सिंह, गंगाधर दास, सतीश बर्णवाल, नीरज साव, शंभू कुमार, सलोनी कुमारी, रीता शर्मा, अर्जुन महतो, देवानंद दास समेत कई लोग मौजूद थे।

## हेरिटेज पब्लिक स्कूल में मना रंगारंग होली उत्सव, अभिभावकों ने भी बढ़ाया उत्साह



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हेरिटेज पब्लिक स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं विद्यालय परिसर रंगों, खुशियों और उत्साह से सराबोर रहा, जहां छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर इस रंगीन उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें होली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं छात्रों को बताया गया कि यह त्योहार सद्भाव, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। छात्र सफेद पारंपरिक पोशाक या रंग–बिरंगे वस्त्र पहनकर आए, जिससे पूरे स्कूल का माहौल और भी रंगीन और उत्साहपूर्ण हो गया। विद्यालय ने पर्यावरण अनुकूल और सुरक्षित होली के महत्व को समझाते हुए रंगों का प्रयोग न करने की सलाह दी। इसके स्थान पर संगीत, नृत्य, कविता पाठ, नाट्य मंचन और होली से जुड़ी कहानियों का मंचन किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। वहीं प्राचार्या मारिया मंडल ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम और सौहार्द का त्योहार है। हमें यह सिखाता है कि जीवन में एकता और सद्भाव कितना महत्वपूर्ण है।

## जीएस.पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह

- एकजुट व प्रेम भाव से खेलें होली : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल में बुधवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया, साथ ही स्कूली बच्चे विद्यालय प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखे व शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल व गले लगाकर होली की ढेरों शुभकामनाएं दी। वहीं समारोह में अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन ने विद्यालय परिवार को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए हैप्पी होली सेफ होली की बात कहते हुए सभी से सौहार्दपूर्ण होली खेलने की कामना की।

वहीं निदेशक ने संबोधित करते हुए कहा होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, क्योंकि यह हिरण्यकश्यप पर विष्णु की नरसिंह नारायण के रूप में जीत का जश्न मनाता है। होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। वहीं उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी सबों को गुलाल व गले लगकर अपने संबोधन में कहा कि प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाई-चारे का संदेश देता है।

वहीं प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने कहा फागुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं जुड़ी हैं।

समारोह में गुलाब चंद सहा, काजल साव, राघव सिन्हा, केक्रेपाठक, निरंजन कुमार, रामलखन राम, सुनील कुमार शर्मा, आशीष कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार शर्मा, नेहा कुमारी, अनुज कुमार, मंजू कुमारी, मनीष दीक्षित, नंदिनी गुप्ता, दिलीप कुमार, पूजा कुमारी, शुशीला कुमारी, प्रीति प्रिया समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## डोमचांच थाना क्षेत्र के ताराटांड़ में एक युवक का शव बरामद

- बताया जा रहा है कि क्रेशर में काम करने के दौरान दारको टुडू की मौत हो गई, जिसके बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को फेंक दिया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ताराटांड़ में बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिलने के बाद आस-पास के ग्रामों में हड़कंप मच गया। वहीं शव की पहचान 35 वर्षीय दारको टुडू पिता सिमन टुडू फुटका भेलवाघाटी देवरी थाना गिरीडीह निवासी के रूप में हुई है। वहीं मृतक का पैर कटा हुआ पाया गया जो शरीर से अलग हो चुका था। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डोमचांच थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी मनीषा टुडू ने बताया कि मेरा पति नवलशाही थाना क्षेत्र के पुरनाडीह निवासी बीरेंद्र यादव के क्रेशर में काम करता था। मंगलवार की शाम पति ने मुझे फोन कर बताया कि बुधवार तक ही क्रेशर में काम चलेगा, उसके बाद हम घर आ जाएंगे, तभी बुधवार की सुबह मेरी सास के मोबाइल पर मृतक के दोस्त के द्वारा घटना की सूचना दी गई। सूचना के बाद हमसब परिजन घटनास्थल के बाद थाना पंहुचे। वहीं मृतक की पत्नी ने बताया कि मालिक के द्वारा हर छोटी-मोटी बातों का जिक्र किया जाता था, लेकिन घटना की सूचना नहीं दी गई। वहीं बताया जा रहा है कि क्रेशर में काम करने के दौरान मृतक दारको टुडू की दुर्घटना में बीती रात 8 बजे मौत हो गई, जिसके बाद साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से मृतक को नवलशाही थाना क्षेत्र से डोमचांच थाना क्षेत्र के ताराटांड़ में शव को फेंक दिया गया। वहीं घटना को लकर थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं मृतक के परिजन जिसमें सास चुटकी टुडू, मां सीता सोरेन, चाचा और चाची थाना परिसर में बुधवार की संध्या न्याय की गुहार लगाने बैठे हुए थे। वहीं खबर लिखे जाने तक परिजनों के द्वारा थाना में घटना से संबंधित आवेदन देने की तैयारी की जा रही थी।

## सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, चार छात्राएं घायल



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चिगलाबर के समीप स्कूली बच्चों से भरी सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो से एक निजी विद्यालय के छात्र–छात्राएं सवारी गाड़ी से परीक्षा देने के लिए सीएच स्कूल झुमरीतिलैया जा रहे थे। इसी दौरान चिगलाबर के समीप गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें सवार चार छात्रा घायल हो गई। वहीं घायलों की पहचान पिपचो निवासी नेहा परवीन पिता अनवर अंसारी, आलिया इकराम पिता इकराम खान, तुडमी निवासी करीना कुमारी पिता महेश दास, ज्योति कुमारी पिता राजेंद्र राणा के रूप में की गयी। वहीं इस घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा घायल छात्राओं को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है।

## जेजे कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जेजे कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिथलेश उपाध्याय ने शिक्षकों, कर्मियों व छात्र–छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि यह देश की एकता, अखण्डता और सौहार्द्र का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ताओं, कॉलेज के शिक्षकों, कर्मियों व छात्र–छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। मौके पर रितेश माधव, मिथलेश कुमार, वीरेंद्र कराटे, नितेश कुमार, आकाश कुमार, मिथुन कुमार, सन्तोष कुमार, प्रभात कुमार, सुनैना कुमारी आदि मौजूद थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में 9वीं व 11वीं के परिणाम घोषित

- ग्रेजुएशन समारोह का भी हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं के परिणामों की घोषणा के साथ-साथ ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 9वीं में राजवीर मोदी, पीयूष राज, आयुष कुमार, मानसी ऐश्वर्यम और सौरभ रंजन ने शीर्ष 5 स्थान प्राप्त किए। वहीं कक्षा 11वीं में खुशी कुमारी शर्मा, अफरीन प्रवीन, सुमित कुमार, शिवानी कुमारी और मिस्टी राज ने शीर्ष स्थान हासिल किया। इन मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने सम्मानित किया। विद्यालय में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए और उन्हें उनके अगले शैक्षणिक सफर के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज का दिन हमारे विद्यार्थियों के लिए गर्व और नई प्रेरणा का दिन है। 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्रेजुएशन समारोह के माध्यम से हम अपने छात्रों को अगली कक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे आने वाले वर्षों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मनोज पांडेय, अभिलाषा सिंह, सतीश कुमार, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, दीपक सर्राफ, शाहिद आलम सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन

- अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज (चतरा)।** बुधवार को हंटरगंज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से शालीनता और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील की। साथ ही, अभिभावकों से विशेष अनुरोध किया कि वे होली के दौरान अपने बच्चों को बाइक की चाबी न दें, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

समारोह के दौरान प्रखंड के अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, अंचल अधिकारी अरुण मुंडा, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा, बीपीओ विनोद कुमार गुप्ता, डुमरी पंचायत मुखिया पिंटू सिंह, डाहा पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव सहित अन्य प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और प्रखंडवासी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



**चैनपुर।** चैनपुर में बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रखंड और अंचल के कर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन अच्छाई की विजय का प्रतीक है जो हमें इस बात का एहसास कराता है कि सच्चाई और नैतिकता हमेशा विजयी होती है। उन्होंने आगे कहा कि होली शीत ऋतु के अंत और वसंत के आगमन का संकेत देती है और यह नए मौसम का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करती है। अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता ने समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जहाँ लोग जाति, धर्म, अमीर-गरीबी जैसी दीवारों को तोड़कर एक साथ आते हैं और खुशी मनाते हैं। यह त्योहार दोस्ती, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है और लोग पुराने मतभेदों को भुलाकर नए संबंध स्थापित करते हैं। इस समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, संजय ओहदार, रश्मि भारती, कमलेश तिर्की समेत अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस पर्व को मनाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस प्रकार चैनपुर का यह होली मिलन समारोह न केवल रंगों और खुशियों का प्रतीक था, बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश देकर गया।

### डुमरी थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक



**डुमरी।** डुमरी थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का एवं थाना प्रभारी अनुज कुमार संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक में होलिका दहन गुरुवार को एवं होली शनिवार को मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि डुमरी में कोई भी त्यौहार शांति पूर्ण ढंग से मनाया जाता है जो अत्यंत ही प्रशंसनीय है। वहीं कहा कि होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी ग्रामवासियों को पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया पर चलने वाले अफवाहों से बचने एवं किसी दूसरे समुदाय के लोगों को उनके इच्छा के विरुद्ध रंग लगाने से परहेज करें। प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि वर्तमान में रमजान का महीना चल रहा है जिसे देखते हुए होली शान्तिपूर्ण ढंग से मनाएं एवं नशा पान से दूर रहकर एक दूसरे से खुशियां बांटे। मुखिया ज्योति बहेर देवी ने भी रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाने एवं आपस में भाईचारगी के साथ मिलजुलकर खुशियां मनाने की बात कही। मौके पर एसआई मनोज कुमार, अंचल कर्मचारी प्रणय हजाम, मझगांव मुखिया ज्योति बहेर देवी, जैरागी रेखा मिंज, सझीलाल साहू, सत्यनारायण ताम्रकार, अख्तर अली, शमीउल्लाह अंसारी, उमेश कुमार, अमित सिंह, दीपक सिंह, गंगा प्रसाद, अलाउद्दीन अंसारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

### जारी थाना में होली व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**जारी।** जारी थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें होली पर्व शनिवार को मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि जारी त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने की परंपरा रही है जो अत्यंत ही प्रशंसनीय है। होली पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी ग्रामवासियों को पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। साथ ही कहा कि किसी भी प्रकार के सोशल मीडिया पर चलने वाले अफवाहों से बचने एवं किसी दूसरे समुदाय के लोगों को उनके इच्छा के विरुद्ध रंग लगाने से परहेज करें। प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि वर्तमान में रमजान का महीना चल रहा है। जिसे देखते हुए होली शान्तिपूर्ण ढंग से मनाएं एवं नशा पान से दूर रहकर एक दूसरे से खुशियां बांटे। होली का त्यौहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने एवं आपस में भाईचारगी के साथ व मिलजुलकर पर्व मनाने की बात कही। मौके पर एसआई अरुण पांडे, परशुराम सिंह,रजनी मिंज,इमामुदिन खान,भलेंन मिंज,तस्लीम खान,असफाक खान सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## सुखदेव भगत ने उठाया झरिया अंडरग्राउंड फायर का मामला कोयला मंत्री ने कहा, केंद्र झरिया के विकास के लिए करेगी काम

खबर मंत्र संवाददाता



संसद में सवाल पूछते सांसद सुखदेव भगत।

**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने बुधवार को संसद सत्र में झारखंड के झरिया में अंडरग्राउंड फायर का मामला उठाया। सांसद ने कहा कि विगत कई वर्षों से झारखंड के झरिया में अंडरग्राउंड फायर के चलते तमाम गांव खाली करने पड़ रहे हैं जिसे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने मंत्री से जानना चाहते हैं इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं। कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने सांसद सुखदेव भगत के प्रश्नों का जवाब देते हुए बताया कि मैं झरिया दो बार स्वयं गया हूं। कई दशकों से झरिया में अंडरग्राउंड आग लगा हुआ है, जो लगातार जलते रहता है, जिसके लिए भारत सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक हाई लेवल का मीटिंग किया है। इस संदर्भ में दो-तीन और बैठकें भी हुई है। इसको रोकने के लिए राज्य सरकार का भी सहयोग चाहिए। केंद्रीय सरकार वर्कर्स के लिए 30000 क्वार्टर बनाया है और आगे भी बनाएंगे। झरिया के विकास के लिए केंद्र सरकार राशि खर्च करने के लिए तैयार है। पहले झरिया मास्टर एक्शन पर प्लान बनाया गया था जो सफल नहीं हुआ। प्रधानमंत्री इस संबंध में हाई लेवल कमेटी का गठन किए हैं जिसमें सारे ऑफिसर, बाहर के टेक्निकल ये सारे लोग झरिया पहुंचकर गांव के लोगों, वर्कर्स से मिला। गांव के आसपास से लोगों से भी मिला। मेरा विश्वास है कि एक या दो माह के अंदर झरिया एक्शन प्लान बनकर तैयार हो जाएगा। जिसमें हम लोग प्रभावित लोगों को घर देने के लिए तैयार हैं, रोजगार देने के लिए तैयार सोच रहे हैं। केंद्र सरकार राज्य सरकार के सहयोग से झरिया के विकास के लिए सकारात्मक कार्य करेंगे।

## गुमला : चेंबर ऑफ कॉमर्स ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के बस स्टैंड रोड स्थित कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन मंगलवार की रात किया गया। कार्यक्रम में चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह चेंबर के सभी पदाधिकारी, सदस्य व व्यापारियों का स्वागत किया। सब ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर प्रेम और भाईचारे का परिचय दिया। मौके पर चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि होली प्रेम सौहार्द व आपसी भाईचारे का पर्व है। सभी मेहमानों के लिए व्यंजन का भी इंतेजाम किया गया था। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष रमेश चीनी, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पदम साबु, पवन अग्रवाल, सरजू प्रसाद साहू, हिमांशु केसरी, दिनेश अग्रवाल, विकास सिंह, मुन्नीलाल साहू, दिलीप गुप्ता, गुरमीत सिंह, अजय कुमार राणा, अनिकेत, रितेश गुप्ता शंकर लाल साहू, योगेश शर्मा, राहुल केशरी, रूपक कुमार, राजेश गुप्ता, रवि गुप्ता आदि कई व्यापारी शंकर जाजोदिया, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, पंकज सोनी, चीनू साबू, मनीष गुप्ता, आनंद, दीपक, मनीष, रूपेश आदि उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वार्षिकोत्सव सृजन कार्यक्रम का आयोजन

## शिक्षा को आनंदपूर्वक अपनायें : एसपी शंभू सिंह

- बच्चों ने की शिव तांडव से लेकर कई मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत

खबर मन्त्र संवाददाता






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को मेमोंटो प्रदान करते प्रधानाचार्य व अन्य।

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में नवीन कोपलों के सर्वांगीण विकास को समर्पित वार्षिकोत्सव सृजन का आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक गुमला शंभु कुमार सिंह, एसडीपीओ गुमला सुरेश प्रसाद यादव, डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी हेहल प्रधानाचार्य एसके मिश्रा, सिविल जज सह ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट श्रद्धा भूषण, डीएवी गुमला एलएमसी मेंबर देवसागर सिंह, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू, डीएवी खूंटी प्रधानाचार्य मनोजेश्वर कुमार, डीएवी सिमडेगा प्रधानाचार्य सुजोय कुमार मिश्रा ने किया। डॉ रमाकांत साहू ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। उन्होंने अतिथियों को विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। एसपी गुमला ने कहा कि आज विद्यार्थी जीवन की यादें ताजा हो गईं। लर्निंग एक प्रक्रिया है। जिसकी नींव स्कूल में पड़ती है। क्योंकि स्कूल में शिक्षा के साथ वैल्यूज सिखाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा को आनंदपूर्वक अपनाएं। पढ़ने से ज्यादा सीखने पर फोकस करें, कॉन्सेप्ट पर बल दें। एसके मिश्रा ने कहा कि आज का यह लोमहर्षक एवं अविस्मरणीय कार्यक्रम सुकून देने वाला है। विद्यालय सृजन एवं इनोवेशन का हब है। हमें बच्चों को जीने की कला सिखानी है। इसके पूर्व कैडेट ताशा झा के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने मुख्यातिथि की अगुवाई की। कक्षा प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा द्वितीय के प्रणिल साहू एवं अन्य नन्हें विद्यार्थियों ने मंच संचालन किया।

### गुमला : विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर कारवाई करने का निर्देश

## होली में शांति व्यवस्था बनाये रखे : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



वीडियो कान्फ्रेसिंग से समीक्षा बैठक करते डीसी कर्ण सत्यार्थी।

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में होली एवं रमजान पर्व में सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक गुमला एवं जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में होली एवं रमजान पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा करते हुए एक-एक कर सभी बिंदु पर जानकारी प्राप्त करते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि इस पर्व की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संबंधित अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, सभी बीडीओ एवं सभी सीओ एवं थानाध्यक्षों का कर्तव्य होगा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होली के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को संपन्न कराएं। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन पर कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही त्योहार को ध्यान में रखते हुए ऐसा क्षेत्र, जहां अधिक संख्या मे लोग जुटते हैं। वैसे क्षेत्रों मे सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती, पुलिस गस्ती दल का संबन्धित क्षेत्र मे भ्रमण तथा अग्निशमन दल से समन्वय स्थापित कर वाहन की उपलब्धता तथा वैसे क्षेत्रों मे नो एंट्री जैसी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसपी शंभू कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि त्योहार के अवसर पर अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र अंतर्गत शरारती एवं उपद्रवी तत्वों पर तथा उनके मूवमेंट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### 15 लीटर महुआ चुलाई शराब जब्त, दो हिरासत में

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के कारोबार पर नियंत्रण रखने के लिए उत्पाद अधीक्षक गुमला के निर्देशानुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के आनंदपुर में एक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान टीम ने लगभग 15 लीटर महुआ चुलाई शराब को जब्त किया। साथ ही लगभग 100 किलोग्राम जावा महुआ को जब्त कर नष्ट किया गया। छापामारी के दौरान दो अभियुक्त, गणेश लोहरा और ललिता देवी को हिरासत में लिया गया है। इस अभियान में अवर निरीक्षक उत्पाद प्रदीप कुमार करमाली, उत्पाद सिपाही और सशस्त्र गृहरक्षक बल के सदस्य शामिल थे। टीम ने बड़ी कुशलता से कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार को रोकने में सफलता प्राप्त की है। प्रदीप करमाली का कहना है कि होली जैसे पर्व पर अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे। स्थानीय निवासियों ने भी इस कार्रवाई का स्वागत किया है और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक कदम बताया है।

## हर घर नल योजना का देवाकी के लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

### ग्रामीण पेयजल को लेकर परेशानी, पाइपलाइन लगाने के बाद किसी घर में नल नहीं लगाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



दूर से पानी भरकर घर ले जाती महिला।

**घाघरा।** सरकार लाख दावा कर ले हर घर में नल से जल पहुंचाने की। लेकिन गांव के लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। मामला घाघरा प्रखंड के देवाकी गांव के नीचे टोला की है। जहां पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। हर घर नल से जल पहुंचने के लिए जल मीनार बनाया गया। पाइपलाइन लगाया गया। लेकिन किसी भी घर में नल ही नहीं लगाया गया और तो और सोलर जलमीनार में बोरिंग से पानी ही ऊपर नहीं जा रहा है। जिसकी शिकायत कई बार विभाग के लोगों से ग्रामीणों ने किया है। लेकिन अब तक इस पर कोई पहल नहीं किया गया। भीषण गर्मी पहुंचते ही पानी के लिए हाहाकार हर सुबह से लेकर शाम तक देवकी में आम हो गया है। ग्रामीण महिला तारा उरांव, धनिया देवी सहित कई लोगों ने बताया कि जलमीनार लगाए लगभग एक साल हो गया लेकिन आज तक एक बूंद पानी घर तक नहीं पहुंचा। जल मीनार लगा रहे ठेकेदार को कई बार हम लोगों ने कहा लेकिन उनके कान में जू तक नहीं रहेंते। उल्टा ठेकेदार के जो वर्कर है कहते हैं कि हमें ठेकेदार के द्वारा नल नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते पानी सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण का पानी के बिना बुरा हाल हो गया है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द अगर पानी की सप्लाई नहीं की जाती है तो देवाकी गांव के समीप घाघरा नेतरहाट मुख्य पथ को जाम करके आंदोलन करेंगे। इस पूरे मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में हर घर में नल से जल पहुंचना सरकार की प्राथमिकता है पानी सप्लाई के लिए वरीय अधिकारियों को सूचित कर जल्द ही विभाग के लोगों को भेज कर सप्लाई शुरू कराया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नामोदाग में पोल नंबर 508/13 के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबन्ध में बताया जाता है कि रांची से टोरी जाने वाले यात्री ट्रेन नामोदाग गांव के समीप से गुजर रही थी उसी समय ये अज्ञात व्यक्ति ट्रेन के चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर इसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना आरपीएफ थाना को दे दी गई जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

### चलती वैन में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के निंगनी गांव के समीप बुधवार की दोपहर एक चलती मारुति वैन जो पेसरार की ओर जा रही थी में आग लग गई। ग्रामीणों द्वारा शोर करने पर ड्राइवर ने गाड़ी रोककर बचाई अपनी जान। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लोहरदगा की और से आ रही मारुति वैन जैसे ही निंगनी गांव में बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पास पहुंची तो उसके पीछे अचानक आग लग गई, जिसे देखकर लोगों ने ड्राइवर को शोर मचाकर जानकारी दी जिसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी रोक दिया और आग देखते ही गाड़ी से तुरंत उतरकर अपनी जान बचाई। आग के धीरे धीरे पूरे वाहन का अपने चपेट में ले लिया, घटना की जानकारी दमकल को दी गई। दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई हालांकि गाड़ी पूरी तरह जल कर राख हो चुका था। इस घटना को देखने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

### बीमा धारक का पूर्ण अवधि, मृत्यु दावा भुगतान आदि अनेक भुगतानों नेफ्ट से करे : अनंत



**गुमला।** भारतीय जीवन बीमा निगम गुमला शाखा के द्वारा नगर भवन गुमला में अभिकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। समारोह में जमशेदपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अनंत भूषण रथ, गुमला शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोकी चंद्र गोयल, जमशेदपुर के मैनेजर सी एल आई पवन बंगरा, गुमला शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक अश्विनी कुमार एवं पिंटू कुमार ने समारोह की शुरूआत की। अभिकर्ता सम्मान समारोह में लगभग 200 से ज्यादा अभिकर्ता शामिल हुए। वर्ष 2024-25 में 100 बीमा से अधिक बीमा करने वाले एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिकर्ताओं को वरिष्ठ मंडल प्रबंधक द्वारा पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनंत भूषण ने कहा कि मार्च के महीने में बीमा धारक का पूर्ण अवधि, मृत्यु दावा भुगतान आदि अनेक भुगतानों को नेफ्ट के द्वारा भुगतान किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए बीमा सखी योजना की शुरूआत की। जिससे कि भारत की महिलाएं अभिकर्ता के रूप में अपने आप को सशक्त बना सके। इस योजना में प्रत्येक महिलाओं को 7000 प्रत्येक महीने पारितोषिक के रूप में भुगतान किया जाएगा। गुमला शाखा के मुख्य शाखा प्रबंधक त्रिलोकी चंद गोयल ने कहा कि अभी इस महीने मार्च मैंनिया कंपटीशन अभिकर्ताओं के लिए लाया गया है। जिसमें क्वालीफाई होने वाले सभी अभिकताओं को तीन बीमा करने पर उपहार स्वरूप 2700 रुपए का बैग दिया जाएगा। समारोह में अभिकता जगदीश जयसवाल, सरस्वती देवी, विनोद साहू, अजय साहू, मो जहीरुद्दीन, उमेश चौधरी, राजीव कुमार, रितेश प्रसाद, विनय कुमार, गुप्ता, दीपक ठाकुर, अजय साहू, जगदीश कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर में होली मिलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में विद्यालय परिवार द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को होली के इस पावन अवसर पर खुशियां और रंगों से भरी शुभकामनाएं दी। होली भैया-बहनों के जीवन में नए रंग और उत्साह लेकर आए। होली मिलन कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों एवं आचार्य-दीदी जी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी बच्चे रंग लगाकर काफी उत्साहित थे। सभी भैया-बहनों को होली पर्व के महत्व तथा होली खेलने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी प्रधानाचार्य के द्वारा बताया गया। मौके पर वरिष्ठ आचार्य मधुमिता शर्मा, अनीता देवी, जोधन सिंह, जया मिश्रा, श्वेता संदेश, नीलिमा सिंह, मंजू देवी, बीना तिवारी, जामवंती मिश्रा समेत अन्य सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में भैया बहनों एवं उनके परिवार को होली की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली मिलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** पालकोट रोड स्थित संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सत्र के आखिरी दिन होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने एक दूसरे के गाल पर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल होली को रंगों का त्योहार बतलाया। प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने सभी बच्चों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गायत्री गुप्ता, शिक्षिका मैत्री अधिकारी, रीता लाल, पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, शोभा तिर्की, विनीता गुप्ता, प्रिंसी गुप्ता, उषा रानी, पायल साहू, निहारिका सिंह, मालती कुमारी, सीमा शर्मा, तरन्नुम अनुप्रिया, कीर्ति साहू, कविता, सुमन कुमारी, जय किशोर, विपुल, कृष्णा नंदन, राजेश खत्री एवं काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता जनता को सम्मान दें : विधायक

### जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक को संबोधित करते विधायक भूषण बाड़ा।

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक सह गुमला जिला प्रभारी भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक भूषण बाड़ा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए मुझे दो जिला का प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होना होगा। साथ ही डोर टू डोर लोगों को कांग्रेस पार्टी के बारे में जानकारी दे। पार्टी के कार्यकलाप की जानकारी साझा करें। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी वरीय पदाधिकारी को प्रखंड स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता से संपर्क कर पार्टी के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आम जनता के साथ साथ किसानों के मुद्दो पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ता का उत्साह और मनोबल टूटने नहीं दिया जाएगा। संगठन का एक एक कार्यकर्ता कीमती है और पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान बराबर हैं। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता आम जनता को सम्मान दे। उनके हर सुख दुख में शामिल हों और उनकी समस्या को दूर करने का प्रयास करें। जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने संगठन के बारे में जानकारी दी। बैठक में रमेश कुमार चीनी, अकिल रहमान, दीपनरायण उरांव, राम निवास प्रसाद, सुनीता तिर्की, रिजवान अंसारी, तरुण गोप, मनीष कुमार साहू, शकील अहमद, प्रदीप सोरेंग, पुरूषोतम कुजूर, मो मिन्हाज, मुख्तार आलम, खालिद शाह, गुलाम सरवर, विजय ठाकुर, बैबुल अंसारी, राजू भगत, बिहारी भगत, साहेब वाशिम, आजाद अंसारी, अनिल केरकेट्टा, राजा खड़िया, नारायण एक्का, ब्रज किशोर उरांव, रोहित एक्का, पवन केवट, सुजय बड़ा, जबर खान, माजिद अंसारी, मीरा हामिद, दिलबर, अरुण पांडे, विकास साहू, शहजाद खान, जितेंद्र लोहरा, इस्तियाक अंसारी, डॉ ए अशरफ, ऋषिकांत कुमार, राजेश टोप्पो, मनरुब अंसारी, अशरफ, अबू रेहान, अफसर अंसारी, अशोक सिंह, संजय साहू, भुनेश्वर राम, मानती देवी, साहिना खातून, ललिता देवी, क्रिस्टीना टोप्पो, ख्रीस्टीना तिर्की, तबरेज, मुस्ताक आलम, अमित बारला, विमल किशोर, नारायण राजू, डॉ इम्तियाज हुसैन, इकरामुल हुसैन, संजय गोप, रमेश जमाल सहित पार्टी की कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नुगा बेस्ट थेरेपी सेंटर का चौथा स्थापना दिवस मनाया गया

**गुमला।** शहर के पालकोट रोड स्थित ओमप्रकाश साहु के मकान में संचालित नुगा बेस्ट थेरेपी सेंटर का चौथा स्थपना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समाज सेवी योगेन्द्र प्रसाद साहु व शाखा प्रबंधक सोनू कुमार तथा ओमप्रकाश साहु ने सयुंक्त रुप से केक काटकर व दीप प्रज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया। शाखा प्रबंधक सोनू कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि नुगा बेस्ट थेरेपी सेटर गुमला वासियो को स्वस्थ रहने हेतु जागरुक करता है। लोगो को शरीरिक और मानसिक रुप से मजबूत बनाने का प्रयास करता है। नुगा बेस्ट थेरेपी अपनी सेवा लोगों को प्रदानकर रहा है। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक के द्वारा कई लोगो को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## दिव्यांग बच्चों का अभिभावक परामर्श का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए समावेशी शिक्षा अंतर्गत लोहरदगा प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों के दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तकनीकी सहायक, समावेशी शिक्षा, धीरज पटेल ने बताया कि इस तरह के परामर्श कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सफल प्रयास है। जिसमें अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में रिसोर्स शिक्षक, शीलवंती मिंज ने बताया कि सभी दिव्यांग बच्चे हमारी जिम्मेदारी है। जो शिक्षा से वंचित नहीं हो और उनका जुड़ाव शिक्षा से हो इसी क्रम में आज यह परामर्श का आयोजन किया गया है। ताकि इनको उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न सरकारी लाभों यथा सहायक उपकरण, पुस्तके आदि के माध्यम से मुख्यधारा से जुड़ सके। इसके लिए विभाग और सरकार द्वारा आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाए रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विभाग द्वारा दिव्यांग छात्रों को सीपी चेयर, व्हील चेयर, एम आर किट, रोलेटर, कैलिपर, फुट ऑर्थोटिक्स, कान की मशीन आदि उपलब्ध कराया जाता है। ताकि बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए इन्हें भी सामान्य बच्चों की तरह व्यवहार किया जाय। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू कुमारी, बीपीओ, धीरज पटेल, थेरेपिस्ट, शीलवंती मिंज, सीमा शर्मा, बीआरपी, त्रिसंध्या प्रजापति बीआरपी, श्यामा मिश्रा, बीआरपी आदि का सहयोग रहा। साथ ही दिव्यांग बच्चों के माता पिता और अभिभावक भी उपस्थित हुए।

### होली को लेकर शराब दुकानदारों की मनमानी, ग्राहकों से प्रिंट रेट से ज्यादा राशि लेने का मामला, ग्राहक परेशान

# ग्राहकों के शिकायत के बाद भी पदाधिकारी मौन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में इन दिनों होली को लेकर अंग्रेजी शराब दुकान में शराब पर प्रिंट रेट से अधिक राशि वसूली का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हम बात कर रहे है, शराब दुकान संख्या एक, दो और तीन की। युवक ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि जब भी दुकान में शराब लेने जाओ तो आये दिन शराब दुकानों में प्रिंट रेट से ज्यादा राशि की वसूली की जाती है। शराब की बोतलों पर अलग-अलग रेट से वसूली की जाती है। बिल मांगने पर बिल भी नहीं दिया जाता है। शहर के मेन रोड, चेकनाका, नवरंग चौक आदि स्थानों के शराब दुकानों में हर दिन दारू की बोतलों पर 10 रुपये से लेकर 40 रुपये तक अधिक राशि की वसूली की जाती है। दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र में तो देखने वाला तक कोई नहीं है,



मेन रोड स्थित शराब दुकान।

जो ग्राहक प्रिंट रेट पर शराब लेना चाहता है, उसको दुकान में शराब नहीं दी जाती है। आगे उन्होंने कहा कि यदि ग्राहक विरोध करते हैं तो दुकान के भेंडर यह कहकर वसूली करते हैं कि नीचे से ऊपर तक इसका हिसाब जाता है। ग्राहक द्वारा ज्यादा हो हंगामा होने पर विभाग कार्रवाई की बात बोलकर पल्ला झाड़ लेते है और फलाफल शून्य रहता है। इसकी वजह से हम ग्राहकों को ज्यादा पैसा देना पड़ता है। खरीददारों का कहना है कि संबंधित विभाग को शराब दुकानों के बाहर शराब ब्रांडों के नाम के साथ एमआरपी सूची लगवानी चाहिए, जिससे शराब के ब्लैक मार्केटिंग पर लगाम लग सके। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी को फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। ग्राहकों का कहना है कि इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक को कई बार फोन किया है लेकिन कभी भी फोन रिसिव नहीं करते है ऐसा लगता है जैस उन्हीं का संरक्षण में सारा काम हो रहा है।

### झामुमो की बैठक, पंचायत कमिटि का हुआ गठन



बैठक करते झामुमों कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड मुक्तिमोर्चा केन्द्रीय कमिटि के आदेश के आलोक में झामुमो जिला संयोजक मंडली प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार बुधवार को प्रखंड के डूमारो पंचायत अंतर्गत काली कुर्मी टोला में झामुमो की बैठक रामभजन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुयी, उक्त बैठक पंचायत में झामुमो पंचायत कमिटि गठन को लेकर आहूत की गयी थी, बैठक में बतौर पर्यवेक्षक हरि भगत की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पंचायत कमेटी गठन किया गया। जिसमे पंचायत अध्यक्ष केश्वर सिंह खरवार, सचिव मान किशोर टाना भगत, कोषाध्यक्ष शंकर टाना भगत, उपाध्यक्ष राजकिशोर गोप व सरिता देवी को बनाया गया। इसके अलावे संजय गोप, कार्तिक टाना भगत, उदय गोप, सुनीता देवी, रामेश्वर भोगता, दीपक गंझू, गणेश गंझू, मुकेश गंझू, राजेंद्र टाना भगत, शंकर गंझू, अमरेश टाना भगत राजू टाना भगत को बनाया गया है। अतिथियों ने नव निर्वाचित सभी पदधारियों को बधाई दिया व पार्टी के नीति व सिद्धांतो से अवगत कराया। मौके पर मुखदेव गोप समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लातेहार विधायक प्रकाश राम ने सदन में बंद पड़े सिकनी कोलियरी को खोलने की मांग उठायी

# विभागीय मंत्री ने कहा मार्च में हर हाल में होगा अवधि विस्तार

- विधायक के प्रयास के बाद कैबिनेट में भी मिली मंजूरी, जल्द चालू होगा कोलियरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा सत्र के दौरान जेएसएमडीसी के द्वारा संचालित एकमात्र सिकनी कोलियरी मामले में तारांकित प्रश्न पूछते हुए बंद पड़े कोलियरी को खोलने की मांग रखी। विधायक ने सदन में बताया कि सिकनी कोलियरी लातेहार जिला के लिए कितना महत्वपूर्ण है। सरकार को राजस्व देने के साथ-साथ करीब 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देने का कार्य करती है। पिछले 5 वर्षो के दौरान राज्य सरकार को 300 से लेकर 500 करोड़ जबकि जिला को करीब 25 करोड़ का राजस्व दिया है। विधायक प्रकाश राम के सवाल पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि इसी माह मार्च महीने में खनन पट्टा अवधि विस्तार कर दिया जायेगा। अवधि विस्तार को लेकर विधायक प्रकश राम ने प्रयास कर केबिनेट में भी इस प्रस्ताव को पास करा दिया है।

#### लोगों को रोजगार मिले इसके लिए प्रयासरत हूं: प्रकाश राम



मांग उठाते विधायक प्रकाश राम।

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए मैं हमेशा से प्रयासरत रहा हूं। आने वाले समय में भी अन्य कंपनियों और विभाग के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ने का काम करूंगा। लातेहार जिला सदियों से पलायन का दंश झेल रहा है, पलायन रोकने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बता दे कि सिकनी कोलियरी को जिले का आर्थिक रीढ़ माना जाता है, लेकिन विगत कई वर्षों से इसके सुचारू रूप संचालन नहीं हो पाने के कारण इस कोलियरी से जुड़े सैकड़ों मजदूरों, ट्रक ओनर, ड्राइवर, खलासी, डीओ, होल्डर्स परेशान है। सिकनी कोलियरी मजदूरी यूनियन के लोग बताते हैं कि कोलियरी में कार्य का सही रूप से संचालन नहीं हो पाने के कारण कई मजदूर काम के अभाव में पलायन कर गए हैं या फिर पलायन को मजबूर है, अगर प्रबंधन सरकार इस ओर जल्द ध्यान नहीं देती है तो जिले में रोजगार की परेशानी और बढ़ेगी, इधर विधायक के द्वारा समस्या को सदन में उठाए जाने पर मजदूरों ने विधायक प्रकाश राम को साधुवाद भी दिया है।

### साफ-सफाई को लेकर होटल संघ ने की बैठक

**लातेहार।** लातेहार जिले के नेतरहाट में मंगलवार को पंचायत भवन नेतरहाट में मुखिया राम विष्णु नगेसिया के अध्यक्षता में सभी होटल के संचालक एवं होटल संघ के साथ बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से नेतरहाट में साफ सफाई को लेकर बैठक की गई सभी होटलों के संचालक से अपने-अपने क्षेत्र एवं अगल बगल में सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाने को कहा गया। होटल संघ के अध्यक्ष सर्वेश प्रसाद उर्फ बिट्टू ने कहा कि नेतरहाट की स्वच्छता में होटल संघ का महत्वपूर्ण योगदान शुरू से ही रहा है और निरंतर रहेगा इस बैठक में मुख्य रूप से होटल झुमर रिसोर्ट, लेक व्यु रिसोर्ट, नेचरहट रिसोर्ट, होटल रॉयल रेसिडेंसी, मंगोलिया पैलेस, होटल पलास, होटल रवि एण्ड शशि, होटल प्रकाश, होटल, वैली व्यू, हिल क्वीन, इको माउंटेन रिजॉर्ट, इ टी सी इत्यादि के होटल मालिक मौजूद रहे। साथ ही इस अच्छे कार्य के लिए होटल संघ ने मुखिया रामविशुन नगेसिया को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# लातेहार डीसी व एसपी ने विधि व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को विधि व्यवस्था एवं संधारण को लेकर जिला स्तरीय बैठक लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी को आने वाले दिनों में सभी पर्व त्योहार को शांतिपूर्वक सफल बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश में यह बैठक आयोजित की गई है। आने वाले 20-25 दिनों में कई पर्व त्योहार है। विधि व्यवस्था एवं संधारण बनाए रखने के लिए सभी पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने लातेहार जिला वासियों को होली, ईद, सरहुल एवं रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला वासी सभी पर्व त्यौहार में सहयोग करें ताकि हम लोग शांतिपूर्वक सभी त्यौहार को सफल कर सके। वहीं लातेहार एसपी कुमार गौरव ने कहा



कि आज की समीक्षा बैठक में पहले जो निर्देश दिया गया था उसकी समीक्षा की गई व निर्देश दिया गया कि होली पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था भंग ना हो। सभी की सुरक्षा बनी रहे इस पर विशेष निर्देश दिया गया है। साथ ही पूर्व में निर्देश दिया गया था जिसमें अवैध शराब के खिलाफ छापामारी, एस ड्राइव के तहत छापामारी, अवैध शराब एवम अवैध पटाखा की दुकान के खिलाफ छापामारी की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि तीन-चार दिनों के अंदर सभी पर्व त्यौहार में लोगों को सुरक्षा सुरक्षित करना हम लोगों का दायित्व है। उन्होंने जिले वासियों को संदेश देते हुए कहा है कि सभी पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाये एवं किसी भी कीमत पर शांति भंग ना करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई शांति भंग करने का प्रयास करेगा तो उस पर लातेहार पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

इस मौके पर लातेहार एसडीएम अजय कुमार रजक, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, चंदवा सीओ जयशंकर पाठक,बालूमाथ सीओ विजय कुमार, बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव, हेरहंज बीडीओ प्रदीप कुमार दास, सीओ अमित कुमार, लातेहार थाना प्रभारी दुलार चौड़े, हेरहंज थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिह पवैया, चंदवा थाना प्रभारी रणधीर सिंह, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### तेली साहू समाज का होली मिलन समारोह संपन्न



समारोह में शामिल तेली समाज के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के जुबली चौक स्थित होटल कार्निवल में बुधवार को तेली साहू समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र प्रसाद साहू, त्रिवेणी साहू और करमचंद साहू शामिल हुए। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि समाज के लोगों में एकजुट होकर रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि होली रंगों का त्योहार है। ऐसे में सभी लोग गिला शिकवा खत्म करते हुए एक दूसरे को बधाई दें। त्रिवेणी साहू ने समाज के उत्थान के लिए एकता पर जोर दिया। करमचंद साहू ने कहा कि होली दोस्ती और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने समाज के निचले तबके के लोगों की मदद करने की बात कही। रामगढ़ भुरकुंडा के प्रदीप म्यूजिकल ग्रुप ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। झारखंड के प्रसिद्ध कलाकार कृष्ण बिहारी और अनुप्रिया ने शानदार प्रस्तुति दी। समारोह में धर्मेंद्र प्रसाद, बालदेव प्रसाद, बद्री प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, गोविंद प्रसाद, सुनील प्रसाद, गोपाल साव, श्याम बिहारी प्रसाद, कमलेश प्रसाद, महेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, पंकज गुप्ता, पंचम प्रसाद, लवकुश प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, रामदेव प्रसाद, पवन गुप्ता, यश गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दो मोटरसाइकिल के टक्कर में एक की मौत, एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बुधवार की देर शाम बालूमाथ थाना क्षेत्र के पचफेड़ी ग्राम के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बाइक सवार रोहित उरांव 18 वर्ष पिता संतोष उराँव ग्राम मारंगलोइया थाना बालूमाथ निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। वही दूसरा बाइक सवार संजय गंझू 20वर्ष पिता बिगन गंझू ग्राम झाबर थाना बालूमाथ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संतोष उरांव अपने घर से अपने ननीघर पचफेड़ी ग्राम जा रहा था वही दूसरा बाइक सवार युवक



घायल युवक।

हेरहंज से बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान पचफेड़ी ग्राम के समीप दोनों बाइक सवारों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा जांचोपरांत रोहित उरांव को मृत घोषित कर घोषित कर दिया। वही गंभीर से घायल युवक संजय गंझू को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस के अभाव होने के कारण घायल युवक को समाचार लिखे जाने तक रिम्स नही ले जाया जा सका था। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस पर संपर्क किया तो वहां से बताया गया कि लातेहार से एंबुलेंस भेजेंगे जबकि बालूमाथ अस्पताल परिसर में 108 एंबुलेंस खड़ा था। बावजूद उसने रांची जाने से इनकार कर दिया व कहा कि ऊपर से निर्देश नहीं मैं नही जाऊंगा। मिली जानकारी के अनुसार दोनों एक शराब के नशे में धुत थे ।और बिना हेलमेट लगाए हुए थे। जिस कारण यह घटना घटित हुआ।

# चंदवा: होली को लेकर डीसी और एसपी ने किया क्षेत्र का निरीक्षण, ली विधि व्यवस्था की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी होली त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने को लेकर बुधवार की देर शाम उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस कप्तान कुमार गौरव की अगुवाई में जिला स्तरीय प्रशासनिक टीम ने क्षेत्र में सघन दौरा व फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम तिलैयाटांड़, सुभाष चौक, मुख्य बाजार, इंदिरा गांधी चौक, नगर मंदिर समेत अन्य क्षेत्रों में गस्त कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस दौरान



निरीक्षण करते एसपी।

एसपी व डीसी ने आमलोगों को होली की शुभकामनाएं दी व सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने में सहयोग की भी अपील की। मौके पर एसडीओ अजय रजक, सीओ जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, बीडीओ चंदन प्रसाद समेत सदल बल के जवान व अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल एक रिम्स रेफर



**बालूमाथ/बरियातू।** बालूमाथ चतरा मुख्यपथ एनएच 22 मुख्य पथ पर झिकिया नदी के समीप बुधवार की शाम मोटरसाइकिल से गिरकर कमलेश यादव 29 वर्ष पिता स्वर्गीय जागेश्वर यादव एवं नागेंद्र यादव 32 वर्ष पिता इंदरनाथ यादव दोनों ग्राम हाथडीह थाना बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। बरियातू पुलिस ने दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सक डॉ ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए नागेंद्र यादव को रिम्स रेफर कर दिया बताया जाता है कि दोनों एक मोटरसाइकिल में सवार होकर कुछ निजी कार्य से बगरा मोड गए हुए थे। एवं वापस अपने घर आने के दौरान झिकिया नदी के समीप असंतुलित होकर गिर गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल जगलदगा मंदिर के पुजारी का निधन, शोक

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जगलदगा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल महेंद्र गिरी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो जगलदगा निवासी महेंद्र गिरी पिता गोविंद गिरी उम्र 50 वर्ष शनिवार की संध्या मंदिर में पूजन कार्य सम्पन्न कर अपने घर की ओर सड़क किनारे होते जा रहे थे, इसी दौरान तेज गति से चली आ रही 407 ट्रक गाड़ी संख्या जेएच 01 सीडब्ल्यू 6958 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें चंदवा सीएससी लाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत रिम्स रांची में हो गई। वे अपने पीछे तीन पुत्र छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे जगलदगा मंदिर के पुजारी थे। वे धर्मपरायण व्यक्ति थे व उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी। परिजनों ने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए प्रशासन से मदद की अपील की है। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में रामप्रवेश यादव, हरिनन्दन दुबे, अजय वैध, सुरेश गिरी, बबलू गिरी समेत कई लोग शामिल है।

### अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से पेड़ में मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल, रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर चितरपुर ग्राम के समीप एक मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार राकेश गंझू 40 वर्ष पिता लाल मोहन गंझू ग्राम कोमर थाना बालूमाथ निवासी मंगलवार की देर रात अपने घर से चंदवा की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था। इस दौरान चितरपुर ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर पेड़ को टक्कर मार दिया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में मोहन गंझू रात भर सड़क किनारे ही पड़ा रहा। सुबह ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो लोगों के सहयोग से घायल राकेश गंझू को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर महिला घायल



घायल महिला।

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर बरनी ग्राम के समीप बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जहरी देवी 40 वर्ष पति मंटू उरांव ग्राम बरछिया थाना बरियातू निवासी अपने पति के साथ घर से बालूमाथ आ रही थी जहां बालूमाथ आने के क्रम में बरनी ग्राम के समीप ठोकर में बाइक का असंतुलित हो जाने के कारण पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ किया

# आध्यात्मिक कथाओं से मानव का नैतिक उत्थान होता है: चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा अहीरी चौक में आयोजित 24 कुंडीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को भी दिनभर आध्यात्मिक कार्यक्रम होते रहे। श्रद्धालु ने ब्रह्म मुहूर्त में ही स्नान-ध्यान कर प्रातः जागरण, ध्यान, जप व प्रज्ञा योगासन किये। इस दौरान गायत्री महामंत्र से यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा सुबह होते ही अन्य श्रद्धालु भी यज्ञ मंडप पर पहुंचने लगे। जिससे यज्ञशाला में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 8 बजे से लेकर 12 बजे दिन तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने 24 कुंडीय हवन कुंड में विशेष





आहुतियां दी. पूरा वातावरण हवन से सुगंधित हो उठा। वहीं अन्नप्राशन, पुण्यसंग, मुंडन, यज्ञोपवीत, विद्याआरम्भ संस्कार भी कराये गऐ। शांति कुंज हरिद्वार



से आये प्रतिनिधियो ने इस दौरान विभिन्न संस्कार कराये हवन के बाद श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। शांतिकुंज, हरिद्वार से आयी टोली ने शाम को श्रोताओं को संगीतमय प्रज्ञा पुराण व कथा सुनायी। प्रवचन के दौरान शांतिकुंज की केन्द्रीय टोली प्रमुख गणेश चंन्द्रवंशी ने यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अनुष्ठान से व्यक्ति में सात्विक भावना जागृत होती है। लोग स्वार्थ से हटकर परोपकार की सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा पुराण कथा में अठ्ठारह पुराणों का सार है. धार्मिक, नैतिक और आध्यात्मिक कथाओं से मानव का नैतिक उत्थान होता है। इसमें परिवार निर्माण, नारी जागरण व सशक्तिकरण और वसुधैव कुटुंबकम का पाठ पढ़ाया जाता है। शांतिकुंज की केन्द्रीय टोली प्रमुख गणेश चन्द्रवंशी के साथ सहायक कार्तिक मंडावी, युग संगीत गायक श्रीराम मराठी, युग वादक जनक राम ठाकुर, स्वार्थी श्याम पटेल मुख्य चंदवा गायत्री शक्तिपीठ से जुली देवी, सविता साहु, सरस्वती देवी, सुनिता देवी, अनिता देवी, सारिका देवी, रंजीत कुमार, आलोक चौरसिया, यदु प्रजापति, प्रभात गुप्ता, रतनलाल अग्रवाल, अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञामंडल बालूमाथ से संतोष कुमार सिन्हा,कृष्णाकांत गुप्ता, ईश्वर लाल,प्रेम कुमार शर्मा, महानंद कुशवाहा, रंजीत यादव, चंद्र मोहन यादव, संदीप गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद, सुनील राणा, रविंद्र ठाकुर, बलकेश यादव, जितेंद्र प्रसाद, अखिल विश्व गायत्री शाखा लातेहार दिलेश्वर यादव, रुप से मौजूद थे। वही गायत्री परिवार के कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि यह यज्ञ 10 मार्च से 13 मार्च तक चलेगा।

### राखी कुमारी की गई सम्मानित



झारखंड वैश्य समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें रांची रोड निवासी मोहनलाल साहू की पुत्री राखी कुमारी को भी सम्मानित किया गया। राखी कुमारी को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद तथा समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने शॉल ओढ़ा कर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। बताया जाता है कि राखी कुमारी ने फिजिक्स में मास्टर डिग्री हासिल की, इस उपलब्धि पर वैश्य व साहू समाज समेत पूरे रामगढ़ जिले में के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### रामगढ़ पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

**रामगढ़।** शांतिपूर्ण होली संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ थाना पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च, फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस अधिकारी व कर्मी वाहनों के जरिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने की अपील, सौहार्द बिगाड़ने और सोशल मीडिया पर किसी भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई।

# बीजीएच के डॉक्टरों ने बिखरे चेहरे को जोड़कर रचा मेडिकल चमत्कार, मौत को दी पटखनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीजीएच के डॉक्टरों ने-एक ऐसा मामला जहां इंसान के बचने की कोई उम्मीद नहीं थी वहां चमत्कार कर दिखाया। आपातकालीन कक्ष में तलवार के भीषण वार से तीन टुकड़ों में कट चुके चेहरे, गर्दन और सिर पर गहरे घाव, उखड़ रही सांसें और खून से लथपथ एक युवक को गंभीर हालत में लाया गया। डॉक्टरों ने बिना एक पल गंवाए रेसुसिटेशन शुरू किया। डॉक्टरों की टीम डॉ अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डटी रही। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया जहां डॉ सतीश के मार्गदर्शन में जनरल सर्जन डॉ अखिलेश और उनकी टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर खून बहना रोका। इस दौरान मरीज की नाक और मुंह से सांस लेना असंभव हो चुका था इसलिए डॉ बृजेश के नेतृत्व में ईएनटी टीम ने ट्रेकियोस्टोमी (गले में सांस लेने का वैकल्पिक मार्ग) बनाकर उसे सांस दी। मरीज की हालत में सुधार होते ही प्लास्टिक सर्जरी टीम ने सबसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को अंजाम दिया। डॉ अनिंदा मंडल के नेतृत्व में डॉ अभिषेक खलखो डॉ पुष्पा रंजन और डॉ तेजस्वी गुप्ता की टीम ने 7 घंटे तक ऑपरेशन कर चेहरे की टूटी हड्डियों नाक होंठ और गाल को फिर से जोड़ने का कमाल कर दिखाया। इस दौरान डॉ अभिजीत दाम डॉ राजेश राज और उनकी एनेस्थीसिया टीम ने पूरी सर्जरी में मरीज को स्थिर बनाए रखा। यह अद्भुत सफलता डॉ मंडल के निगरानी में बीजीएच के डॉक्टरों की टीम वर्क समर्पण और उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल का नतीजा है। सीएमओ डॉ अनिंदो मंडल का कहना है कि इस चमत्कारी सफलता के पीछे सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही नहीं, बल्कि सेल के अधिकारियों को आईआईएम कोझीकोड में दी गई ट्रेनिंग भी एक बड़ा कारण बनी। राज महथा, जो अस्पताल पहुंचते वक्त मौत के दरवाजे पर खड़ा था- वह आज नई जिंदगी की ओर बढ़ रहा है। डॉ अनिंदो के निगरानी में डॉक्टरों की मेहनत रंग लाई। राज ने कहा, डॉक्टरों ने मुझे नया जीवन दिया है मैं उनका शुक्रगुजार हूं।

# शराब सेवन व अवैध धंधेबाजों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : सीओ प्रवीण कुमार

» होली व उर्स त्योहार को हिंदू और मुस्लिम एकता व भाईचारे के बीच पर्व को मनाने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना परिसर में होली व उर्स को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रवीण कुमार व संचालन शकूर अंसारी ने किया। बैठक में प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी दे बीडीओ नम्रता जोशी थाना प्रभारी भजनलाल महतो जिप सदस्य अमरदीप महाराज प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान सीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि शराब का सेवन करने वालों व शराब का अवैध धंधा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी । होली व उर्स त्योहार को हिन्दू-मुस्लिम एकता व भाईचारे के बीच पर्व को मनाने की अपील की गई। त्योहार में विद्वेष फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने शांति समिति के सदस्यों से आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ रंगोत्सव मनाने की अपील की। होली व रमजान को देखते हुए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। साथ ही रंगों के इस पावन त्यौहार में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। सभी समुदाय के लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में उत्सव मनाने की अपील की गई। मौके पर मुखिया राजेन्द्र महतो अमरलाल महतो विजय जायसवाल चन्द्र शेखर नायक हारू रजवार चन्द्र शेखर हेम्ब्रम पंसस इन्द्रजीत पांडेय विनोद कुमार महतो नागेन्द्र नायक रवि कुमार पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष यदुनंदन जायसवाल शेर ए आलम धनलाल किरदार भुवनेश्वर महतो सोहेल अंसारी छोगालाल सिंह शेखावत अंसारी बानेश्वर महतो सनातन महतो इरफान अंसारी मुन्ना अंसारी प्रताप सिंह परमेश्वर नायक भोला स्वर्णकार दिनेश महतो मोबिन अंसारी हसन अंसारी मिथलेश जायसवाल अखिलेश मरांडी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुमका : विधायक बसंत सोरेन समेत अन्य ने मिलन समारोह में जमकर खेली होली

दुमका। उपराजधानी दुमका में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला इकाई की होली मिलन समारोह बुधवार को आयोजित हुई। दुमका क्लब में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक बसंत सोरेन समेत अन्य विधायाकों ने जमकर होली खेली। इस अवसर पर सारठ विधायक चुन्ना सिंह ने रंग बरसे भिंगे चुनर वाली, गाना पर खूब लोगों की तालयिं बटोरी। इस अवसर पर जामा विधायक डॉ लुईस मरांडी ने स्थानीय विधायक बसंत सोरेन का गुनगान करते हुए होली की शुभकानाएं दुमका व जामा के लोगों को दिया। इस अवसर पर होली के गीतों का फरवाईसें पुरा करते हुए विधायक चुन्ना सिंह दिखे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने लोंगो को होली व रमजान की शुभकानाएं दी। इस अवसर पर शिकरीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन, जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की, नगर अध्यक्ष रवि यादव आदि मौजूद थे।

### केबी कॉलेज बेरमो में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 को लेकर बैठक



बेरमो। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजन कमिटी की बैठक प्राचार्य चैंबर में पूर्वाह्न 12 बजे से रखी गई थी। स्क्रीनिंग कमिटी, वेन्यू मैनेजमेंट कमिटी, ऑडियो विजुअल कमिटी, रजिस्ट्रेशन एंड सर्टिफिकेट कमिटी, प्रोग्राम कमिटी, ट्रांसपोर्ट कमिटी, एकोमोडेशन कमिटी, फूड एंड रिफ्रेशमेंट कमिटी, वेलकम एंड कल्चरल कमिटी, डायस मैनेजमेंट कमिटी, हॉल मैनेजमेंट कमिटी, प्रोसिडिंग सह रिपोर्टिंग कमिटी, फाइनेंस कमिटी, मेडिकल एड कमिटी आदि बनाई गई। सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों को सफल आयोजन की जवाबदेही दी गई। जिला स्तरीय दो दिवसीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 की संभावित तिथि 20 और 21 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा प्रभाकर कुमार, डा साजन भारती, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, डा व्यास कुमार, प्रो विपुल कुमार पांडे, डा सुशांत बैरा, डा अरुण रंजन, डा विश्वनाथ प्रसाद, प्रो पी पी कुशवाहा, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, रवि कुमार यादविन्दु, मो साजिद, दीपक कुमार राय, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव, काजल, करिश्मा, रमेश टुडू, सूरज बेसरा, विनोद केवट, शिवराज शिवेंदु, आबिद जहां, आदि कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

### पीजी वनस्पति विभागाध्यक्ष बने डॉ एसएल बोंडया

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर बॉटनी विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष के रूप में डॉ सुतानु लाल बोंडया को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर दिया है। विदित हो कि स्नातकोत्तर बॉटनी विभागाध्यक्ष के तत्कालीन विभागध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिन्हा को विवि का वित्त पदाधिकारी बनाये जाने के कारण विभागध्यक्ष का पद रिक्त था। डॉ बोंडया को अगले आदेश तक के लिए विभागध्यक्ष का प्रभार दिया गया है। बात दे डॉ बोंडया पहले भी विभागध्यक्ष के साथ विवि में कई महत्वपूर्ण पद का पद निर्वाहन कर चुके है। बुधवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की हैंडबॉल टीम को पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए कीट विश्वविद्यालय, ओडिशा के लिए रवाना हो गया। उक्त टूर्नामेंट 16 से 18 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। टीम के साथ मिर्जा खान को टीम मैनेजर और कोच अमित आनंद के रूप में भेजा गया है। विवि के वित्त सलाहकार बृज नंद ठाकुर, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, खेल निदेशक डॉ सुजीत कुमार सोरेन, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार नसिन्हा, खेल समिति के सदस्य डॉ संतोष कुमार सील, ओएस डी लीगल डॉ राजीव रंजन और डॉ बिजॉय कुमार ने संयुक्त रूप से टीम को शुभकामनाएं देकर विदा किया। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन और खेल भावना के साथ विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

### शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिवंगत शिक्षक के परिजनों को मिली मदद



बोकारो। झारखण्ड +2 शिक्षक संघ जिला इकाई बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं जिला सचिव डॉ अवनीश कुमार झा के नेतृत्व में राजबल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय साण्डी रामगढ़ के दिवंगत पीजीटी शिक्षक मो सलमान के परिजनों से रामगढ़ स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और शोक की घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को संगठन के तरफ से आर्थिक सहायता भी प्रदान की एवं आगे भी परिवार को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष राजदेव साहू संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं प्रांतीय गुणात्मक शिक्षा समिति सदस्य धनंजय कुमार भी शामिल थे। शिक्षक संघ के तरफ से शोकाकुल परिवार को तकलीफ की घड़ी में सहयोग करने का झारखण्ड +2 शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर तकनीकी सचिव मृत्युंजय कुमार प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य मिथिलेश कुमार हरिशंकर देव रविन्द्र कुमार गिरिडीह के जिला सचिव ऋषि कांत सिन्हा जिला इकाई बोकारो के संरक्षक डॉ अजय कुमार पाठक उपाध्यक्ष लालचंद रजक संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा उप संगठन मंत्री मुकेश कुमार यादव प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि उजमा सुल्ताना विद्यालय प्रतिनिधि कृपा शंकर महतो बृजेश कुमार त्रिपाठी अशोक कुमार रजवार राजीव रंजन तिवारी अमर कुमार महतो सदस्य बेलालुद्दीन अंसारी कपिल देव ठाकुर सीमा ठाकुर प्रशांत कुमार आदि ने स्वागत किया है।

### असनापानी उउमवि मे सीएसआर मद से बच्चों के बीच बांटा गया खेलकूद कीट



बेरमो/कथारा। गोमिया विधानसभा के सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत असनापानी स्थित उर्दू उत्क्रमित मध्य विधालय में बुधवार को एक सादे समारोह का आयोजन कर स्कूली बच्चों के बीच सीसीएल सीएसआर मद से दर्जनों खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। बताता चलूं की सीसीएल का हर इकाई अपने अपने पोषक क्षेत्र में सीएसआर मद से सालों भर विकास कार्य को अंजाम देता रहता है मगर ऐसे में क्षेत्र की बुद्धिजीवियों की सलाह होती है कि अमुक जगह इस चीज की अति आवश्यकता है फिर सीसीएल अपने विकास मद उस कमी को पुरा करती है। इसी तरह असनापानी के झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता सह श्रमिक संगठन के क्षेत्रीय सचिव शमशूल हक सीसीएल कथारा मुख्य महाप्रबंधक से मिल इस बात को रखा की पास के असनापानी गांव में एक उर्दू उत्क्रमित मध्य विधालय स्थित है जहां पढ़ने वाले बच्चों के पास खेल कूद सामग्री का घोर अभाव है। इस बात को संज्ञान में लेते हुए सीसीएल कथारा जीएम तथा सीएसआर अधिकारी चंदन कुमार के पहल से आज स्कूल में खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे विधालय के शिक्षक हफिजुल अंसारी, रिजवान अंसारी, बबलू मास्टर तथा शिक्षिका सविता कुमारी के अलावे स्कूल के बच्चे व बच्चियां उपस्थित थे। दुसरी तरफ बच्चों के बीच खेलकूद सामग्री वितरण के बच्चों मे काफी उत्साह देखने को मिला।

### एसएसकेएमयू में वनस्पति विज्ञान कार्यशाला संपन्न

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचानए नामांकन और हर्बेरियम बनाने के तकनीकी तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी। दूसरे दिन डॉ श्याम बिस्वा और उनके सहयोगियों ने हर्बेरियम तैयार करने के तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान देते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें सूखे पौधों के नमूनों को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। इसके बाद डॉ गोपाल कृष्णा ने वनस्पति नामकरण के सिद्धांतोंए अर्थ और नियमों की विस्तृत व्याख्या की।

## स्पीड न्यूज

### नि:शुल्क विद्यालय में होली मिलन समारोह



**बोकारो।** बिरसा मुंडा नि :शुल्क विद्यालय सेक्टर 12ए में होली मिलन समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी कुमार अमरदीप ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। यह जीवन में खुशियों के रंग बिखेरता है। लोग आपस में मिलजुल कर होली का त्योहार मनाएं आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा दिलाएं। इस दौरान स्कूल के छात्रों को रंग गुलाल बिस्कुट टॉफी वितरण किया गया। एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। मौके पर स्कूल के संस्थापक परशुराम राम ममता सिंह गुड्डी देवी बबीता कुमारी उषा कुमारी विजय कुमार प्रेम सिंह वेद रामजी राम सीआर दास भूषण आदि उपस्थित रहे।

### दुमका : एसकेएमयू के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेद्र को मिला सेवा विस्तार

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेन्द्र यादव को राजभवन की ओर से छह माह का सेवा विस्तार दिया गया है। इस संबंध में राजभवन ने विश्वविद्यालय को 7 मार्च को एक पत्र भेज दिया था। उक्त पत्र के आलोक में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने बुधवार को डॉ यादव का सेवा विस्तार सम्बन्धित अधिसूचना जारी कर दी है। राजभवन से प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव को एक मार्च से अधिकतम छह माह तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। आपको बता दें कि डॉ यादव राजनीति विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफसर हैं। पिछले एक साल से डीएसडब्ल्यू के पद पर कार्यरत हैं। डॉ यादव विश्वविद्यालय में कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान के डीन, राजनीतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### पावर हाउस से बैटरी सहित नगदी लूटा



**बेरमो।** डुमरी के प्रतापपुर पावर सब स्टेशन में 12-13 की संख्या में आए अपराधियों ने धावा बोलकर पावर हाउस में लगे दर्जनों बैटरी 8 हजार नगदी सहित कर्मचारियों के अंगूठी और बाइक को लूट कर भागने में सफल रहे। घटना निमियाघाट थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि पावर हाउस में काम कर रहे कर्मचारी जब शौच के लिए बाहर निकले तभी घात लगाए अपराधियों ने अंदर घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और लूट की घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तपती इसमें ड्यूटी हुई है।

# बोकारो : चुराई गयी 45 बाइक बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो शहर और आसपास के क्षेत्रों से बढ़ रही बाइक चोरी को रोकने एवं बाइक चोरों को पकड़ने के लिए एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम बनाई। इस टीम ने सूचना, तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर जिले के कथारा तेनुघाट गोमिया व पेटरवार थाना क्षेत्र से 45 चोरी की बाइक बरामद की। गिरफ्तार चोरों में गोमिया के साड़म बाजार निवासी मो परवेज और कथारा के झिरकी निवासी मो मासूम अंसारी शामिल हैं। इनमें से दर्जनों बाइक सेकेंड हैंड दाम पर बेच दी व कई बाइकों को विभिन्न जगहों पर छिपाकर रखे हैं। इनमें अधिकांश बाइक का उपयोग चोरी के कोयला ढुलाई और अन्य गैरकानूनी कार्यों में किए जा रहे थे। बरामद बाइक में हीरो पैशन प्रो के-4 बजाज पल्सर-दो हीरो स्पलेंडर-26 हीरो सीडी डीलक्स-एक बजाज डिस्कवर-तीन होंडा सीबीजेड-एक होंडा साइन-दो हीरो होंडा ग्लैमर-एक और चार स्कूटी शामिल हैं। अधिकांश बाइक का चेचिस नंबर मिटा दिया गया है। इससे पुलिस को चोरी गई बाइक के साथ मिलान करने में परेशानी हो रही है। एसपी मनोज स्वगीर्यारी ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क करें। अतिरिक्त लॉक लगाएं और सीसीटीवी कैमरों के दायरे में खड़ी करें। एसपी ने बताया कि वह विशेषकर वैसी जगहों से बाइक चोरी करते थे जहां बाइक स्टैंड व पार्किंग होते हैं लेकिन उनकी निगरानी नहीं होती है।

एसपी ने बताया कि इस गिरोह के पांच अन्य अपराधियों को चिन्हित किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। छापेमारी में सिटी थाना सेक्टर-4 सेक्टर-12 सेक्टर-6 गोमिया कथारा ओपी हरला थाना आदि की पुलिस लगी हुई थी।

# बीएसएल निदेशक प्रभारी ने कर्मियों को दिया दीर्घकालीन सेवा सम्मान




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पात कर्मियों को मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक-प्रभारी बीके तिवारी ईडी संकार्य सीआर महापात्रा ईडी वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा सीएमओ एवं प्रभारी बीजीएच डॉ बीबी करुणामय कई सीजीएम अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में सीजीएम मानव संसाधन हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। निदेशक प्रभारी तिवारी ने पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनकी निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आह्वान किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनाधिशासियों को दीर्घकालीन सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए। कार्यक्रम का संचालन एजीएम कार्मिक डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया। जीएम प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बोकारो : होटल संचालक ने दो ड्राइवरों पर किया जानलेवा हमला, तोड़ा हाथ




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलापुर एनएच 23 पर दो ड्राइवरों पर होटल संचालकों ने मामूली सी बात पर रड से जानलेवा हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसमार थाना क्षेत्र के रांगामाटी निवासी ड्राइवर कार्तिक महतो व उमाशंकर महतो अपने हाईवा से बोकारो थर्मल से छाई लेकर पेटरवार में छाई अनलोडिंग करके तांतरी जाने के क्रम में कमलापुर एनएच 23 के समीप स्थित भावना फ्यूल पेट्रोल पंप के सामने खाना खाने के लिए रुके। हाईवा साइड करने के दौरान बोर्ड पर टकरा गई। इससे आक्रोशित बगल में स्थित सन एण्ड फन वाटर फॉल के संचालक विजय नायक उर्फ बबलू नायक, मिथलेश नायक व छोटु नायक सहित मौजूद अन्य लोगों ने ड्राइवरों पर रड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे दोनो ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो का हाथ भी तोड़ दिया। इसके बाद एक अन्य ड्राइवर विजय रजवार को तीन घंटो तक बंधक बनाकर मारपीट की। घायल ड्राइवरों ने बताया कि जब वाटर फॉल का बोर्ड हाइवा से क्षतिग्रस्त हुआ तो ड्राईवरों ने बातचीत करते हुए उसकी भरपाई की बात कही। लेकिन संचालकों ने मारपीट करते हुए रड से वार कर दिया।

इसके बाद ड्राइवरों के पास ड्राइवर संघ का कुल 25 हजार की राशि एवं उमाशंकर महतो के पर्स में रखे 10 हजार रुपये तथा कार्तिक महतो घटना का विडियो बनाने के क्रम में एक एंड्रॉइड मोबाइल व हेडफोन की छिनतई कर ली। शाम को होटल संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। घायलों का ड्राइवर संघ के साथियों ने कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया।

# 24 साल बाद घर लौटा बेटा, मां-भाई के छलके खुशी के आंसू, डेगागढ़ा के लेढ़वाकेंद में होली में दोहरी खुशी



महाराष्ट्रा में इस हालत में मिला धर्मेंद



बाल कटवाने के बाद रेलवे अधिकारी के साथ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट स्थित पोखरिया पंचायत के डेगागढ़ा-लेढ़वाकेंद में 24 सालों बाद एक बेटा अपने मां-भाई से मिला। 24 सालों बाद अपने बेटे को देखकर मां, भाई-बहन सहित अन्य परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं था। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उनका बेटा उनके सामने खड़ा है। यह पूरा मामला 2001 का है। जब एक गांव डेगागढ़ा-लेढ़वाकेंद के निवासी धर्मेंद्र सिंह अपनी घर की माली हालत देखकर काम करने महाराष्ट्रा चला गया और उसकी मानसिक हालत बिगड़ गयी और अपने साथ गए साथियों से भटक गया। धर्मेंद्र सिंह के भटकने के बाद महाराष्ट्रा में उनके साथियों ने कई महीनों तक ढूंढते रहें, लेकिन वह नहीं मिला। थकहार कर उनके साथियों ने ढूंढना बंद कर दिया और उसके घर में सूचना दे दिए। बेटे की लापता होने की सूचना के बाद माता व भाई-बहन परेशान हो गए। कई वर्षों तक वह बेटे की तलाश करते रहे। बेटे की तलाश में उन्होंने मन्दिरों पर मत्था टेका। साधू, सन्तों के अलावा पंडितों और तान्त्रिकों के यहां भी फरियाद लगाई, लेकिन फिर भी उन्हें उनका बेटा नहीं मिला। महाराष्ट्रा में 24 साल तक इधर-उधर भटकते रहा। मांगने पर जो मिलता वह खाकर सड़क किनारे फुटपाथ में सो जाता था। संयोगवश 23 फरवरी को राजस्थान के रहने वाले रमेशचंद मीणा (आईआरएएस) की नजर धर्मेंद्र सिंह पर पड़ी। उस समय उसके बदन पर कपड़ा था देखने से ऐसा प्रतीत होता था कि वर्षों से ही पहना पड़ा है। मीणा ने सबसे धर्मेंद्र को नहलाया, खूद वें बाल काटे और नये कपड़े पहनाए। उसके बाद धर्मेंद्र ने घर जाने के लिए उन्हें कहा। उस समय वह अपना नाम और जिला बोकारो ही जानता था। मीणा के देखरेख में रहने के बाद उसने अपने गांव का नाम डेगागढ़ा बताया। उसके बाद मीणा ने बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी और पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी अनिल लिंड़ा से संर्पक किया। उसके बाद थाना प्रभारी ने अपने परिवार से बिछड़े धर्मेंद्र के परिजनों को डेगागढ़ा-लेढ़वाकेंद गांव में जाकर खूद मिले।

# सीसीएल सीकेएस ढ़ोरी ने होली मिलन समारोह का आयोजन, एक दूसरे को रंग लगाकर दीं बधाईयां



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल सीकेएस ढ़ोरी ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने किया। पूर्व सांसद ने लोगों को रंग लगाकर होली की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व सासंद को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान जमकर रंग गुलाल उड़ाए गए। होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक दल के टीमों को बुलाया गया था। जहां होली के गीत व संगीत से पूरा माहौल होलियाना रहा। होली मिलन समारोह में आए कार्यकर्ताओं के लिए लजीज व्यंजन की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवीन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारगी का संदेश देने वाला त्यौहार है।

इस त्यौहार में लोग अपने पुराने सभी गिले शिकवे दूर कर गले मिलते हैं। जेसीसी सदस्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए शांति व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। भाजपा नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, अरूण कुमार सिंह, आर उनेश व दिनेश सिंह ने रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष कुलदीप व संचालन एरिया सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर दिनेश पांडेय, भाई प्रमोद सिंह, कैलाश ठाकुर, संत सिंह, रामलाल गोस्वामी, बिरेन्द्र गुप्ता, ललन मल्लाह आदि उपस्थित थे।

# तेनुघाट पंचायत सचिवालय में मुखिया संध का होली मिलन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट पंचायत सचिवालय में पेटरवार प्रखंड के मुखिया संघ ने होली मिलन का आयोजन किया। जिसमें पेटरवार प्रखंड में स्थित 23 पंचायत के मुखिया अपने सहयोगियों के साथ होली मिलन समारोह में शामिल हुए। साथ ही पेटरवार बीडीओ संतोष कुमार महतो, सीओ संतोष पासवान, महेश महती, पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा और तेनुघाट थाना प्रभारी अजीत कुमार सहित कई लोग होली मिलन में शामिल हुए। तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने तेनुघाट पंचायत मे 15 मार्च को होली मानाने के लेकर लोगो से अपील की है और अपने क्षेत्र में लोगो को सूचना दी। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष रानी मूर्मू ने सभी पंचायत के मुखिया से अपील की सभी अपने पंचायत में होली के दिन हुर्दगियों पर नजर बनाये रखे। वहीं इस मौके पर मुखिया सचिव अरविन्द मूर्मू, सावित्री देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, अजीत पांडे, संजय शर्मा, संतोष श्रीवास्तव सहित कई लोग समारोह में मौजूद थे।

मीरवाइज की एएसी पर प्रतिबंध लगाने के बारे में

# केंद्र ने कोई जानकारी साझा नहीं की : उमर अब्दुल्ला



एजेंसी

**गुलमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र ने उनकी सरकार के साथ ऐसी कोई खुफिया जानकारी साझा नहीं की है जिसके आधार पर मीरवाइज उमर फारूक की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) पर प्रतिबंध लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि वह इस तरह के फैसलों के पक्ष में नहीं हैं। केंद्र ने मंगलवार को कश्मीर के प्रभावशाली मौलवी मीरवाइज उमर फारूक की अध्यक्षता वाली अवामी एक्शन कमेटी और शिया नेता मसरूर अब्बास अंसारी की अगुआई वाली आईएम पर उनकी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों, आतंकवाद का समर्थन करने और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था। उमर अब्दुल्ला ने गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के पांचवें संस्करण के समापन के बाद संवाददाताओं से कहा कि मुझे प्रतिबंध का आधार नहीं पता। यह (जम्मू-कश्मीर में) निर्वाचित सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और जिस खुफिया जानकारी के आधार पर यह प्रतिबंध लगाया गया है वह हमारे साथ साझा नहीं की गई है। हालांकि अब्दुल्ला ने कहा कि सिद्धांत रूप में हम इस तरह के फैसलों के पक्ष में कभी नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब से मीरवाइज को नजरबंदी से रिहा किया गया है मैंने उनसे कोई आपत्तिजनक बयान नहीं देखा है लेकिन हमें प्रतिबंध के पीछे के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन हम देखेंगे कि भविष्य में इस बारे में क्या करना है।

मॉरीशस संसद का नया भवन बनाने में भारत करेगा सहयोग : मोदी

# मदर ऑफ डेमोक्रेसी की ओर से मॉरीशस को यह भेंट होगी



मॉरीशस में पवित्र गंगा तालाब का दर्शन कर मोदी भावविभोर हो गये। मोदी ने कहा, इसकी पावन जलधारा के किनारे दोनों देशों के बीच के आध्यात्मिक संबंधों को आसानी से महसूस किया जा सकता है। यह सीमाओं से परे है और हमारी कई पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़ता है।

**भारत में मॉरीशस के 500 सिविल सर्वेंट को ट्रेनिंग दी जायेगी**

**हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं**

एजेंसी

**पोर्ट लुइस।** मॉरीशस में संसद की नयी बिल्डिंग बनाने में करेगा सहयोग। पीएम मोदी ने कहा- मदर ऑफ डेमोक्रेसी (भारत) की ओर से यह मॉरीशस को भेंट होगी। पीएम मोदी ने बुधवार को यह ऐलान किया। प्रेस मीट कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, भारत-मॉरीशस का संबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है, हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं। प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है, रक्षा हो या शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्पेस हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दस वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं।

**लोकल करेंसी पर आपसी व्यापार :** पीएम मोदी ने कहा, ग्लोबल साउथ हो या हिंद महासागर या अफ्रीका भू-भाग, मॉरीशस हमारा महत्वपूर्ण साझेदार है। दस वर्ष पहले, विजन सागर यानि क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास की आधारशिला यहीं मॉरीशस में रखी गयी थी। पीएम मोदी ने कहा, अगले पांच वर्षों में भारत में मॉरीशस के 500 सिविल सर्वेंट को ट्रेनिंग दी जायेगी। हमारे बीच लोकल करेंसी में आपसी व्यापार का सेटलमेंट करने पर भी सहमति बनी है। पीएम मोदी ने मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि मुझे दोबारा मॉरीशस के नेशनल डे पर आने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम जी और मॉरीशस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी 11-12 मार्च तक मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। बुधवार को ही उन्हें पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना है। पीएम मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुइस में अपने मॉरीशस समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और भारत-मॉरीशस के बीच विशेष बंधन को बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशने पर विचार-विमर्श किया।

## पीएम मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन से सम्मानित किया। पीएम मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। इसी कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति और उनकी पत्नी मीना को ओवरसीज सिटिजन आफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड प्रदान किया था। यह कार्ड भारत में आवाजाही की वीजा सुविधा प्रदान करता है और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को दिया जाता है।

एक नजर में

## केंद्र सरकार ने बाहुबल की नीति अपनायी है लेकिन अब उसे नरमी दिखानी चाहिए : महबूबा



**श्रीनगर।** गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) और अवामी एक्शन कमेटी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने बाहुबल की नीति अपनाई है लेकिन अब उसे नरमी दिखानी चाहिए। पीडीपी प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा कि यह अच्छी बात नहीं है मुझे समझ में नहीं आता कि एक तरफ भारत सरकार उमर फारूक (मीरवाइज उमर फारूक) की संवेदनशीलता को समझती है जिसके चलते उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है, वहीं दूसरी तरफ उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वे अपनी बाहुबल की नीति कब तक जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि ऐसा नहीं होना चाहिए और अब उन्हें नरमी दिखानी चाहिए इससे पहले मंगलवार को गृह मंत्रालय (एमएचए) ने घोषणा की कि उसने जम्मू-कश्मीर इत्तिहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) और जम्मू-कश्मीर स्थित अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) को गैरकानूनी संगठन घोषित किया है और उन पर तत्काल पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

## राशन कार्ड से बैंक खाता जोड़ने पर पश्चिम बंगाल सरकार को ऐतराज नहीं

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राशन कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। हालांकि, इस फैसले से राशन डीलर और किसान संगठनों में चिंता बढ़ गई है। उनका मानना है कि इस कदम से राशन प्रणाली को धीरे-धीरे खत्म कर सीधे बैंक खातों में नकद सब्सिडी ट्रांसफर करने का रास्ता खुल सकता है। यह प्रस्ताव 28 फरवरी को केंद्रीय खाद्य सचिव और राज्य के खाद्य सचिवों के बीच हुई बैठक में रखा गया था। केंद्र ने सुझाव दिया कि अब राशन कार्ड को सीधे बैंक खातों से जोड़ा जाए। इसे लेकर सवाल उठने लगे कि क्या भविष्य में अनाज वितरण बंद कर दिया जाएगा और उसकी जगह नगद भुगतान शुरू होगा? बंगाल सरकार ने इसका विरोध नहीं किया, बल्कि सुझाव दिया कि राशन कार्ड धारकों के बैंक खाते की जानकारी आधार से प्राप्त की जा सकती है, क्योंकि आधार पहले ही राशन कार्ड से जुड़ा हुआ है। पहले से ही राशन कार्ड को आधार से जोड़ा जा चुका है और बैंक खातों को भी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के माध्यम से आधार से जोड़ा गया है। पश्चिम बंगाल खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को भेजे पत्र में सुझाव दिया कि बैंक खातों की जानकारी अलग से लेने के बजाय एनपीसीआई से ही प्राप्त की जा सकती है। राज्य सरकार के इस रुख से हालांकि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के वित्तीय एकीकरण को बल मिलता है, लेकिन इससे कई पक्षों में असंतोष भी उभर रहा है। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन को आशंका है कि यह योजना राशन वितरण को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में उठाया गया कदम हो सकता है। संगठन के महासचिव विश्वंभर बसु ने कहा, ₹ऐसा लग रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले कुछ शीर्ष सरकारी अधिकारी राज्य सरकार को अंधेरे में रखकर केंद्र के इशारे पर खाद्य साथी योजना को बंद करने की साजिश रच रहे हैं। इससे सिर्फ राशन योजना ही नहीं, बल्कि किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदने की नीति भी प्रभावित हो सकती है।

## ममता बनर्जी का शुभेंदु अधिकारी पर बिना नाम लिए हमला, विधानसभा में हंगामा



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार को जबरदस्त हंगामा हुआ, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर बिना नाम लिए तीखा हमला बोला। यह विवाद सरकार द्वारा अधिकारी की हालिया टिप्पणी के खिलाफ लाए गए निंदा प्रस्ताव को लेकर हुआ। हालांकि शुभेंदु उस समय विधानसभा में मौजूद नहीं थे, क्योंकि उन्हें निलंबित किया जा चुका है। इस दौरान वह भाजपा विधायकों के साथ बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। विधानसभा में बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि वे अध्यक्ष बनने के लिए यह सब कर रहे हैं! क्या अध्यक्ष बनने के लिए लड़ना पड़ता है? जो योग्य होगा, वही अध्यक्ष बनेगा। ममता का यह बयान भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चल रही चचाओं की ओर इशारा माना जा रहा है। भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है, और पश्चिम बंगाल में भी नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शुभेंदु अधिकारी का नाम संभावित उम्मीदवारों में शामिल है और उन्होंने इस संबंध में कई बार दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात भी की है। लेकिन भाजपा में ह्यएक व्यक्ति, एक पद की नीति लागू है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि अगर शुभेंदु को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है, तो क्या उन्हें विपक्ष के नेता पद से हटना पड़ेगा। शुभेंदु का ममता पर पलटवार ममता के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यह तृणमूल नहीं, भाजपा है, जहां अध्यक्ष का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होता है। भाजपा में कोई व्यक्ति दो पदों पर नहीं रहता। अगर किसी को नया पद दिया जाता है तो शीर्ष नेतृत्व पहले उससे चर्चा करता है।

बिहार विधानसभा चुनाव को ले भाजपा एक्शन मोड में

# भाजपा ने 'फुलप्रूफ प्लान' तैयार की



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी बिहार विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरे एक्शन मोड में आ गयी है। बिहार दिवस के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलायेगी। देखा जाये तो भाजपा बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से एक्शन मोड पर नजर आ रही है। पार्टी चुनाव से पहले बिहारी अस्मिता और गर्व को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा बिहार दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम चलायेगी। 22 मार्च को पूरे देश में बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

**बिहार दिवस के जरिये देशव्यापी जनसंपर्क अभियान**

**मोदी ने तय कर दिया एजेंडा :** एक तरफ पीएम मोदी ने अपने मॉरीशस दौरे में भी बिहार और राज्य की संस्कृति की बात उठा कर चुनाव से पहले एक संदेश दे दिया है। साथ ही पीएम ने बिहार का मखाना गिफ्ट देकर बिहार चुनाव के एजेंडे तय कर दिये हैं। कहा जा सकता है कि भाजपा ने पीएम मोदी के मॉरीशस के विशेष दौरे से एक तीर से दो निशाना साधा है।

**शह के साथ मंथन :** जानकारी के मुताबिक, बिहार को लेकर पार्टी अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ बातचीत में जुट गयी है। इसी क्रम में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

इस बैठक में बिहार में एनडीए की चुनावी रणनीति पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने बैठक में कहा कि इसी महीने मार्च में वे दो दिन के दौरे पर बिहार जायेगा। उस दौरान वे भाजपा और एनडीए के नेताओं के साथ भी चुनावी तैयारियों पर चर्चा करेंगे। बिहार के चुनाव को लेकर भाजपा मैराथन बैठक कर रही है।

**जीत के मिशन में जुटी भाजपा :** बिहार चुनाव जीतने के लिए भाजपा अपनी सहयोगियों के साथ मिशन बिहार में जुट गयी है। इसकी शुरूआत भाजपा बिहार अस्मिता और संस्कृति से संबंधित कार्यक्रमों को लेकर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहारी अस्मिता के बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। करेगी. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम और तरुण चुग भाजपा की स्थानीय निकायों के साथ समन्वय करेंगे। ये कार्यक्रम भी बिहार चुनाव के कैंपेन का हिस्सा होगा। कार्यक्रम कुछ इस तरह से होंगे.

**बिहार दिवस :** भाजपा 22 से 30 मार्च तक बिहार दिवस पर अलग अलग कार्यक्रम चलायेगी। एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्नेह मिलन कार्यक्रम। 22 मार्च को समूचे देश में बिहार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बिहार में और बिहार से बाहर रहने वाले बिहारी प्रवासियों के बीच जाकर सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सहभोज का कार्यक्रम आयोजित करेगी। सहभोज में बिहारी व्यंजन रखे जाएंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिहार मूल के कलाकारों की भूमिका होगी। बिहार में एनडीए सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की जायेगी। प्रत्येक कार्यक्रम में कम से कम 1000 बिहार मूल के लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में

# दिल्ली टॉप पर, गुरुग्राम, नोएडा भी हॉटस्पाट के तौर पर उभरे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत में वायु प्रदूषण सबसे बड़ी पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में एक है। इस ज्वलंत मुद्दे पर ईटीवी भारत से बातचीत में टेरी स्कूल ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रोफेसर और क्लाइमेट एक्सपर्ट एसएन मिश्रा और अन्य विशेषज्ञों ने विस्तार से चर्चा की है। उनका मानना है कि, पिछल पांच सालों में, भारत लगातार दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार रहा है। उन्होंने बताया कि, दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा जैसे भारत के प्रमुख शहरों में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) का खतरनाक स्तर दर्ज किया गया है। हालांकि, उन्होंने माना कि, भारत में वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने की दिशा में काम हुए हैं लेकिन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम जैसी सरकारी पहलों के माध्यम से, भारत में वायु की गुणवत्ता वैश्विक स्वास्थ्य मानकों से अधिक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि, ऐसी स्थिति में लाखों लोगों का स्वास्थ्य गंभीर जोखिम में हैं। बिहार का बेगूसराय दुनिया भर में सबसे प्रदूषित महानगरीय क्षेत्र बन गया।



विशेषज्ञों ने चेताया : एक्सपर्टस ने वायु प्रदूषण को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि, पिछले पांच सालो में मामूली सुधार के बाद भी भारत का वायु प्रदूषण संकट चिंताजनक स्थिति में है। विशेषज्ञों ने इसका कारण समझाते हुए कहा कि, पिछले पांच सालों में भारत की वायु गुणवत्ता लगातार वैश्विक स्तर पर सबसे खराब रैंक पर रही है।

## विधानसभा में कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया जाएगा : विस अध्यक्ष



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने बुधवार को सदन को सूचित किया कि एक व्यावसायिक सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा क्योंकि कुछ भाजपा सदस्यों ने समिति के गठन न किए जाने को लेकर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के सदस्यों के साथ बहस की। भाजपा के शाम लाल शर्मा ने व्यावसायिक सलाहकार समिति के गठन न किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने व्यावसायिक सलाहकार समिति के गठन के बिना सदन के कामकाज पर सवाल उठाए और सदन से बाहर जाने की धमकी दी। इसके बाद उनके और शिक्षा मंत्री सकीना इटू के बीच बहस हुई जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के अन्य सदस्यों ने भी उनका साथ दिया। राथर की अनुपस्थिति में अध्यक्ष पद पर मौजूद एनसी सदस्य मुबारक गुल ने स्थिति को शांत किया और शर्मा को वापस बैठने के लिए राजी किया, उन्हें बताया कि सदन को जल्द ही नियमों के बारे में सूचित किया जाएगा। उन्होंने सदन से परामर्श करने के बाद सत्र को आधे घंटे के लिए बढ़ा दिया क्योंकि मंत्री इटू और जावेद अहमद डार सहित सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों ने कहा कि कई सदस्य रमजान के उपवास कर रहे हैं। राठेर अपनी कुर्सी पर वापस लौटे और कहा कि विधानसभा सचिवालय ने सत्र शुरू होने से पहले अनंतिम कैलेंडर जारी किया था और सदन को चलाने के लिए कार्य मंत्रणा समिति गठित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने कहा कि नियमों के अनुसार सत्र से पहले सदन के नेता के परामर्श से अनंतिम कैलेंडर तैयार किया गया था। कार्य मंत्रणा समिति का गठन तब किया जाता है जब सदन किसी बड़े मुद्दे का सामना करता है।

# हाइजैक ट्रेन से 155 यात्री बचाये गये

## 27 विद्रोही और कई पाकिस्तानी सैनिक मारे गये

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के बोलन जिले में बलूच लिबरेशन आर्मी (वीएलए) द्वारा जाफर एक्सप्रेस यात्रियों को हाइजैक करने के बाद सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। इसमें कम से कम 27 आतंकवादी मारे गये। 155 यात्रियों को बचा लिया गया। अभियान में कई पाकिस्तानी सैनिक भी मारे गये। यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों में बुधवार को प्राप्त हुई।

जियो न्यूज ने सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि नौ बोगियों में 400 से अधिक यात्रियों को लेकर यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी उस पर हमला हुआ। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि शेष बंधकों को बचाने के लिए सुरक्षा बल अभियान चला हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी, जिनमें से कुछ आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं, यात्रियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों ने कहा बंधकों के होने के कारण, सुरक्षा बल अत्यधिक सतर्कता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, एक मुक्त कराए गए यात्री ने हाइजैक ट्रेन से सुरक्षित निकाले जाने के लिए सुरक्षआ बलों का आभार व्यक्त किया और सेना और एफसी कर्मियों के सुरक्षा प्रयासों की सराहना की। इस बीच, रेलवे अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा से देश के अन्य हिस्सों में चलने वाली बोलन मेल और जाफर एक्सप्रेस को तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, बोलन में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले के बाद ट्रेन सेवाओं को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, रेलवे अधिकारियों ने कहा कि क्वेटा से चमन जाने वाली यात्री ट्रेन अभी तक नहीं चली है। इससे पहले, रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि जाफर एक्सप्रेस से 57 यात्रियों को बुधवार सुबह क्वेटा पहुंचाया गया, जबकि 23 अन्य यात्री मच्छ में ही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों के अभियान के बाद आतंकवादी छोटे-छोटे समूहों में बंट गये। उन्होंने बताया कि 17 घायल यात्रियों को तत्काल उपचार के लिए निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया गया। सूत्रों ने आगे खुलासा किया कि हमलावर अंतरराष्ट्रीय हैंडलरों, जिसमें अफगानिस्तान में एक मास्टरमाइंड शामिल है, के साथ संवाद करने के लिए उपग्रह फोन का उपयोग कर रहे हैं और महिलाओं और बच्चों को मानव ढाल के रूप में उपयोग कर रहे हैं, जिससे अभियान में अत्यधिक सावधानी बरती जा रही है। हमलावरों ने ट्रेन में घुसने से पहले रेलवे ट्रैक पर बमबारी की और लोकोमोटिव पर गोलियां चलाईं, जिससे चालक घायल हो गया। सुरंग से ठीक पहले रुकी ट्रेन को अफगानिस्तान-ईरान सीमा के पास एक दूरस्थ, पहाड़ी क्षेत्र में हाइजैक किया गया।

